CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 24°C

देहरादून, रविवार 20 जुलाई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 347 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में धर्मांतरण के रैकेट का भंडाफोड़ पेज 2



आंद्रे रसेल ने कहा इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा खेल टाइम्स



भारत-पाकिस्तान संघर्ष में पांच जेट गिरे: ट्रम्प पेज 11



सोनम ने बागी 4 की शूटिंग पूरी की बॉलीवुड

## परंपरागत धार्मिक रिवाजों में राज्य का हस्तक्षेप अनुचित: उच्च न्यायालय

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बहराइच के सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर सालाना लगने वाले उर्स, जिसे जेठ मेला भी कहा जाता है, के मामले में दिए आदेश में अहम टिप्पणी की है कि सामान्य परिस्थितियों में,वे सभी धार्मिक रिवाज जो लंबे समय से प्रचलित हैं, राज्य सरकार द्वारा छोटे-छोटे कारणों से रोकी नहीं जा सकते। विशेषकर तब जब कि ये प्रथाएं समाज में सांस्कृतिक सौहार्द को बढ़ावा देती हैं। अदालत ने कहा कि मामले में बीती 17 मई को पारित अंतरिम आदेश के तहत किए गए प्रबंधों के दौरान शांति और सौहार्द बना रहा, लिहाजा निर्धारित तिथियों में उर्स अथवा मेला के आयोजन को लेकर राज्य सरकार की सभी आशंकाएं भी निर्मूल सिद्ध हुई हैं। न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने यह आदेश वक्फ नंबर 19 दरगाह शरीफ, बहराइच व अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर दिया।

# चीन ने भी की पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा

## कहा: हम हर तरह के आतंकवाद के विरोधी, TRF व पाक का नाम लेने से किया परहेज

**बीजिंग, वार्ता**

**चीन ने** अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि चीन हर तरह के आतंकवाद का सख्त विरोध करता है और 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता है।

उन्होंने आगे कहा कि चीन सभी देशों से आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने और क्षेत्रीय शांति व स्थिरता बनाए रखने की अपील करता है। चीन का यह बयान अमेरिका के पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को 'विदेशी आतंकवादी संगठन' घोषित किए जाने के बाद आया है। चीन ने पहलगाम हमले की निंदा तो की है, लेकिन अमेरिका की तरह न तो टीआरएफ का नाम लेकर उसकी आलोचना की और न ही टीआरएफ को सीधे तौर पर आतंकी संगठन कहा। टीआरएफ पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन -शेष पृष्ठ दो पर



### पाक का दावा: आतंकी नेटवर्क ध्वस्त किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने आतंकी नेटवर्क को खत्म कर दिया है। पाक ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में हुए पहलगाम आतंकी हमले का संबंध लश्कर-ए-तैयबा से जोड़ना सही नहीं है, क्योंकि यह संगठन अब सक्रिय नहीं है। पाक का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका ने पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठन लश्कर की प्रॉक्सी विंग टीआरएफ को विदेशी आतंकी संगठन और वैश्विक आतंकी घोषित किया है। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान ने संबंधित आतंकी संगठनों को प्रभावी और व्यापक रूप से ध्वस्त कर दिया है। उनके नेताओं को गिरफ्तार किया गया है।

### टीआरएफ के पहलगाम हमले में शामिल होने का सबूत दिखाएं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने संसद में खुलकर टीआरएफ का बचाव किया। डार ने दावा किया कि पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र के बयान से टीआरएफ का नाम हटवाया। साथ ही उन्होंने टीआरएफ को गैरकानूनी मानने से भी इन्कार किया। पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार खुलकर टीआरएफ के बचाव में सामने आ गए। उन्होंने पाकिस्तान की संसद में भाषण देते हुए खुलेआम द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का बचाव किया। इशाक डार ने संसद में दावा किया कि पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पहलगाम हमले पर जारी बयान में टीआरएफ का नाम हटवाया।

# उत्तराखंड में एक लाख करोड़ के निवेश की सफल ग्राउंडिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रुद्रपुर( उधमसिंह नगर )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को उत्तराखंड के रुद्रपुर में आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव-2025 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के प्रयासों की जमकर सराहना की। दिसम्बर 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के बाद एक लाख करोड़ रुपये के निवेश की सफल ग्राउंडिंग का उत्सव मनाते हुए शाह ने कहा कि धामी सरकार पारदर्शिता, तीव्रता और दूरदर्शिता के साथ काम कर रही है। उन्होंने जोर दिया कि विकसित उत्तराखंड के बिना 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता।

गृह मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि देवभूमि उत्तराखंड ने पूरी दुनिया को आध्यात्मिक ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। उन्होंने दिसम्बर 2023 की ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का जिक्र करते हुए कहा कि तब मैंने



### औद्योगिक विकास की ऊंचाइयों को छू रहा उत्तराखंड: धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का स्वागत करते हुए कहा कि आज हम उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की सफलतापूर्वक ग्राउंडिंग का उत्सव मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज का उत्सव केवल आर्थिक निवेश नहीं, बल्कि उत्तराखंड की समृद्ध संभावनाओं, उद्यमिता की भावना और जन भागीदारी पर आधारित समावेशी विकास का प्रतिबिंब है, जो राज्य को आत्मनिर्भरता और औद्योगिक समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। आज 1342 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### पाक को आने वाले समय में चुकानी होगी भारी कीमत: एलजी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने सिंधु जल संधि के निलंबन का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान को इसका भारी खामियाजा भुगतना होगा। सिन्हा ने कहा कि भारत अब आतंकवाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा और हर हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। यह बयान उन्होंने जम्मू में आयोजित एक कार्यक्रम में दिया, जहां वरिष्ठ पत्रकार संत कुमार शर्मा की पुस्तक सिंधु जल संधि तथ्यों का प्रतिबिंब का विमोचन किया गया। इस मौके पर उपराज्यपाल ने पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि दी और आतंकवाद के खिलाफ सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। मनोज सिन्हा ने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद ने जम्मू-कश्मीर को लंबे समय तक नुकसान पहुंचाया है और अब समय आ गया है कि इस पर निर्णायक प्रहार किया जाए।

### यूपी में बकाया गृहकर वसूली अभियान 31 तक

**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में बकाया गृह कर वसूलने के लिए 15 जुलाई से शुरू किया विशेष अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिन मालिकों ने अभी तक अपना बकाया नहीं चुकाया है, उन्हें नोटिस और बिल भेजे जाएंगे। उत्तर प्रदेश के 17 प्रमुख नगर निगमों में 55 लाख से ज्यादा संपत्तियों को इसके दायरे में लाया जाएगा। कुल 762 शहरी स्थानीय निकायों के साथ, राजस्व का बड़ा हिस्सा इन्हीं 17 शहरों से आता है। अनुमान है कि शेष 199 नपा परिषदों और 545 नगर परिषदों के पास 30 से 35 लाख अतिरिक्त संपत्तियां हैं।

# अजीत हत्याकांड में धनंजय सिंह का नाम आया सामने

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में चार साल पहले हुए अजीत सिंह हत्याकांड के मामले में पूर्व बाहुबली सांसद धनंजय सिंह का नाम एक बार फिर सुर्खियों में है।

हत्या के मामले में शामिल मुख्य गवाह मोहर सिंह ने अदालत में सीधे तौर पर धनंजय का नाम लेते हुए कहा है कि अजीत की हत्या की साजिश में धनंजय भी शामिल थे। मोहर सिंह ने कोर्ट में शूटरों की पहचान करते हुए कहा कि अजीत सिंह की हत्या को पूर्व सांसद अजीत सिंह की भी भूमिका रही है। दरअसल अजीत की जब हत्या हुई थी, तब मोहर सिंह पर भी हमला हुआ था। उस समय जांच के दौरान एसटीएफ ने अजीत सिंह को क्लीन चिट दे दी थी। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरबंश नारायण ने गवाह मोहर सिंह से बचाव पक्ष के लिए 28 जुलाई की तारीख तय की है।

अदालत ने गवाह मोहर सिंह को सुरक्षा देने का आदेश भी दिया है। कोर्ट में मोहर सिंह ने अपने बयान में कहा है कि अजीत सिंह की हत्या की साजिश कुंटू, अखंड, प्रदीप धनंजय सिंह ने मिलकर रची थी। इसके लिए शूटर बुलवाए गए थे। गौरतलब है कि छह जनवरी 2021 की रात लखनऊ के विभूतिखंड में कठौता चौराहे के पास माफिया मुख्तार अंसारी के करीबी अजीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हमले में उसके करीबी मोहर सिंह को भी गोली लगी थी।

# वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ा



**वाराणसी।** गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी जारी है। शनिवार सुबह 8:00 बजे तक केंद्रीय जल आयोग के जारी आंकड़ों के मुताबिक गंगा का जलस्तर वार्निंग लेवल से सिर्फ 33 सेंटीमीटर दूर है। जलस्तर बढ़ोतरी की वजह से गंगा और तेजी से सड़कों पर आने के लिए उतावली दिखाई दे रही है।

# बूथ उतारेगा कुछ लोगों का भूतः अखिलेश यादव

## सपा मुखिया ने योगी के बयान की निंदा की

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ताजिया जुलूस को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कुछ लोगों का भूत 'बूथ' उतारेगा।

यादव ने शनिवार को एक्स पर लिखा- और कुछ नहीं कहना है। गौरतलब है कि वाराणसी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा था कि जौनपुर में मुहर्रम के दौरान एक घटना हुई। ताजिया को इतना ऊंचा किया कि हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गए। तीन लोगों की मृत्यु हो गई, जिसके बाद उपद्रव हुआ और रोड जाम कर दिया। पुलिस ने उनसे पूछा तो उन्होंने कहा लाठी मारो इनको। ये लातों के भूत हैं बातों से नहीं मानेंगे। इसका किसी ने सोशल मीडिया पर विरोध नहीं किया, लेकिन कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है।

# कांग्रेस सरकारें भ्रष्टाचार में शामिल रहीं



### भाजपा ने की भूपेश बघेल पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों का बचाव करने के लिए गांधी परिवार की तीखी आलोचना

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों का बचाव करने के लिए 'गांधी परिवार' की तीखी आलोचना करते हुए सवाल किया है कि भ्रष्टाचार के इस मामले में 'गांधी परिवार' का क्या हित छिपा है।

डा. द्विवेदी ने शनिवार को यहां मीडिया को संबोधित करते हुए मांग की कि इस मामले में गांधी परिवार का हित देश के सामने आना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की कई सरकारें प्रत्यक्ष रूप से भ्रष्टाचार में शामिल रही हैं और छत्तीसगढ़ में तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार में हुआ भ्रष्टाचार उसी शृंखला की एक कड़ी है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा धन शोधन मामले में राबर्ट वाड्रा का बचाव करने का उल्लेख करते कहा कि बहनोई के बचाव में मामला तो पारिवारिक है, लेकिन यह तो राजनीतिक मामला है, इसलिए बीजेपी जानना चाहती है कि छत्तीसगढ़ के इस भ्रष्टाचार के मामले में गांधी परिवार का क्या हित छिपा है।

### अडानी को छतीसगढ़ के जंगल सौंपने के विरोध की बघेल को सजा : प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार छत्तीसगढ़ के जंगल पीएम मोदी के नजदीकी उद्योगपति गौतम अडानी को सौंप रही है और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इसका जमकर विरोध कर रहे हैं, इसलिए उनके परिवार को इसकी सजा दी जा रही है। बघेल इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही उनकी आवाज दबाने की कोशिश करते हुए उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनका कहना था कि भाजपा इस तरह के हथकंडे अपनाती रहती है, लेकिन कांग्रेस के लोग इससे डरने वाले नहीं है।

## डीजीपी राजीव कृष्ण ने किया खुलासा, छह राज्यों से 10 पकड़े

# यूपी में धर्मांतरण रैकेट का भंडाफोड़

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की आगरा पुलिस ने अवैध धर्मांतरण के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए देश के छह राज्यों से दस लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि आगरा पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छह राज्यों से 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी छद्म नाम से गैर मुस्लिम युवतियों से दोस्ती कर उन्हें प्रेमजाल में फंसाते थे और बाद में उन्हें इस्लाम अपनाने पर मजबूर किया जाता था। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की शुरुआती जांच में इस गिरोह का संबंध पीएफआई, एसडीपीआई और पाकिस्तान के आतंकी संगठनों से होने के संकेत मिले हैं। इस घटना के संबंध में बंगाल, गोवा, उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में 11 टीमों को लगाया गया था जिन्होने आयशा (एसबी कृष्णा) गोवा, अली हसन (शेखर राय) कोलकाता, ओसामा-कोलकाता, रहमान कुरैशी-आगरा, अब्बू तालिब-खालापार, मुजफ्फरनगर, अबुर रहमान- देहरादून, मोहम्मद अली - जयपुर, राजस्थान, जुनैद कुरैशी-जयपुर, मुस्तफा (मनोज)-दिल्ली, मोहम्मद अली-जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि आगरा पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में उत्तर प्रदेश की विशेष एजेंसी एटीएस और एसटीएफ भी शामिल थी। अब इस मामले की आगे की जांच के लिए अन्य राज्यों की पुलिस तथा केंद्रीय जांच एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगरा जिले में पिछली मार्च में दो सगी बहनों जिनकी उम्र 33 वर्ष और 18 वर्ष की थी गुमशुदगी का मामला उनके परिवार में दर्ज कराया था।

### छांगुर के दो करीबी एटीएस के हत्थे चढ़े

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने शनिवार को अवैध धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के दो करीबियों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस महा. निदेशक कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि एटीएस ने छागुर गैंग के दो सदस्यों सबरोज उर्फ इमरान (42) और शहाबुद्दीन (36) को बलरामपुर जिले से गिरफ्तार किया। दोनो छांगुर के करीबी बताए जाते है, जो गरीब मजबूर लोगों को आर्थिक मदद का आश्वासन देकर उन्हे धर्म परिवर्तन के लिए उकसाते थे। गौरतलब है कि धर्मांतरण के आरोपी छांगुर और उसकी करीबी नसरीन से पूछताछ के बाद यूपी एटीएस 100 से अधिक लोगों को रडार पर लिया है।



सेंसेक्स 81757.73
निफ्टी 2496840



सोना रु. 98243
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 112700
प्रति किलो



# बाजरा किसानों को प्रोत्साहित करेगी सरकार

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार पौष्टिकता से भरपूर श्रीअन्न की प्रमुख फसल बाजरा के उत्पादन को लेकर किसानो का लगातार उत्साहवर्धन कर रही है। उत्तर प्रदेश में धान, गेहूं एवं मक्का के पश्चात लगभग 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बाजरा की खेती की जाती है।

बाजरा के दानो में भरपूर पौष्टिकता होती है। विशेष रूप से फाइबर, प्रोटीन, विटामिन बीकॉम्पलेक्स, कैल्शियम, फास्फोरस एवं मैगनीज तत्वों के साथ एन्टीआक्सीडेंट भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करती है। इससे बाजार में इसकी मांग है। बाजरा के प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ में औषधीय गुण भी पाए जाते हैं। बाजरा के उत्पाद मधुमेह के नियंत्रण, हृदय के स्वास्थ्य सुधार हेतु उपयुक्त, ग्लुटेन मात्रा कम पाए जाने के कारण पेट के रोगों से राहत दिलाने में सहयोग के साथ ही वर्तमान समय में मोटापा कम करने और वजन सुधार में भी लाभदायक है। इसके अतिरिक्त वैज्ञानिक शोध एवं तकनीकी विकास के कारण बाजरे के दानों से कई प्रकार की औषधियों का भी निर्माण किया जा रहा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार बाजरा की खेती अपेक्षाकृत कम वर्षा (400-500 मिमी0) में भी की जा सकती है। वर्तमान में लगभग प्रदेश के 29 जिलों में औसत से कम वर्षा पायी गयी है। जहां कम वर्षा के कारण धान की खेती नहीं की जा सकती, किसानों के लिए उन क्षेत्रों में बाजरा की फसल लेना लाभदायक सिद्ध होगा। बाजरा की फसल लगभग धान की असफल बुवाई की स्थिति में अगस्त माह के मध्य तक कर सकते हैं। फसल की अवधि अधिकतम 80-85 दिन होने के कारण 10 नवम्बर के पूर्व कटाई कर रबी की फसल की बुवाई समय से की जा सकती है। बाजरा की फसल से 25.30 कुन्तल प्रति हेक्टेयर उत्पादन मिल जाती है, तो दूसरी तरफ धान की अपेक्षा लागत कम होने एवं बाजरा का बाजार मूल्य अधिक होने के कारण प्रति इकाई किसानों को अपेक्षाकृत अधिक लाभ की संभावना हो सकती है। बाजरा की संकर प्रजाति 86एम84, बायो-8145, एन.बी. एच.- 5929 के साथ संकुल प्रजाति धनशक्ति की उत्पादन क्षमता 35.40 कुन्तल प्रति हेक्टेयर तक है। उत्तर प्रदेश में बहुत से क्षेत्रफल असमतल एवं वर्षा आधारित होने के कारण धान की खेती के लिए उपयुक्त नहीं होते हैं।



**पेट के रोगों को और मोटापा कम करने में सहायक है ये अन्न**

### इस हफ्ते 732 रुपए महंगा हुआ सोना

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी में तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सोना 97,511 रुपए पर था, जो अब 98,243 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी हफ्तेभर में इसकी कीमत 732 रुपए बढ़ी है। चांदी 11 जुलाई को 1,10,290 रुपए पर थी, जो अब 1,12,700 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह हफ्तेभर के कारोबार में इसकी कीमत 2,410 रुपए बढ़ी है। 14 जुलाई को चांदी ने 1,13,867 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इसके पहले सोने ने 8 जून को 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। सोने-चांदी के दाम में शुक्रवार को बढ़त देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 790 बढ़कर 98,243 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले इसका दाम 97,453 पर था। चांदी की कीमत 1,700 बढ़कर 1,12,700 प्रति किलोग्राम हो गई है।

# गेहूं महंगा, दालें सस्ती, अधिकतर खाद्य तेल मजबूत



**नई दिल्ली।** घरेलू जिंस बाजारों में शनिवार को गेहूं के भाव में तेजी रही। अधिकतर खाद्य तेल भी महंगे हुए। इसके विपरीत दालें सस्ती हुई। गुड़-चीनी में भी मंदी देखी गयी। घरेलू थोक बाजारों में ग्राहकों के आने से अनाजों में चावल की औसत कीमत 3,818 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही।

गेहूं करीब 22 रुपए के उछाल के साथ 2,834 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी 18 रुपए से ज्यादा महंगा हुआ और औसतन 3,286 रुपए पर रहा। अधिकतर खाद्य तेलों में तेजी रही। हालांकि मूंगफली तेल 225 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। सरसों तेल 95 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। सोया तेल भी 90 रुपए से ज्यादा चढ़ा। वनस्पति के दाम भी 33 रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा चढ़े। सूरजमुखी तेल में 17 रुपए की तेजी रही। पाम ऑयल भी लगभग 54 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मंदी का रुख रहा। दलहन बाजार में चना दाल करीब 17 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल करीब 108 रुपए सस्ती हुई। उड़द दाल 72 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई, जबकि मसूर दाल में 24 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक की नरमी रही। दाल मूंग भी सात रुपए से अधिक की तेजी दर्ज की गई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव 19 रुपए से ज्यादा टूट गए। चीनी एक रुपए प्रति क्विंटल से अधिक सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल-दलहन: दाल चना 7821.61, मसूर काली 8082.69, मूंग दाल 10149.11, उड़द दाल 10497.08, अरहर दाल 10955.81 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2834.01 रुपए और चावल 3818.17 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4267.95 और गुड़ 4887.23 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17002.13 रुपए, मूंगफली तेल 17567.66 रुपए, सूरजमुखी तेल 15253.86 रुपए, सोया रिफाइंड 13786.77 रुपए, पाम ऑयल 12230.82 रुपए और वनस्पति तेल 14507.19 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**चीन ने ....**

लश्कर-ए-तैयबा का सहयोगी संगठन है। इसने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। इसमें 26 नागरिकों की मौत हुई थी। हमले के कुछ ही देर बाद टीआरएफ ने घटना की जिम्मेदारी ली थी और बयान जारी कर कहा था कि भारत सरकार कश्मीर में मुस्लिमों को बहुसंख्यक से अल्पसंख्यक बना रही है। हालांकि, 26 अप्रैल को टीआरएफ इससे मुकर गया था। संगठन के प्रवक्ता अहमद खालिद ने कहा था कि पहलगाम हमले के लिए टीआरएफ को जिम्मेदार ठहराना गलत है। खालिद ने कहा कि उनकी वेबसाइट को हैक कर लिया गया था। टीआरएफ मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर में सक्रिय है। यह अक्सर ऐसे लोगों को भर्ती करता है, जो आम नागरिकों जैसे दिखते हैं, लेकिन गुप्त रूप से आतंकी गतिविधियों में शामिल होते हैं। इन्हें हाइब्रिड आतंकवादी कहा जाता है। भारत सरकार ने 5 जनवरी, 2023 को टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित किया था। जम्मू-कश्मीर के आतंकी संगठनों में 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) नया नाम है। 2019 में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाए जाने के बाद यह अस्तित्व में आया। भारत सरकार भी मानती है कि ये लश्कर-ए-तैयबा का प्रॉक्सी आतंकी संगठन है। ये आतंकी संगठन जवानों और आम नागरिकों की हत्या के अलावा सीमा पार से ड्रग्स और हथियार की तस्करी में शामिल रहा है। सुरक्षा मामलों के जानकार बताते हैं कि सीमा पार से आईएसआई हैंडलर्स ने ही लश्कर-ए-तैयबा की मदद से टीआरएफ को खड़ा किया। इससे पहले अमेरिका ने पहलगाम आतंकी हमले की आलोचना की थी और इसकी जिम्मेदारी लेने वाले संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) की लिस्ट में डाल दिया था। इस सूची में पहले से ही पाकिस्तान के कई आतंकी संगठन जैसे लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), जमात-उद-दावा (जेयूडी) और आतंकी सरगना हाफिज सईद व मसूद अजहर जैसे नाम शामिल हैं।

**उत्तराखंड में...** पुष्कर सिंह धामी से कहा था कि असल पराक्रम समिट में हुए तीन लाख 56 हजार करोड़ के एमओयू को धरातल पर उतारने का होगा। मुझे खुशी है कि धामी की टीम ने तमाम चुनौतियों के बावजूद आज एक लाख करोड़ का निवेश धरातल पर उतार दिया है। उन्होंने बताया कि इस निवेश से 81 हजार नए रोजगार सृजित हुए हैं, और सहायक उद्योगों के जरिए भी ढाई लाख से अधिक रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। शाह ने इस बात पर जोर दिया कि उत्तराखंड के दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में भी अब उद्योग लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करते हुए, नीति में पारदर्शिता, क्रियान्वयन में तीव्रता और विजन में दूरदर्शिता के साथ विकास का नया खाका खींचने में सफल रही है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा उत्तराखंड के गठन और केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद से लगातार चल रही डबल इंजन सरकार के लाभों का भी उल्लेख किया। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर से चौथे नंबर पर आ गई है और 2027 तक इसे दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 2047 तक विकसित भारत की कल्पना की है, लेकिन विकसित उत्तराखंड के बिना विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं है। शाह ने गरीबों के कल्याण और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में मोदी सरकार की उपलब्धियों का भी संक्षिप्त उल्लेख किया, जिसमें 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाना शामिल है। उन्होंने जोर दिया कि देश के समग्र विकास के लिए छोटे राज्यों और पूर्वोत्तर के राज्यों का विकास भी महत्वपूर्ण है, जिस पर केंद्र सरकार विशेष ध्यान दे रही है।

# आयातित पुर्जे जोड़कर निर्माण की जमीनी हकीकत बदलना जरूरीः राहुल




**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आयातित पुर्जे असेंबल करके टीवी, मोबाइल बनाने की नीति पर सवाल उठाते हुए शनिवार को कहा कि यह 'मेक इन इंडिया' नहीं है इसलिए निर्माण की इस हकीकत को बदलना जरूरी है।

गांधी ने कहा कि टीवी मोबाइल आदि के 80 फीसदी पुर्जे विदेश से आयात करके देश में असेंबल होते हैं। यह स्थिति बदलनी चाहिए और देश में ही इन सब वस्तुओं का निर्माण हो इसके लिए हालात में बदलाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि क्या आप जानते हैं कि भारत में बने ज्यादातर टीवी का 80 प्रतिशत हिस्सा चीन से आता है। 'मेक इन इंडिया' के नाम पर हम सिर्फ असेंबल कर रहे हैं-असली निर्माण नहीं। आईफोन से लेकर टीवी तक- पुर्जे विदेश से आते हैं, हम बस जोड़ते हैं। छोटे उद्यमी निर्माण करना चाहते हैं, लेकिन न नीति है, न सपोर्ट। उल्टा, भारी टैक्स और चुने हुए कॉरपोरेट्स का एकाधिकार - जिसने देश के उद्योग को जकड़ रखा है। जब तक भारत उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं बनता, रोज़गार, विकास और 'मेक इन इंडिया' की बातें सिर्फ भाषण रहेंगी। गांधी ने कहा कि इसके लिए देश में बदलाव जरूरी है। इस स्थिति में बदलाव आना जरूरी है।













वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## उत्तराखंड निवेश उत्सव – 2025 में धामी ने किया संबोधन






# औद्योगिक विकास की नीतियों से बना बेहतर माहौलः सीएम

## एक लाख करोड़ की ग्राउंडिंग, अमित शाह की तारीफ से मुख्यमंत्री धामी हुए उत्साहित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रुद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)।** उत्तराखंड निवेश उत्सव 2025 में संबोधन करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 2023 के अंतर्गत 3.56 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश समझौतों में से 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने में सफलता प्राप्त हुई है। आज उत्तराखंड निवेश, नवाचार और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के लिए देश में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किये जा रहे हैं। ''वोकल फॉर लोकल'', ''मेक इन इंडिया'', ''स्किल इंडिया'' और ''स्टार्टअप इंडिया'' जैसी पहलों के माध्यम से देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। राज्य में औद्योगिक नीति, लॉजिस्टिक नीति, स्टार्टअप नीति, एमएसएमई नीति सहित 30 से अधिक नीतियों को लागू कर राज्य में उद्योगों को बेहतर माहौल उपलब्ध कराया जा रहा है। स्टार्टअप के लिए 200 करोड़ रुपए के वेंचर फंड की स्थापना की गई है। राज्य में निवेश प्रोत्साहन के लिये ''निवेश मित्र'' की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। काशीपुर में अरोमा पार्क, सितारगंज में प्लास्टिक पार्क, काशीपुर में इलैक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर, पंतनगर में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना की है। करीब 13 सौ करोड़ रूपए की लागत से खुरपिया में स्थापित होने वाली इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी भी उत्तराखंड के औद्योगिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तराखंड को एचीवर्स तथा स्टार्टअप रैंकिंग में लीडर्स की श्रेणी प्राप्त हुई है। प्रदेश में 260 से अधिक व्यावसायिक सेवाओं में ऑनलाइन सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### 1342.84 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा कुल 1342.84 करोड़ रूपये की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जिसमें 1263.5 करोड़ के 16 योजनाओं का शिलान्यास और 79.34 करोड़ की 04 योजनाओं का लोकार्पण किया गया। गृहमंत्री शाह के साथ में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं अन्य मंत्री भी मौजूद रहे।।

### उत्तराखंड भारत माता का मुकुटः रामदेव

इस मौके पर पतंजलि समूह के संस्थापक बाबा रामदेव ने कहा कि उत्तराखंड राज्य भारत माता का मुकुट है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रकृति और पर्यावरण के साथ आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है। उत्तराखंड ने वेलनेस की स्वर्श्रेष्ठ नीति घोषित की है। राज्य सौर ऊर्जा, हाइड्रो पावर के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। बाबा रामदेव ने समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रशंसा की।

### ये गणमान्य रहे मौजूद

केन्द्रीय मंत्री अजय टम्टा, मुख्य सचिव आनंद वर्धन, उद्योगपति पवन अग्रवाल, सुनील राय, सांसद अजय भट्ट , पूर्व केन्द्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी, स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह, मंत्री सौरभ बहुगुणा, मंत्री सतपाल महाराज, मंत्री गणेश जोशी, विधायक शिव अरोरा, त्रिलोक सिंह चीमा, अरविन्द पाण्डेय, सरिता आर्य, बंशीधर भगत, मेयर विकास शर्मा, मेयर दीपक बाली, मेयर गजराज बिष्ट, डीजीपी दीपम सेठ, जिलाधिकारी नितिन भदौरिया, अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष फरजाना बेगम, अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष मुकेश कुमार, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, दर्जा राज्य मंत्री बलराज पासी, नवीन वर्मा, दिनेश आर्य, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, गुंजन सुखीजा, अमित नारंग, विवेकदीप सिंह, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, जेबी सिंह, हरीश मुंजाल, रमेश ढींगरा, रोहित गुम्बर, आशु गुम्बर,अमित नारंग, प्रभाकर सिंह, शिवम गुम्बर, शौर्य अरोर,हिमांशु, राजन, भारत भूषण चुघ, ललित मिगलानी आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।

## अमित शाह ने बंपर निवेश पर सीएम धामी की पीठ थपथपाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रुद्रपुर / देहरादून।** रुद्रपुर में आयोजित वर्ष 2023 में निवेशक सम्मेलन के समापन में मौजूद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम पुष्कर सिंह धामी से एक खास चर्चा की थी। यह चर्चा पराक्रम से संबंधित थी। तब गृह मंत्री ने कहा था-निवेश के एमओयू लाने में पराक्रम नहीं है। असल पराक्रम निवेश के प्रस्ताव को धरातल पर उतारने में है। करीब डेढ़ साल बाद निवेश उत्सव के मौके पर उत्तराखंड के इस पराक्रम को केंद्रीय गृह मंत्री ने खुले दिल से मान्यता दी। सीएम पुष्कर सिंह धामी को सुपर शाबासी दी। यह भी विश्वास दिला दिया कि उत्तराखंड के इस तरह के हर प्रयास में केंद्र की मोदी सरकार मजबूती से उसके साथ खड़ी है।

निवेश उत्साह में बतौर मुख्य अतिथि अमित शाह ने वर्ष 2023 के निवेशक सम्मेलन के समापन का खास तौर पर जिक्र किया। रूद्रपुर के कार्यक्रम में उपस्थित निवेशकों और लोगों को बताया कि किस तरह से उन्होंने पराक्रम दिखाने का सीएम से आह्वान किया था। शाह ने खुले दिल से स्वीकार किया कि निवेश प्रस्तावों को तीस फीसदी तक धरातल पर उतार देना सचमुच बहुत बड़ी उपलब्धि है।

सीएम पुष्कर सिंह धामी और उनकी सरकार के बेहतरीन प्रदर्शन को गृह मंत्री ने एक बार नहीं, बल्कि बार-बार सराहा। सीएम के नाम का खास तौर पर उल्लेख करते हुए उन्होंने कभी भाई कहा, तो कभी लोकप्रिय और यशस्वी मुख्यमंत्री बताया। उत्तराखंड की सराहना करते हुए शाह ने अपने गृह राज्य गुजरात की भी चर्चा की और पहाड़ में निवेश के संबंध में चुनौती को दिलचस्प ढंग से सामने रखा। उन्होंने उत्तराखंड में निवेश लायक

### गृह मंत्री शाह के शब्दों ने बढ़ाया विश्वास

मैं पूरे उत्तराखंड के प्रतिनिधि के रूप में पुष्कर सिंह धामी जी और उनकी टीम को बधाई और साधुवाद देना चाहता हूं, क्योंकि आज एक लाख करोड़ का निवेश जमीनी सच्चाई बन गया है।

पहाड़ी राज्यों में निवेश लाने में पहाड़ चढ़ने जितनी कठिनाई होती है, लेी. कन धामी जी ने सारी परिकल्पनाओं को तोड़ा है। आज उत्तराखंड में एक लाख करोड़ का इन्वेस्टमेंट आने के साथ ही 81 हजार से अधिक रोजगार का सृजन हुआ है।

ष्धामी जी ने औद्योगिक विकास और पर्यावरण के बीच में संतुलन भी स्थापित किया है। रोजगार को स्थायित्व देने का काम किया है। नीतियों में पारदर्शिता, क्रियान्वयन में तीव्रता और दृष्टि में दूरदर्शिता के साथ ही उत्तराखंड के समग्र विकास का खाका खींचा है।

# कांवड़ यात्रा मार्गों पर चला विशेष निरीक्षण अभियान

## कांवड़ियों को मिल रहा शुद्ध ,सुरक्षित भोजन और दवाइयांः जग्गी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कांवड़ यात्रा 2025 के सफल संचालन और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने को उत्तराखंड सरकार द्वारा किए गए ठोस प्रबंधों की यात्रा कर रहे कांवड़ियों ने खुलकर सराहना की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में यात्रा मार्गों पर खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा लगातार निगरानी और निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है, ताकि कांवड़ियों को सुरक्षित, शुद्ध और गुणवत्ता युक्त भोजन उपलब्ध कराया जा सके।

खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन श्री ताजबर सिंह जग्गी के नेतृत्व में एक विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। टीम ने ऋषिकेश, डोईवाला और अन्य कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित होटलों, रेस्टोरेंटों और ढाबों में जाकर व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य सामग्री की स्वच्छता, भंडारण की स्थिति, किचन की सफाई व्यवस्था एवं कार्यरत कर्मचारियों की स्वच्छता का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संदिग्ध खाद्य पदार्थों के सैंपल मौके पर भरे गए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। कई स्थानों पर फूड लाइसेंस न पाए जाने पर संबंधित व्यापारियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की गई।निरीक्षण में ताजबर सिंह जग्गी अपर आयुक्त, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन, गणेश कंडवाल ख्र उपायुक्त (खाद्य), गढ़वाल मंडल, सुधीर कुमार सहायक औषधि नियंत्रक, मानेंद्र सिंह राणा, विनोद जगुड़ी, निधि रतूड़ी ख्र औषधि निरीक्षक मनीष सयानाअभिहित अधिकारी, देहरादून आदि शामिल रहे।

## 15 औषधि विक्रय फर्मों का निरीक्षण

**देहरादून।** विभागीय टीम ने देहरादून जनपद के अंतर्गत ऋषिकेश एवं डोईवाला क्षेत्रों में औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक निरीक्षण एवं छापेमारी की। इस दौरान कुल 15 औषधि विक्रय फर्मों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं, जिनके आधार पर दो औषधि प्रतिष्ठानों को मौके पर बंद किया गया। इनमें से एक फर्म के विरुद्ध लाइसेंस निरस्तीकरण की संस्तुति भी की गई। शेष फर्मों को कड़ी चेतावनी देते हुए उन्हें अपने लाइसेंस की शर्तों का कठोरता से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपर आयुक्त जग्गी ने स्पष्ट किया कि औषधि एवं खाद्य सुरक्षा से संबंधित मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि भविष्य में कोई भी फर्म निर्धारित मानकों का उल्लंघन करती पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### अब दुकान पर ही दिख रहा है वैधता का प्रमाण

अधिकांश प्रतिष्ठानों में फूड लाइसेंस स्पष्ट रूप से दुकान के बाहर डिस्प्ले किए गए पाए गए, जिससे कांवड़ियों को भरोसेमंद स्थानों पर भोजन की सुविधा मिल रही है। अपर आयुक्त श्री ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि विभाग द्वारा पहले ही निर्देश जारी किए गए थे कि सभी खाद्य विक्रेताओं को अपना वैध फूड लाइसेंस प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करना अनिवार्य है, ताकि कोई भी उपभोक्ता खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और प्रतिष्ठान की वैधता को देखकर निर्णय ले सके।

### सरकार की व्यवस्थाओं पर जताया संतोष

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त एवं विभागीय टीम ने कई स्थानों पर भोजन कर रहे कांवड़ यात्रियों से सीधा संवाद भी किया, जिसमें यात्रियों ने सरकार और प्रशासन की तैयारियों की सराहना की। श्रद्धालुओं का कहना था कि इस बार यात्रा मार्ग पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं। खाने की गुणवत्ता अधिक बेहतर है और फूड लाइसेंस डिस्प्ले होने से उन्हें अब यह तय करने में आसानी हो रही है कि कहां भोजन करना सुरक्षित रहेगा।

## बंद किए गए औषधि प्रतिष्ठानों का विवरण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** माही मेडिकोज, दुर्गा चौक, जॉलीग्रांट, देहरादून, निरीक्षण के दौरान फार्मासिस्ट मौके पर उपस्थित नहीं था। औषधियों के भंडारण की स्थिति मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। सीसीटीवी कैमरों की अनुपस्थिति पाई गई। इन गंभीर कमियों के चलते प्रतिष्ठान को मौके पर ही बंद किया गया।

पनवार मेडिकोज, वीरभद्र रोड, निकट एम्स ऋषिकेश, देहरादून, फार्मासिस्ट मौके पर अनुपस्थित पाया गया। औषधियों का भंडारण असंतोषजनक स्थिति में था। फर्म का भौतिक क्षेत्रफल औषधि नियमावली के मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रतिष्ठान को बंद करते हुए लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की गई।

अपर आयुक्त जग्गी ने बताया कि यह छापेमारी अभियान कांवड़ यात्रा के दौरान आमजन को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण औषधियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाया गया है। विभाग द्वारा इस प्रकार की सतत निगरानी और औचक निरीक्षण की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### यात्रा मार्ग पर बनी विशेष निगरानी प्रणाली

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा यात्रा मार्ग पर विशेष मोबाइल टीमें भी तैनात की गई हैं, जो समय-समय पर निगरानी करती रहेंगी। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी स्थान पर भोजन की गुणवत्ता या स्वच्छता को लेकर कोई शिकायत मिलती है, तो उस पर तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि विभाग द्वारा यह जनहित कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी ताकि हर कांवड़ यात्री को स्वच्छ, शुद्ध और सुरक्षित भोजन की सुविधा उपलब्ध हो सके। शासन एवं विभाग का उद्देश्य है कि आस्था और स्वास्थ्य दोनों के साथ कोई समझौता न हो।

ईडी की कार्रवाई से गरमाई उत्तराखंड की सियासत

# हरक सिंह ने खोला सरकार के खिलाफ मोर्चा

- कांग्रेस के 198 नेताओं पर मुकदमे, सिर्फ 2 साबित
- भाजपा और ईडी पर लगाए गंभीर आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत ने ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक साजिश करार देते हुए भाजपा सरकार और ईडी पर जोरदार हमला बोला है। सहसपुर जमीन फर्जीवाड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से विशेष कोर्ट में शिकायत दर्ज कराने के अगले ही दिन हरक सिंह ने प्रेस वार्ता कर अपना पक्ष रखा। शनिवार को राजीव भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में हरक सिंह रावत ने कहा कि पिछले एक साल से उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने ईडी की जांच को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि सरकार के इशारे पर ईडी दिन को रात और रात को दिन बना रही है। उन्होंने कहा कि ईडी उनके खिलाफ बेबुनियाद चार्जशीट दाखिल कर रही है।

### विपक्ष को डराने का हथियार बन चुकी है ईडीः हरक

हरक सिंह ने कहा कि ईडी जैसी संस्थाएं अब सत्ता पक्ष के इशारे पर विपक्षी नेताओं को डराने का हथियार बन चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट भी इन संस्थाओं को कई बार फटकार लगा चुकी है। हरक सिंह ने कहा कि कांग्रेस के 198 सांसदों और नेताओं पर ईडी ने मुकदमे किए, लेकिन सिर्फ दो मामले ही साबित हो सके। उन्होंने सहसपुर जमीन मामले को 1960 से पहले की जमीन बताते हुए कहा कि यह पहले ही सरकार के अधीन आ चुकी थी । ईडी का आरोप है कि हरक सिंह रावत, उनकी पत्नी दीप्ति रावत और अन्य लोगों ने सहसपुर में फर्जीवाड़ा कर जमीनें बेहद कम कीमत पर खरीदीं। ये जमीनें अब दून इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस का हिस्सा हैं, जो पूर्णा देवी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचा. लित होती हैं। ट्रस्ट का नियंत्रण हरक सिंह रावत के परिवार और नजदीकी लोगों के पास है।

### जैनी प्रकरण का भी किया जिक्र

हरक सिंह रावत ने पुराने जैनी मामले को याद दिलाते हुए कहा कि तब भी उन्हें फंसाने की कोशिश हुई थी, लेकिन उन्हें क्लीन चिट मिली थी।

### राजनीति से संन्यास की चेतावनी

हरक सिंह ने साफ कहा कि यदि उनके खिलाफ लगे आरोप साबित हो जाते हैं तो वह राजनीति से हमेशा के लिए संन्यास ले लेंगे। उन्होंने कहा कि उनके पास सभी जमीनों के दस्तावेज सही और वैध हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि ईडी अधिकारियों के खिलाफ वह खुद मुकदमा दर्ज कराएंगे, क्योंकि जानबूझकर उन्हें फंसाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने चार्जशीट को पूरी तरह से फर्जी करार दिया।

# निवेश उत्सव राज्य की जीवंत तस्वीरः चौहान

## एक लाख करोड़ के निवेश से सृजित होंगे रोजगार के असीमित अवसर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में आयोजित निवेश उत्सव को विक. सित हो रहे उत्तराखंड की जीवंत तस्वीर बताते हुए कहा कि निश्चित तौर पर उत्तराखंड देश के सर्वश्रेष्ठ राज्य की दिशा मे अग्रसर हो रहा है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने पार्टी मुख्यालय मे प्रेस के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि निवेश उत्सव मे एक लाख करोड़ रुपए से अधिक के उद्योगों का जमीन पर उतरना रोजगार के हजारों अवसर सृजित करेगा। उन्होंने विपक्ष की आपत्तियों को



सिरे से खारिज करते हुए कहा कि जिन्होंने हमेशा राज्य के विकास को बाधित करने का काम किया है, उनके लिए उपलब्धि की प्रशंसा करना मुश्किल है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए भाजपा की सरकारें प्रतिबद्ध है। पूर्व पीएम अटल विहारी बाजपेयी ने उस समय पृथक राज्य की नींव रखी जब राज्य मे भाजपा की सरकार नही थे। उन्होंने दलीय राजनीति से ऊपर उठकर राज्य को विशेष औद्योगिक पैकेज दिया। जबकि केंद्रीय सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सरकार ने उसे वापस लेकर प्रदेश के विकास को बाधित करने का प्रयास किया। राज्य के विकास के प्रति प्रतिबद्धता पर आगे बढ़ते हुए मुख्यमंत्री से पुष्कर सिंह धामी ने पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सफल ग्लोबल इन्वेस्टर समिट आयोजित किया। उत्तराखंड जैसे आकार में छोटे और पर्वतीय राज्य के लिए इस समिट में साढे तीन लाख करोड़ एमओयू का होना किसी उपलब्धि से काम नहीं था। लेकिन मुख्यमंत्री धामी का फोकस उस पर एक कदम आगे बढ़ते हुए अधिक से अधिक निवेश अनुबंधों को धरातल पर उतरना था। जिसके लिए राज्य की भाजपा सरकार और तमाम संस्थाओं ने कड़ी मेहनत की और नतीजा आज एक लाख करोड़ से अधिक के निवेश का जमीन पर दिखाई देना है। उन्होंने कहा कि आज का निवेश उत्सव या ग्रांउड सेरिमनी मुख्यमंत्री धामी और उनकी पूरी सरकार द्वारा इस दिशा में किए प्रयासों पर सफलता की मुहर है। पर्वतीय राज्य की विषम परिस्थितियों के वावजूद राज्य में आए रिकॉर्ड निवेश को अमित शाह द्वारा अभूतपूर्व बताना, पीएम मोदी और केंद्रीय नेतृत्व का राज्य सरकार के प्रति विश्वास को दर्शाता है।

# फ्री हैंड के दावे पर कांग्रेस का पलटवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से भ्रष्टाचार के विरुद्ध विजिलेंस को श्फ्री हैंडश देने की घोषणा को महज एक दिखावटी प्रयास करार दिया है। दसौनी ने इसे जनता की आँखों में धूल झोंकने वाला बयान बताते हुए सरकार की कथनी और करनी पर गंभीर सवाल उठाए।

प्रेस को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता ने कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी पर लगे आय से अधिक संपत्ति के गंभीर आरोपों का हवाला दिया। उन्होंने कहा, ष्विजिलेंस ने स्वयं मुख्यमंत्री की



- जनता की आंखों में धूल झोंक रही भाजपा सरकारः गरिमा

कैबिनेट से इन आरोपों की जांच के लिए अनुमति मांगी थी, लेकिन सरकार ने आज तक कोई अनुमति नहीं दी। और तो और, कैबिनेट में कभी इस प्रकरण को चर्चा के लिए लाया ही नहीं गया। गरिमा ने मुख्यमंत्री पर सीधा निशाना साधते हुए कहा, ष्जब अपने मंत्री पर गंभीर आरोप हों और आप जांच की अनुमति तक न दें, तो आपके श्फ्री हैंडश के दावे पर कौन भरोसा करेगा? दसौनी ने भाजपा सरकार के कार्यकाल में सामने आए घोटालों की लंबी फेहरिस्त गिनाई, जिनमें उद्यान घोटाला (जिसमें ब्ठप् ने करोड़ों की बंदरबांट की पुष्टि की), सैन्य धाम घोटाला (धन के दुरुपयोग और अपारदर्शिता के गंभीर आरोप), हरिद्वार भूमि घोटाला, यूपीसीएल के जूनियर इंजीनियर द्वारा स्मार्ट मीटर घोटाला और जल निगम में पत्नी के नाम पर बनाई गई फर्जी कंपनियों से ठेके शामिल हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, ष्हर स्तर पर भ्रष्टाचार चरम पर है।

### कांवडिए ने छात्रा को मारी टक्कर

**रुद्रप्रयाग।** ऊखीमठ स्थित ग्राम डुंगर से अपने स्कूल प्राथमिक विद्यालय डुंगर जाते हुए 10 वर्षीय छात्रा को सड़क से तेज रफ्तार से गुजर रहे कांवडिए ने टक्कर मार दी, जिससे छात्रा घायल हो गई। घटना के बाद छात्रा को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ लाया गया, जहां से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि भर्ती कराया गया, जहां उसकी स्थिति सामान्य है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह सात बजे ऊखीमठ-चोपता-गोपेश्वर मोटर मार्ग पर डुंगर गांव की 10 वर्षीय दिया सड़क पार कर अपने विद्यालय प्रावि डुंगर जा रही थी कि इस बीच सामने से तेज रफ्तार से आए कांवडिए ने छात्रा को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई।

# भारी बारिश की चेतावनी, टिहरी प्रशासन सतर्क, विभाग हाई अलर्ट पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार 20 जुलाई से 22 जुलाई तक टिहरी जनपद सहित उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में भारी से अत्यंत भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। इसको लेकर तीन दिनों का अलग-अलग अलर्ट भी जारी किया गया है। 20 जुलाई को भारी से बहुत भारी वर्षा तथा अत्यंत तीव्र वर्षा के दौर की संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 21 जुलाई को कहीं-कहीं अत्यंत भारी वर्षा के साथ ही भारी से बहुत भारी वर्षा और अत्यंत तीव्र बारिश की संभावना जताते हुए रेड अलर्ट घोषित किया गया है। वहीं, 22 जुलाई को भी भारी से बहुत भारी वर्षा, आकाशीय बिजली की संभावना और तीव्र बारिश को लेकर पुनः ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

इस गंभीर मौसम पूर्वानुमान के मद्देनजर जिला कार्यालय टिहरी गढ़वाल के प्रभारी अधिकारी स्नेहिल कुंवर सिंह (आईएएस, पी) ने समस्त अधिकारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक मशीनरी को हर स्तर पर पूरी सतर्कता बरतनी होगी। सभी विभागों को सावधानी, सुरक्षा व्यवस्था एवं आपदा प्रबंधन को लेकर तत्पर रहने को कहा गया है। किसी भी प्रकार की आपदा या दुर्घटना की स्थिति में तुरंत स्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने, तथा सूचना को शीघ्र जिला आपदा प्रबंधन केंद्र को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

साथ ही सभी विभागीय नोडल अधिकारियों और आईआरएस प्रणाली के तहत नामित अधिकारियों

**■ 20 से 22 जुलाई तक टिहरी में भारी से अत्यंत भारी वर्षा की संभावना, अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश**

**टिहरी में मौसम विभाग का रेड और ऑरेंज अलर्ट, आपदा प्रबंधन को लेकर कड़े निर्देश जारी**



को हाई अलर्ट पर रहने, आपदा की स्थिति में मोटर मार्ग अवरुद्ध होने, विद्युत या जलापूर्ति सेवाएं बाधित होने की दशा में तत्काल प्रभाव से सेवाएं बहाल करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम पंचायतों और राजस्व उपनिरीक्षकों को अपने क्षेत्रों में मौजूद रहकर ग्रामीण प्रहरी एवं कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार समन्वय बनाए रखने, तथा संवेदनशील गांवों और स्थानों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया है। तहसील, पुलिस थाने, चौकियां और अग्निशमन केंद्रों को भी उपकरणों और वायरलेस के साथ हाई अलर्ट में रहने को कहा गया है।

प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को अपने मोबाइल फोन हर समय चालू रखने, आपात स्थिति में फंसे लोगों के लिए खाद्य और चिकित्सा सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा निजी स्तर पर बारिश से सुरक्षा के उपकरण जैसे बरसाती, छाता, टॉर्च, हेलमेट आदि वाहन में रखने की भी हिदायत दी गई है।छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूलों में अतिरिक्त सावधानी बरतने, भारी बारिश की चेतावनी के दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पर्यटकों के प्रवेश पर रोक लगाने, नदियों और नालों के जलस्तर की सतत निगरानी करने और खतरे की स्थिति बनने पर नदी किनारे के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।भूस्खलन की आशंका वाले मार्गों पर पहले से ही उपकरणों की व्यवस्था करने, जिला पंचायतीराज विभाग को पंचायत सचिवों के माध्यम से ग्राम सभाओं में चेतावनी प्रसारित कराने तथा नगर एवं कस्बों की नालियों व कलवों की सफाई कर जल निकासी सुचारू रखने के लिए भी निर्देश जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा इन तीन दिनों के दौरान किसी भी स्थिति से निपटने हेतु सभी स्तरों पर कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।

# अवैध शराब तस्कर गिरफ्त में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली** / थाना पुलिस ने थराली ने 14 पेटी अवैध शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर शराब ले जाने वाले वाहन को चीज कर दिया है .

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मध्य नजर रखते हुए चमोली पुलिस द्वारा जिले भर में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे चौकिंग अभियान के तहत थराली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

थराली थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि ग्राम उंग बैंड - कुराड़ रोड के पास चौकिंग के दौरान वाहन संख्या न 11 ज 2721 मारुति ईको से 14 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है. इस दौरान एक शराब तस्कर कुंवर सिंह पुत्र लखपत सिंह उम्र 34 निवासी चेपड़ो थाना थराली को



गिरफ्तार किया गया है।बताया कि शराब को जप्त करने के साथ ही परिवहन किये जा रहे वाहन को भी सीज कर दिया गया है. पंचायती चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सर्वेश पवार के निर्देश पर थाना पुलिस के द्वारा लगातार चौकिंग अभियान जारी है. और अवैध तस्करों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।चौकिंग अभियान में भूपेंद्र सिंह चौकी प्रभारी नारायणबगड़ , दीपक नेगी , संदीप सिंह , दुर्लभ सिंह शामिल थे

# लोकतंत्र की मजबूती को लेकर टिहरी प्रशासन सतर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 की तैयारियों को लेकर शनिवार को जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और कुशलता से संपन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा और रूपरेखा तय करना रहा। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी ने मतदान व मतगणना के लिए कार्मिकों की ड्यूटी तय करने, पोलिंग पार्टियों की समयबद्ध रवानगी, वाहनों की उपलब्धता, मतदान सामग्री की तैयारी, मतदेय स्थलों की बैरिकेडिंग, कार्मिकों के रहने-खाने



की समुचित व्यवस्था, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य दल की तैनाती, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों (एसडीएम) और विकास खंड अधिकारियों (बीडीओ) को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक मतदान केंद्र पर ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी और पटवारी के माध्यम से सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) पूरी करवाना सुनिश्चित करें।

साथ ही, उन्होंने रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) और असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ) को मतदान सामग्री की चेकलिस्ट तैयार करने, पीए सिस्टम की उपलब्धता, मतदाताओं की कतारों की व्यवस्थित व्यवस्था, साइनेज की स्पष्टता तथा केंद्रों पर कार्मिकों के ठहरने की उचित सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी पोलिंग पार्टियों को समय पर मतदेय स्थलों के लिए रवाना किया जाए और मतदान प्रारंभ होने के बाद प्रत्येक दो घंटे में मतदान प्रतिशत की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा, सभी जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट को जिला निर्वाचन कंट्रोल रूम एवं आपदा नियंत्रण कक्ष के संपर्क नंबर साझा करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत उच्चाधिकारियों को सूचना देकर त्वरित समाधान निकाला जा सके।बैठक के अंत में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों और कार्मिकों से परस्पर समन्वय के साथ धैर्यपूर्वक और निष्पक्ष तरीके से चुनाव प्रक्रिया संचालित करने की अपील की और उन्हें शुभकामनाएं भी दीं।इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वरुण अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी मो. असलम, एसडीएम संदीप कुमार सहित सभी नोडल अधिकारी, विकास खंड अधिकारी, आरओ, एआरओ और अन्य संबंधित अधिकारी भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 27 तक करें पंजीकरण

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिल के लिए सीयूटी परीक्षा में सम्मलित छात्र-छात्राएं 27 जुलाई तक समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते है। गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपीएस गुसांई ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिन छात्र-छात्राओं ने स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीयूटी परीक्षा दी है वह छात्र-छात्राएं 27 जुलाई तक अपना पंजीकरण समर्थ पोर्टल पर कर सकते है। बताया कि समर्थ पार्टल में पंजीकरण किए बिना प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

## एक नजर .......

### ईसीएचएस और सीएसडी कॉम्प्लेक्स कोटद्वार परिसर में किया गया वृक्षारोपण

**कोटद्वार।** पूर्व सैनिक संघर्ष समिति, कोटद्वार के सौजन्य से ईसीएचएस और सीएसडी कॉम्प्लेक्स कोटद्वार परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कर्नल एके सिंह, ट्रेनिंग अधिकारी, गढ़वाल राइफल्स कोटद्वार और अध्यक्ष पूर्व सैनिक संघर्ष समिति महेंद्र पाल सिंह रावत कोटद्वार के कर कमलों द्वारा किया गया। हरेला कार्यक्रम के दौरान कोटद्वार परिक्षेत्र की वीर नारियों, वीर माताओं और पूर्व सैनिकों के नेतृत्व में विभिन्न प्रजाति के 45 पौधों का रोपण कार्य किया गया। इस अवसर वीर माताओं, वीर नारियों के द्वारा अपने परिजन जिन्होंने देश के लिए महान बलिदान दिया है के नाम से एक-एक पौधा रोपण समर्पित किया गया। इस अवसर पर एमटी सूबेदार मेजर शैलेंद्र सिंह बिष्ट के द्वारा कमांडेंट गढ़वाल राइफल्स की ओर से पूर्व सैनिकों, वीर माताओं और बीर नारियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में महासचिव मदन सिंह नेगी, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत, अनसूया प्रसाद सेमवाल, गोपाल सिंह, ठाकुर सिंह, सुरबीर खेतवाल, जीत सिंह भंडारी, नंदन सिंह, सुरेंद्र सिंह सहित बड़ी मात्रा में पूर्व सैनिक मौजूद रहे ।

### ग्वालदम में तैनात बीआरओ की जवान की हृदय गति रुकने से मौत

**थराली।** सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले बीआरओ का जवान रामचंद्र सैनी पुत्र बद्री प्रसाद सैनी उम्र 40 निवासी ग्राम धनेला तहसील नीम का थाना जिला सीकर राजस्थान को रास्ते में बेहोशी की अवस्था में ठ के जवानों को दिखा जिसकी सूचना एसएसबी के जवानों ने बीआरओ के आलाधिकारियों को दी जिसके बाद , बेहोशी की हालत में जवान को तत्काल ग्रिप कैंप ले जाया गया जहां पर ठत्व के आलाधिकारियों के द्वारा रामचंद्र सैनी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली पहुचाया गया लेकिन डॉक्टरो ने जवान को मृत घोषित कर दिया , पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई करते हुए मृतक जवान का शव ठत्व के अधिकारियों को सुपुर्द कर दिया है ।

### जीवीके झील में मिला अज्ञात युवक का शव

**श्रीनगर।** चौरास क्षेत्र में अलकनंदा नदी पर स्थित जीवीके कंपनी के डेम के चौनल नंबर 03 के गेट पर एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही चौकी चौरास पुलिस मौके पर पहुंची। आपदा जल पुलिस टीम की मदद से शव को डेम से बाहर निकाला गया और आवश्यक कार्यवाही के लिए शव को मोर्चरी श्रीकोट भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार युवक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष के बीच है। कद लगभग 5 फीट 8 इंच, रंग गेहुआं है। उसकी पहचान में सहायक संकेत के रूप में बाएं हाथ की कलाई पर अंग्रेजी में श्छपीनश लिखा हुआ है। पुलिस ने आसपास के थानों और चौकियों को जानकारी देते हुए युवक की पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया है। यदि किसी को शव के बारे में जानकारी या पहचान होती है तो वे कोतवाली कीर्तिनगर या चौकी चौरास से संपर्क कर सकते हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### पांच दिवसीय कथक कार्यशाला का समापन

श्रीनगर। शैम्फोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल में आयोजित पांच दिवसीय कथक कार्यशाला का शनिवार को समापन हो गया। समापन समारोह में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस कार्यशाला से उन्हें न केवल शास्त्रीय नृत्य की बारीकियां सीखने को मिलीं, बल्कि यह तनावमुक्त रहने का एक सशक्त माध्यम भी साबित हुआ। कार्यशाला में वृंदावन से आए प्रसिद्ध कथक नर्तक और कोरियोग्राफर आशीष सिंह (नृत्य मंजरी दास) ने 80 विद्यार्थियों को कथक नृत्य की परंपरागत शैलियों की तालीम दी। उन्होंने भूमि प्रणाम, तत्कार, हस्तक, गुरु वंदना, कवित्त (वृंदावन की कुंज गलिन में), नमस्कार का टुकड़ा आदि सिखाए। आशीष सिंह ने कहा कि शास्त्रीय नृत्य भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और इसे सीखकर बच्चों में न केवल सांस्कृतिक चेतना विकसित होती है बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो उसे उचित मंच देने की। कार्यशाला के समापन अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य शशिकला नेगी ने कहा कि इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैं। विद्यालय के शिक्षक प्रवीण कुमार, अभिषेक शाह समेत अन्य शिक्षक भी समापन समारोह में उपस्थित रहे।

# राज्य के नगर निगमों के वर्ग में कोटद्वार को मिला दूसरा स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के नतीजे घोषित किये गये हैं जिसमें देश के कुल 4500 से अधिक शहरों ने प्रतिभाग किया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उत्तराखण्ड राज्य ने विशेष स्थान प्राप्त किया है। पौडी गढ़वाल जनपद के नगर निगम कोटद्वार द्वारा उत्तराखण्ड शासन निदेशालय शहरी विकास, जिला प्रशासन के कुशल मार्गदर्शन में राज्य की प्रगति में योगदान प्रदान करते हुए अपनी रैंकिंग में तुलनात्मक रूप से सुधार किया है । राज्य के नगर निगमों के वर्ग में कोटद्वार ने रूद्रपुर नगर निगम के बाद दूसरा स्थान प्राप्त किया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में राज्य के कुल 102 निकायों में से नगर निगम कोटद्वार 9 वें स्थान पर है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की सूची में नगर निगम कोटद्वार की राष्ट्रीय रैंकिंग 305 थी जबकि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में 73 स्थान सुधार करते हुए इस बार 232 वें स्थान पर है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नगर निगम कोटद्वार द्वारा 32 प्रतिशत अंक 3067 प्राप्त किये थे।

अंकों में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए नगर निगम कोटद्वार द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में 64 प्रतिशत 7914 अंक हासिल किये गये हैं। 2023 में कोटद्वार नगर निकाय केवल ओडीएफ स्टेटस पर था जबकी 2024 में ओडीएफ + स्टेटस प्राप्त कर लिया गया है।

# महिलाओं को सशक्त बना रहा आजीविका मिशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** शुक्रवार को विकास भवन सभागार, नई टिहरी में आयोजित कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन (सीआरपी) के पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मुख्य विकास अधिकारी वरूणा अग्रवाल ने किया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दीन दयाल अंत्योदय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें जनपद टिहरी के 40 और उत्तरकाशी के 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को स्वयं सहायता समूहों के गठन की प्रक्रिया, उनके लेखा-जोखा,



वित्तीय समावेशन और आजीविका से जुड़ी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षण में शामिल महिलाओं से उनके अनुभव साझा करने को कहा और उनसे यह भी चर्चा की कि वे फील्ड में इस प्रशिक्षण का उपयोग किस प्रकार करेंगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपनी बात खुलकर रखने और अपनी पहचान बनाने की दिशा में ऐसे कार्यक्रम बेहद मददगार साबित होते हैं। साथ ही उन्होंने महिलाओं को स्वरोजगार और छोटे उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में अपनी सशक्त भूमिका निभा सकें।

मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना और उन्हें सही मार्गदर्शन देना आज के समय की आवश्यकता है। आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को न केवल प्रशिक्षण दिया जा रहा है, बल्कि उन्हें समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए भी तैयार किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में परियोजना निदेशक डीआरडीए पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, जिला विकास अधिकारी मोहमद असलम, नेशनल रिसोर्स पर्सन रेणुका और रजिता, जिला थिमेटिक विशेषज्ञ केशव रावत, ग्रामीण वित्त समन्वयक चंद्रप्रकाश डंगवाल और ज्योति भी मौजूद रहे।

# डीएम ने किया नौटी गांव का स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शनिवार को नौटी गांव का स्थलीय निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने लोनिवि गेस्ट हाउस में सभी सम्बंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा श्री नंदा देवी राजजात आयोजन के लिए नौटी गांव महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे में यात्रा के दौरा यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। जिसे देखते हुए गांव में व्यवस्थाओं का दुरुस्त होना अत्यंत आवश्यक है। इस क्रम में उन्होंने सभी अधिकारियों को



स्थलीय निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पड़ाव स्थल में सफाई, पेयजल, बिजली, आवागमन, ठहरने की व्यवस्था, शौचालय निर्माण और अन्य जरूरी सुविधाओं का जायजा लिया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा से पहले सभी आवश्यक तैयारियों के प्रस्ताव समय पर उपलब्ध करा दें, जिससे

**■ अधिकारियों को पड़ावों का भौतिक निरीक्षण कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**

निर्माण कार्य जल्द शुरू कराये जा सकें।

उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जा सकता है। इसलिए प्रशासन और ग्रामवासी मिलकर यात्रा को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

जिलाधिकारी ने यह स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सुविधा, आपातकालीन सेवाएं, और मार्ग की मरम्मत, पार्किंग व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट निस्तारण को प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी भूमिका का निर्वहन सेवा भाव से करें, ताकि नंदा देवी राजजात यात्रा सफल, सुरक्षित और श्रद्धालुओं के लिए सुखद अनुभव बन सके।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी, एसडीएम कर्णप्रयाग सोहन सिंह रांगण, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत तेज सिंह, लोनिवि गौचर के सुनील कुमार, एसओ कर्णप्रयाग कोतवाली राकेश चन्द्र भट्ट सहित अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

# शराब तस्करों पर लगातार पुलिस की नजर जारी

**चमोली।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव-2025 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक चमोली सर्वेश पंवार के नेतृत्व में जनपद पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। चमोली पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान वाहन संख्या न्ज्ञ11 ज। 1688 (आल्टो कार) से 12 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब परिवहन करते वक्त वाहन सहित विक्रम प्रसाद पुत्र उदयराम निवासी ख्र ग्राम बूरा, थाना नन्दानगर घाट, जनपद चमोली गिरफ्तार कर किया गया।इस संबंध में कोतवाली चमोली पर मु0अ0सं0 20/2025 धारा 60/72 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर वाहन को सीज कर दिया गया है।

# चमोली जिले की सैंजी 03 वार्ड में जिला पंचायत सदस्य को चुनावी घमासान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।**चमोली जिले का सैंजी 03 वार्ड में जिला पंचायत सदस्य हेतु आजकल सरगर्मियां तेज हो गयी है।भाजपा,कांग्रेस के नेता सभी निर्दलीय प्रत्याशीयों के साथ फोटो खींचने में कोई कौर कसर नहीं छोड़ रहे है। अब देखने वाली बात है कि भाजपा कांग्रेस के नेता किस किस निर्दलीय प्रत्याशी के पाले में गेंद फेंकते है,तीनों निर्दलीय प्रत्याशी काग्रेस विचार धारा के बताए जा रहे है। हालांकि इस वार्ड में कांग्रेस व भाजपा ने अपने पार्टी अधिकृत कैंडिडेट नहीं है। लिहाजा सैंजी 03 वार्ड को फ्री छोड़ दिया गया है।

खेनुरी गांव के अनिल रावत का कहना है कि इस जिला पंचायत सीट पर तीन बार निजमुला घाटी ओर एक बार बंड क्षेत्र को भी मौका दिया है, अब खेनुरी गांव की बारी है। इन्होंने यह भी कहा अगर कुमारी संतोषी चुनाव जीतकर आती है तो जिला अध्यक्ष पद पर अगर महिला आरक्षित सीट होती तो जिला पंचायत अध्यक्ष पद की दावेदारी करेगी। ग्राम सभा खेनुरी से कुमारी संतोषी, बंड क्षेत्र से रश्मि देवी और निजमुला घाटी के ग्राम सभा पगना से आशा देवी ग्राम सभा गौणा से संगीता देवी निजमुला घाटी से दो कैंडिडेट है।मल्ला नागपुर पट्टी के सात ग्राम सभाओं से कोई भी कैंडिडेट चुनाव मैदान में नहीं है। स्वाभाविक है, इस बार निजमुला घाटी का वोट दोनो को ही बांटेगा,सैंजी 03 वार्ड के चारों कैंडिडेट ताबड़तोड़ प्रचार प्रसार में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। लेकिन भाजपा, कांग्रेस पार्टी के नेता खुल कर किसी भी कैंडिडेट के साथ प्रचार प्रसार में दूर दूर तक नजर नहीं आ रहे है।

सैंजी 03 वार्ड में लगभग दस हजार मतदाता है, चुनावी विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार मल्ला नागपुर पट्टी के सात ग्राम सभा छिनका,बोला, हाट जैसाल, मठझड़ता,और बेमरू जिस कैंडिडेट का सपोट ओर वोट करेंगे वोट करेंगे वहीं चुनाव जीतेगी।

# महरकांडा में रातोंरात ढहा मकान

**नई टिहरी।** निकटवर्ती महरकांडा गांव में बीती रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब अचानक एक कच्चा मकान भरभराकर ढह गया। इस मकान में अकेली रह रही वृद्धा सौपा देवी पत्नी गमधीरू की जान उसकी सतर्कता से बच गई। देर रात घर के भीतर रहस्यमयी चटखनी आवाजें सुनकर सौपा देवी की नींद खुली और उन्होंने तुरंत घर से बाहर भागने का निर्णय लिया। उनके बाहर निकलते ही पूरा मकान देखते ही देखते मलबे में तब्दील हो गया। इस हादसे में वृद्धा को कोई शारीरिक नुकसान नहीं हुआ, लेकिन उनका सारा घरेलू सामान मलबे में दब गया। घटना की खबर जैसे ही आसपास के ग्रामीणों को मिली, वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए और राहत कार्यों में जुट गए।

# चुनाव की तैयारियां चरम पर, मतदान दो चरणों में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 को लेकर टिहरी गढ़वाल जनपद में चुनावी तैयारियां तेज हो गई हैं। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार, जनपद में दो चरणों में मतदान होगा। पहला चरण 24 जुलाई को आयोजित किया जाएगा, जिसमें जौनपुर, प्रतापनगर, जाखणीधार, थौलधार और भिलंगना विकास खंडों के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं, दूसरा चरण 28 जुलाई को कीर्तिनगर, देवप्रयाग, नरेंद्रनगर और चंबा विकास खंडों में संपन्न होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी नितिका खण्डेलवाल के नेतृत्व में पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और

**■ 24 और 28 जुलाई को टिहरी जनपद में होगा मतदान, पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल तय**

**त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025: टिहरी में चरणबद्ध मतदान, हर ब्लॉक से होगी व्यवस्थित पोलिंग पार्टियों की रवानगी**

सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की दिशा में प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जनपद के सभी विकास खंडों में मतदान दलों की रवानगी के लिए स्थलों की पहचान कर ली गई है, जिससे पोलिंग पार्टियां समयबद्ध तरीके से अपने गंतव्य पर पहुंच सकें।निर्धारित योजना के तहत जाखणीधार विकास खंड की पोलिंग पार्टियां विकास खंड मुख्यालय टिपरी से रवाना होंगी। जौनपुर विकास खंड की रवानगी थत्यूड़ मुख्यालय से की जाएगी, जबकि थौलधार की पार्टियां विकास खंड कार्यालय थौलधार से रवाना होंगी। देवप्रयाग खंड की पोलिंग पार्टियां हिण्डोलाखाल स्थित विकास खंड कार्यालय से, प्रतापनगर की पोलिंग पार्टियां प्रतापनगर कार्यालय से, और चंबा खंड की पोलिंग टीमें चंबा विकास खंड कार्यालय से रवाना होंगी।

इसी प्रकार कीर्तिनगर विकास खंड की पोलिंग पार्टियों को कीर्तिनगर कार्यालय एवं रामलीला मैदान से रवाना किया जाएगा। नरेंद्रनगर खंड की पोलिंग पार्टियां फकोट नरेंद्रनगर परिसर से और भिलंगना खंड की पोलिंग पार्टियां भिलंगना मुख्यालय से रवाना होंगी।

प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी पोलिंग पार्टियां सुरक्षित, समय पर और सुचारु रूप से अपने-अपने मतदान स्थलों तक पहुंचें। जिला निर्वाचन कार्यालय पूरे निर्वाचन कार्यक्रम पर कड़ी निगरानी रखे हुए है और सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु सतत प्रयासरत है।

# कांवड़ यात्रा को लेकर सड़क पर उतरे पुलिस कप्तान



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** कांवड़ यात्रा के चलते रिस्पना पुल से लेकर आईएसबीटी तक यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक में अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए।

पुलिस कप्तान ने कांवड यात्रा में आने वाले सभी वाहनों को निर्धारित रूट से आवागमन, वाहनों में डीजे की ध्वनि तथा मानकों के अनुसार ऊंचाई को नियंत्रित रखने के निर्देश दिये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा रिस्पना पुल से लेकर आईएसबीटी तक का क्षेत्र भ्रमण कर कांवड यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए निर्धारित मार्ग का निरीक्षण किया गया। क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान एसएसपी दून द्वारा ड्यूटीरत कर्मियों को यह स्पष्ट निर्देश दिये कि ड्यूटीरत पुलिस बल यह दृढतापूर्वक सुनिश्चित कर कि कांवडियों के वाहनों को पूर्व निर्धारित किये गये रूटों से ही उनका संचालन किया जाये। साथ ही एसएसपी देहरादून द्वारा स्वयं ग्राउण्ड जीरों पर मौजूद रहते हुए कावड यात्रा में आने वाले वाहनों में लगे लगे डीजे की ध्वनि मानकों के अनुरूप रखने तथा निर्धारित से अधिक ऊंचाई वाले डीजे हटवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# खसरा- रूबेला उन्मूलन के लिए तीन चरणों में चलेगा अभियानः एडीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** खसरा और रूबेला उन्मूलन अभियान-2026 को लेकर अपर जिलाधिकारी (एफआर) के. के मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को एनआईसी सभागार में जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिसमें खसरा रूबेला उन्मूलन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए।



बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी के के मिश्रा ने बताया कि जिला टास्क फोर्स का मुख्य उद्देश्य जिले से 2026 तक खसरा और रूबेला का उन्मूलन किया जाना हैं। इस अभियान के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु भारत सरकार द्वारा रोड मैप तैयार किया है। जिसमें 5 वर्ष की आयु तक के बच्चों को जो खसरा और रूबेला वैक्सीन से अप्रतिरक्षित है, उनका टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही समुदाय में ऐसे रोगियों की पहचान एवं उपचार किया जाएगा, जिनको बुखार के साथ लाल चकते वाले दाने हो। उन्होंने कहा कि जनपद में 95% बच्चों का टीकाकरण हो चुका है और अन्य बच्चों के भी कैंप लगाकर टीकाकरण के कार्यवाही की जा रही है।वही मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा बोले की खसरा और रूबेला वैक्सीन बच्चों को जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखती हैं। साथ ही बच्चों को खसरे से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं जैसे-दस्त, निमोनिया, बच्चों के प्रतिरोधक क्षमता में कमी आदि से सुरक्षा चक्र तैयार करती है। खसरा और रूबेला उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त किए जाने हेतु जिले में तीन चरणों में विशेष टीकाकरण सप्ताह आयोजित किया जाएगा। पहले चरण दिनांक 21 जुलाई से 31 जुलाई, 2025 तक, दूसरे चरण दिनांक 19 अगस्त, 2025 से 29 अगस्त, 2025 तक एवं तीसरे चरण दिनांक 18 सितम्बर, 2025 से 29 सितम्बर, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। विशेष टीकाकरण सप्ताह में नियमित टीकाकरण से वंचित सभी लाभार्थियों को प्रतिरक्षित किया जाएगा।

# राज्यपाल ने की उत्तर प्रदेश की गवर्नर और सीएम से मुलाकात

**शिष्टाचार भेंट के दौरान लखनऊ स्थित राजभवन में कई विषयों पर हुई चर्चा**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उत्तर प्रदेश भ्रमण के दौरान लखनऊ स्थित राजभवन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों राज्यपालों के मध्य शिक्षा, महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती तथा विश्वविद्यालयों के मध्य सहयोग और समन्वय



जैसे विविध महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

इसके बाद राज्यपाल से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उनके मध्य दोनों राज्यों के समग्र विकास से जुड़े विषयों जैसे शिक्षा, उच्च शिक्षा, अवस्थापना सुविधाएं तथा विकास योजनाओं पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने उत्तराखण्ड में संचालित "वन यूनिवर्सिटी, वन रिसर्च" कार्यक्रम की जानकारी साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार यह पहल शोध और नवाचार की दिशा में विश्वविद्यालयों की भूमिका को सशक्त बना रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखण्ड को पावन भूमि का आत्मीय स्मरण करते हुए राज्य के प्रति अपने विशेष जुड़ाव को व्यक्त किया।

## राज्यपाल ने लखनऊ में हनुमान सेतु मंदिर में की पूजा-अर्चना

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उत्तर प्रदेश भ्रमण के दौरान बाबा नीब करौरी महाराज द्वारा लखनऊ में गोमती नदी के पावन तट पर स्थापित प्रसिद्ध हनुमान सेतु मंदिर में दर्शन कर पूजन-अर्चना की और बजरंगबली से प्रदेश व देशवासियों की सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य कामना की। इसके बाद राज्यपाल ने लखनऊ के डालीगंज स्थित भगवान शिव को समर्पित मनकामेश्वर मंदिर में भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। राज्यपाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय का भ्रमण कर परिसर की शैक्षणिक, शोध व नवाचार गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि समृद्ध विरासत से सुसज्जित यह विश्वविद्यालय ज्ञान, संस्कृति व राष्ट्रनिर्माण का प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर राज्यपाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए आंगनबाड़ी केंद्र का भी भ्रमण किया। उन्होंने नन्हे बच्चों की मुस्कान और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों की प्रतिबद्धता की सराहना की। राज्यपाल ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय केवल उच्च शिक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि प्राथमिक शिक्षा, पोषण और सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# हरित पखवाड़ाः नगर निगम ने आयोजित किया वृक्षारोपण कार्यक्रम

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** नगर निगम देहरादून ने हरित पखवाड़े के अंतर्गत कुल्हान, निकट सहस्त्रधारा रोड पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि महापौर सौरभ थपलियाल तथा नगर आयुक्त नमामि बंसल सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी / कर्मचारी एवं वार्ड 4 के पार्षद उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में शहर के विभिन्न एनजीओ के साथ वृक्षारोपण किया गया, जिसमें मौके पर 5000 से अधिक बांस, कचनार, नीम आदि के पेड़ लगाए गए। महापौर सौरभ थपलियाल ने मौके पर तार बाड़



करने के निर्देश दिए, जिससे पेड़ों का संरक्षण किया जा सके। इस मौके पर कई एनजीओ से जुड़े लोग मौजूद रहे। नगर आयुक्त नमामि बंसल ने बताया कि हरित पखवाड़े के अंतर्गत 31 जुलाई तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन निगम की ओर से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम देहरादून ने उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला के अवसर पर हरित पखवाड़े का शुभारंभ किया था।

नगर निगम देहरादून हरित पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर अब तक लगभग 30000 से ज्यादा पौधे लगाए जा चुके हैं। नगर आयुक्त नमामि बंसल ने बताया कि 31 जुलाई तक चलने वाले अभियान के तहत शहर में एक लाख पौधे रोपे जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी वार्डों के सफाई सुपरवाइजर को सौंपी गई है। वह समय-समय पर इन पौधों की खुद निगरानी करेंगे।

# एलिवेटेड रोड के नाम पर बस्तीवासियों का उत्पीड़न न होः मानवाधिकार आयोग

शाह टाइम्स संवाददाता

## आयोग के सदस्य रामसिंह मीणा ने अपने आदेश में लिखा

"रिस्पना-बिंदाल के ऊपर प्रस्तावित एलिवेटेड रोड निर्माण के कारण बड़ी संख्या में रह रहे निवासियों के उत्पीड़न की आशंका है। सभी प्रभावितों के पुनर्वास व पुनर्स्थापना की समुचित व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी इस संबंध में विधिनुसार आवश्यक कार्यवाही करें।"

**देहरादून।** रिस्पना-बिंदाल क्षेत्र में प्रस्तावित एलिवेटेड रोड के निर्माण को लेकर उठी चिंता पर उत्तराखंड राज्य मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी देहरादून को विधिसम्मत कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

बस्ती बचाओ आंदोलन के संयोजक अनंत आकाश द्वारा आयोग में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए आयोग ने वाद संख्या 750/35/5/2025 का निस्तारण करते हुए स्पष्ट किया कि बस्तीवासियों के पुनर्वास व पुनर्स्थापना की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। याचिका में कहा गया था कि एलिवेटेड रोड के नाम पर नदी क्षेत्र में वर्षों से रह रहे बस्तीवासियों के खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्रवाई की जा रही है, जिसकी रोकथाम आवश्यक है। इस आदेश से बस्तीवासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

# माया देवी यूनिवर्सिटी में नशा मुक्ति पर संगोष्ठी आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** माया देवी यूनिवर्सिटी में उत्तराखंड पुलिस की ओर से नशा मुक्ति संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सहसपुर और सेलाकुई क्षेत्र के स्कूलों, कॉलेजों व पीजी हॉस्टल संचालकों की उपस्थिति में युवाओं को नशे के दुष्परिणामों पर जागरूक किया गया।

एसएसपी अजय सिंह, डीएसपी रीना राठौर, एसएचओ पी. डी. भट्ट सहित पुलिस अधिकारियों ने शिक्षण संस्थानों से आग्रह किया कि वे नशा मुक्ति कमेटी बनाएं और साप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रम चलाएं।

यूनिवर्सिटी अध्यक्ष मनोहर जुयाल और उपाध्यक्ष डॉ. तृप्ति जुयाल ने युवाओं से नशा छोड़ सकारात्मक जीवन अपनाने की अपील की। कुलपति प्रो. (डॉ.) आशीष सेमवाल ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद देते हुए अभियान में निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। संगोष्ठी युवाओं को नशा मुक्त जीवन की ओर प्रेरित करने की दिशा में एक अहम पहल साबित हुई।

# यूटीयू के कुलपति को बदलने पर छात्रों ने किया धन्यवाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय में चल रही वित्तीय अनिमित्ताओं एवं सॉफ्टवेयर घोटाले को लेकर छात्र छह महीनों से सड़कों पर आंदोलनरत थे।अब यू टीयू के कुलपति को बदला जा चुका है एवं नए कुलपति की नियुक्ति की जा चुकी है।

शनिवार को राजधानी के एक होटल में प्रेस से वार्ता करते हुए डी.ए.वी. छात्र संघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने छात्रों के आंदोलन को सफल होने पर सभी मीडिया बंधुओं का धन्यवाद किया।उन्होंने कहा कि मीडिया ने



**सॉफ्टवेयर घोटाले की जांच को तेज करने एवं विवादित कुलपति को शीघ्र कार्यमुक्त करने के लिए राजभवन को दिया ज्ञापन**

छात्रों के आंदोलन की निष्पक्ष कवरेज करके हमेशा छात्रों का साहस बढ़ाया, जिसके लिए छात्र हमेशा मीडिया के कृतार्थ रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि नए कुलपति की नियुक्ति होने के बाद भी डॉ. ओमकार यादव अभी भी कार्यमुक्त होने में देरी करके उनके विरुद्ध चल रही सॉफ्टवेयर घोटाले की जाँच के सबूतों से छेड़छाड़ करने का परपंच रच रहे हैं,जिसको छात्र सहन नहीं करेंगे।।उन्होंने बताया कि सॉफ्टवेयर घोटाले की जाँच को तेज करने एवं विवादित कुलपति को शीघ्र कार्यमुक्त करने को लेकर राजभवन को ज्ञापन भी दिया गया है। सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि यदि सात दिन के अंदर ओमकार यादव को हटाया नहीं गया व उनके खिलाफ उचित पारदर्शी कानूनी कार्यवाही नहीं की गई तो समस्त छात्रसंघ न्यायालय के समक्ष विधिक कार्रवाई के लिए जाएगा।

# औद्योगिक निवेश के क्षेत्र में कारगर साबित होगा गृहमंत्री का दौराः महाराज



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, पंचायतीराज, सिंचाई, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति, मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा रुद्रपुर में आयोजित उत्तराखण्ड निवेश उत्सव में प्रतिभाग करने से राज्य को औद्योगिक दृष्टि से विशेष बल मिलेगा। इस पहल से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलने के साथ-साथ दुनिया के बड़े-बड़े उद्योग घराने अब उत्तराखंड का रुख करेंगे और यहां की आर्थिकी के विस्तार को नया आयाम मिलेगा।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने गृहमंत्री अमित शाह के देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर प्रदेश वासियों की ओर से उनका अभिनंदन और स्वागत करते हुए कहा कि दिसंबर 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान उत्तराखंड में 44,000 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं को शुरू करने वाला पहला राज्य है जो असाधारण तैयारी और निष्पादन क्षमताओं का प्रदर्शन करता है। इसके बाद मार्च 2024 में दूसरे ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह का सफल आयोजन किया गया, इस दौरान विनिर्माण, आवास, पर्यटन और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में 27,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त परियोजनाओं को शुरू किया गया, जिससे निवेशकों का विश्वास और मजबूत हुआ है।

उन्होंने कहा कि एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के संचयी ग्राउंडिंग का जश्न मनाने और निवेशकों की अकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उत्तराखंड की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाने के लिए,

# निवेश उत्सव ने सोशल मीडिया पर मचाई धूम

**एक्स पर नंबर-1 पर ट्रेंड हुआ #UttarakhandNiveshUtsav**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** प्रदेश में एक लाख करोड़ रुपये के निवेश की ग्राउंडिंग पूरी होने पर रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर में उत्तराखंड निवेश उत्सव मनाया गया तो सोशल मीडिया पर इसकी धूम मच उठी। सोशल मीडिया साइट ' (पूर्व में ट्विटर) पर रुन्जर्ततोिदकछपअमीन्जेंअ दिनभर देशभर में नंबर-1 पर ट्रेंड करता रहा। आम नागरिकों के साथ ही देश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों और निवेशकों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेशवासियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

कई सोशल मीडिया यूजर्स ने सीएम धामी को "कुशल प्रशासक" बताते हुए लिखा कि उत्तराखंड में इतने बड़े पैमाने पर निवेश की ग्राउंडिंग संभव हो सकी है, तो इसका श्रेय उनके निर्णायक नेतृत्व, पारदर्शी कार्यशैली और विकास के प्रति प्रतिबद्ध दृष्टिकोण को जाता है। कई प्रतिक्रियाओं में यह भी कहा गया कि मुख्यमंत्री धामी के विजन के चलते ही आज उत्तराखंड निवेश, नवाचार और नौकरियों का केंद्र बनता जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में देहरादून में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) के दौरान रुपये 3 लाख करोड़ से अधिक के निवेश करार किए गए थे। उस समय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने व्यक्तिगत रूप से देश और विदेश के निवेशकों से संवाद किया, रोड शो किए और उत्तराखंड को निवेश के अनुकूल राज्य के रूप में प्रस्तुत किया। उन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि आज रुपये एक लाख करोड़ से अधिक का निवेश धरातल पर उतर चुका है। इस निवेश से प्रदेश में 81 हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना है। यह पहली बार है जब प्रदेश में किए गए निवेश करारों का 33 प्रतिशत से अधिक हिस्सा धरातल पर उतरने में सफल हुआ है। इससे उत्तराखंड देश के निवेश मानचित्र पर एक भरोसेमंद और सक्रिय राज्य के रूप में उभरा है।



# निवेश की ग्राउंडिंग पर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन उत्साहित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड में एक लाख करोड़ के निवेश की ग्राउंडिंग पर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड उत्साहित है। एसोसिएशन की प्रतिक्रिया गर्मजोशी से भरी है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पंकज गुप्ता का मानना है कि निवेशक सम्मेलन के सिर्फ डेढ़ साल बाद कुल निवेश का तीस फीसदी धरातल पर उतरना असाधारण उपलब्धि है। यह पॉजिटिव डेवलपमेंट हैं, जिसके दूरगामी परिणाम निकलेंगे।

एक बातचीत में पंकज गुप्ता ने कहा कि निवेशक सम्मेलन हर राज्य कर रहा है। निवेशकों को आकर्षित करने की तमाम कोशिशें हो रही हैं। मगर देखने में ये ही आया है कि पांच से दस फीसदी ग्राउंडिंग पर आकर बात ठहर जाती है। इस संदर्भ में उत्तराखंड की तीस फीसदी ग्राउंडिंग की उपलब्धि बहुत बड़ी है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर यह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उनकी सरकार के प्रयासों का प्रतिफल है, जिससे निवेश लायक अनुकूल माहौल बना है। निवेशकों का उत्तराखंड के प्रति विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

पंकज गुप्ता ने कहा कि पूर्व में सिर्फ उद्योगों को फोकस करके आर्थिक विकास की तरफ कदम बढ़ाए गए, लेकिन धामी सरकार ने उद्योगों के साथ ही ऊर्जा, पर्यटन, हाउसिंग समेत सभी क्षेत्रों को ध्यान में रखकर सर्वांगीण आर्थिक विकास की मजबूत बुनियाद रख दी है। बकौल, गुप्ता-राज्य सरकार निवेश लायक माहौल बनाने के लिए इंटरनल कनेक्टिविटी पर काम कर रही है, तो केंद्र सरकार एक्सटरनल कनेक्टिविटी पर भरपूर सहयोग दे रही है। केंद्र और राज्य का यह बेहतर तालमेल न सिर्फ उत्तराखंड को मजबूत आर्थिक आधार देगा, बल्कि रोजगार की भी नई राह खोलेगा।

## सीएम की नजर में निवेशक हैं ब्रांड एंबेसडर

राज्य सरकार निवेशकों को उनके अनुकूल माहौल देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी का नतीजा है कि निवेशक उत्तराखंड को लेकर उत्साहित हैं। आंकड़ों की बाजीगरी से हटकर निवेश की ग्राउंडिंग के जो असल आंकड़े नजर आ रहे हैं, वह उत्तराखंड जैसे छोटे राज्य के हिस्से आई बड़ी उपलब्धि है। निवेशकों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हमेशा उत्तराखंड का ब्रांड एंबेसडर बताया है। मुख्यमंत्री का मानना है कि राज्य में निवेश करने वाले निवेशकों को उत्तराखंड में जो अच्छे अनुभव प्राप्त हो रहे हैं, उसे वह देश-दुनिया के सामने ला रहे हैं। एक तरह से वे हमारे ब्रांड एंबेसडर बनकर कार्य कर रहे हैं।

## उत्तराखंड में सुधरी कनेक्टिविटीः डॉ. सुनील राय

यूपीईएस यानी यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी साइंस शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. सुनील राय ने कहा कि उनका संस्थान, उत्तराखंड सरकार के साथ मिलकर राज्य के विकास में योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में अब कनेक्टिविटी काफी सुधर गई है।

# डीएम ने अनुपस्थित चल रहे अमीन की सेवाएं समाप्त करने के दिए निर्देश

**■ जिला कार्यालय स्थित कार्यालयों एवं पाटलों का किया निरीक्षण ■ पत्रावलियों का संचरण ई ऑफिस के माध्यम से करने के निर्देश ■ चकबंदी-खतौनी रूम में सीसीटीवी कैमरे लगाने के दिए निर्देश**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** किार्यों में पारदर्शिता लाने एवं समय से कार्यालय में उपस्थित होने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने आज जिला कार्यालय ने अवस्थित कार्यालय एवं पाटलों का औचक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित पटल सहायकों को निर्देश दिए है कि सभी अभिलेखों को सुव्यवस्थित ढंग से रखा जाए तथा जो भी कार्य किये जा रहे हैं तथा अलमारियों में जो भी पत्रावलियां और अभिलेख रखे गए हैं उनकी सूची तैयार कर अपने-अपने पटलों पर चस्पा करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि अपनी कार्यों एवं समस्याओं को लेकर जिला कार्यालय में आने वाले आमजन की समस्याओं प्राथमिकता से सुनते हुए उनका तत्परता से निस्तारण करना सुनिश्चित करे।

जिलाधिकारी ने स्वान केंद्र का निरीक्षण करते हुए स्वान केंद्र ने सीनियर नेटवर्क इंजीनियर तथा एसएलओ ऑफिस में वरिष्ठ सहायक के बिना अवकाश स्वीकृत कराये अनुपस्थित पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भूमि अध्यापित कार्यालय में लम्बे समय से अनुपस्थित चल रहे अमीन द्वारा कई बार जारी नोटिस का जवाब न मिलने तथा बिना बताए ड्यूटी से लगातार अनुपस्थित रहने पर अमीन की सेवा समाप्त करने के लिए नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही भूलेखघ् अनुभाग के निरीक्षण के दौरान कृषि गणना कार्य सोमवार तक पूरा कराने के निर्देश सहायक भूलेख अधिकारी को दिये। उन्होंने सोमवार तक कृषि गणना कार्य पूर्ण न होने की दिशा में सम्बन्धित कार्मिकों के विरूद्ध कार्यवाही कराने के स्पष्ट निर्देश दिये। उन्होंने चकबंदी, खतौनी, ओसी रूम में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए तथा जिला कार्यालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों को अपग्रेड कराने एवं बदलवाने बदलवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरानये भी निर्देश दिए कि सभी कार्मिक समय पर कार्यालय पर उपस्थित हो तथा बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी बिना अवकाश स्वीकृत किए अवकाश पर नहीं जाएगा, ऐसा न करने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार करवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि कई कार्मिकों एवं पटल सहायकों के उनकी नेम प्लेट एवं आईडी कार्ड नहीं थे, जिसपर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को सभी कार्मिकों एवं पटल सहायकों के नेम प्लेट एवं आईडी कार्ड बनाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी आशीष वर्मा को हर 15 दिन में सभी पटलों का निरीक्षण कर निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि कतिपय पटलों पर पुरानी अलमारी,फर्नीचर एवं फोटोस्टेट मशीनें और प्रिंटर लगे हैं जिनकी स्थिति ठीक नहीं इसके लिए उन्होंने नजीर को निर्देश दिए है कि जो भी पुराने फर्नीचर, अलमारी, मशीनें हैं उसके लिए समिति गठित करते हुए पुरानी सामग्री को निष्प्रयोज्य के लिए पत्रावली तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने खराब विद्युत लाइन और स्विच बोर्ड शीघ्रता से ठीक करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जो भी पत्रावलियां प्रस्तुत की जा रही उन पत्रावलियों को अनिवार्य रूप ई-ऑफिस के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें तथा विशेष परिस्थितियों में ही ऑफलाइन पत्रावलियां प्रस्तुत की जायें।



निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दीपेंद्र सिंहनेगी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन फिंचाराम चौहान, मुख्य वैयक्तिक अधिकारी सुदेश कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी आशीष वर्मा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अरूणेश पैन्यूली आदि मौजूद रहे।

## रानीपुर विधायक ने पावरलिफ्टर संगीता को सम्मानित किया

**हरिद्वार।** रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने जापान में आयोजित एशियन अफ्रीकन पैसिफिक ओपन बैंचप्रैस चौम्पियनशिप में दो रजत पदक जीत कर लौटी अन्तर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टर संगीता राणा को उनके टिहरी विस्थापित कालोनी स्थित आवास पर पहुंचकर बधाई दी तथा पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। विधायक आदेश चौहान के कहा कि संगीता राणा ने अपनी संकल्प शक्ति व कठोर परिश्रम से अपने आप को साबित किया है, जिससे हम सभी गौरवान्वित हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकारें खेल और खिलाड़ियों के लिये कृत संकल्प है। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि चंद्रभान सिंह, पार्षद अशोक मेहता, अरुण कुमार पाठक, मुकेश राणा, एडवोकेट पंकज शर्मा, एडवोकेट विवेक वर्मा, आदेश पुण्डीर आदि ने भी संगीता राणा को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## राष्ट्र की एकता अखंडता बनाए रखने में संत महापुरूषों की अहम भूमिका : परमेश्वरदास

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पंचपुरिय श्री वैष्णव विरक्त महामंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन समारोह भूपतवाला स्थित घनश्याम भवन में आयोजित किया गया। समारोह में नवनियुक्त अध्यक्ष महंत परमेश्वर दास, संरक्षक सदस्य महंत रामदास, महंत गंगेश्वरानंद, उपाध्यक्ष महंत श्यामदास, मंत्री महंत किशनदास, संगठन मंत्री महंत राजकुमार दास, कोषाध्यक्ष श्रीमहंत गणेशदास, प्रचार मंत्री महंत राघवशरण दास का फूलमाला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष महंत परमेश्वरदास ने कहा कि धर्म प्रचार, गौसेवा, संत सेवा आदि गतिविधियों के विधिवत संचालन के लिए जगद्गुरू स्वामी रामानंदाचार्य की 12 शिष्य परंपरा मे आने वाले समस्त संतो, महंतों, महामंडलेश्वरों को पंचपुरिय श्री वैष्णव विरक्त महामंडल में सम्मिलित किया जाए और सभी महापुरूषों द्वारा बनाए नियमों का पालन करें।

# सीएम योगी आदित्यनाथ से मिले सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार सांसद एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर उत्तराखंड-उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़े विकास के महत्त्वपूर्ण मुद्दो पर चर्चा की। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भेंट के दौरान इकबालपुर-नागल सिंचाई परियोजना पर चर्चा करते हुए सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने परियोजना को लेकर पूर्व में उत्तर प्रदेश सरकार को प्रेषित प्रस्ताव का उल्लेख करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया कि इसे केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के समक्ष शीघ्रता से प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के क्रियान्वयन से दोनों राज्यों की सीमा पर बसे लगभग 5 लाख नागरिकों को सिंचाई, कृषि एवं जल आपूर्ति के क्षेत्र में प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। सांसद रावत ने लिब्बरहेड़ी नहर पर स्थित क्षतिग्रस्त पुल की स्थिति पर भी मुख्यमंत्री योगी का ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने बताया कि पुल के क्षतिग्रस्त होने से किसानों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है और इसके शीघ्र पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री से शीघ्र आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, कि उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों के समन्वित विकास के लिए संवाद और सहयोग की भावना अत्यंत आवश्यक है। यह पहल न केवल कृषि और सिंचाई सुविधाओं को सुदृढ़ करेगी, बल्कि दोनों राज्यों के आपसी समन्वय को भी नई दिशा प्रदान करेगी।



# अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने महंत कुर्सी पुरी का किया स्वागत

**धर्म और अध्यात्म के प्रचार के साथ समाज सेवा में भी अहम भूमिका निभा रहे महंत कुर्सी पुरी : श्रीमहंत रविंद्रपुरी**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने गुजरात के रघुनाथ पुरी मठ के पीठाधीश्वर महंत कुर्सी पुरी महाराज का मां मनसा देवी की चुनरी एवं प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। चरण पादुका मंदिर में आयोजित कांवड़ सेवा शिविर के दौरान महंत कुर्सी पुरी का स्वागत करते हुए अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि समाज में धर्म और अध्यात्म का प्रचार प्रसार करने के साथ महंत कुर्सी पुरी समाज की सेवा में भी अहम योगदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ने हमेशा ही विश्व का मार्गदर्शन किया है। महंत कुर्सी पुरी ने कहा कि अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी संत समाज को एकजुट कर सनातन धर्म परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ शैक्षणिक संस्थाओं का संचलन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में भी योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस समय हरिद्वार में कांवड़ मेला चल रहा है। लाखों करोड़ों शिवभक्त गंगाजल लेने हरिद्वार पहुंच रहे हैं। श्रीमहंत रविंद्रपुरी शिवभक्तों की सेंवा करने के साथ कांवड़ मेला संपन्न कराने में जुटे पुलिस प्रशासन का भी सहयोग कर रहे हैं। शिवभक्तों के लिए निरंतर भंडारे का संचालन करने के साथ श्रीमहंत रविंद्रपुरी द्वारा प्रशासन को 25 लाख का चेक भेंट किया गया है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी के सेवाभाव की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी ने कहा कि परमार्थ के लिए जीवन अर्पित करने वाले संत महापुरूषों के सानिध्य में ही कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि महंत कुर्सी पुरी महाराज विद्वान संत हैं और विभिन्न सेवा प्रकल्पों के माध्यम से समाज के जरूरतमंद वर्ग की सेवा में योगदान कर रहे हैं। जो सभी के लिए प्रेरणादायी है। इस दौरान भारत माता मंदिर के महंत महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, महंत राज गिरी, महंत फौजी बाबा, महंत आमोद गिरी, एसएमजेएन कालेज के प्राचार्य डा.सुनील कुमार बत्रा, भोला शर्मा सहित ने भी फूलमाला पहनाकर महंत कुर्सी पुरी का स्वागत किया।



# वरिष्ठ नागरिक सामाजिक संगठन ने की कांवड़ यात्रा के लिए गाइड लाइन तय करने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वरिष्ठ नागरिक सामाजिक संगठन ने सरकार से कांवड़ यात्रा के लिए गाईड लाईन तय करने की मांग की है। वरिष्ठ नागरिक सामाजिक संगठन के अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह ने कहा कि वर्तमान में शिवभक्तों ने कांवड़ का स्वरूप ही बदल दिया है। जिससे जगह-जगह अप्रिय घटनाएं घट रही हैं। कांवड़ यात्रा आस्था से जुड़ी हुई है। ऐसे में शिव भक्तों का व्यवहार सौम्य होना चाहिए तथा संविधान के दायरे में रहकर कांवड़ यात्रा पूरी करनी। प्राचीन काल में श्रवण कुमार ने अपने माता पिता को कांवड़ में बैठा कर शांत और सौम्य व्यवहार के साथ अनुशासित रहकर तीर्थ करायी थी। लेकिन वर्तमान में देखने में आ रहा है कि शिवभक्त तोड़फोड़ और पुलिस प्रशासन के साथ भी धक्का मुक्की कर रहे हैं। जिससे सनातन धर्म, आस्था और श्रद्धा को भी ठेस पहुंच रही हैं। चौधरी चरण सिंह ने कहा कि शुद्ध मन से एक बूंद जल चढ़ाने से भी भगवान शिव प्रसन्न हो जाते हैं। लेकिन शिव भक्त एक-एक क्विंटल जल लेकर जा रहे हैं। जिससे उन्हें शारीरिक नुकसान भी हो सकता है। बड़ी-बड़ी कांवड की झांकियों से जनता को सड़कों पर आने जाने में परेशानी होती है। सबसे ज्यादा विद्यार्थियों की पढ़ाई का नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस संदर्भ में विचार करना चाहिए। यूपी सरकार के कांवड़ की ऊंचाई निर्धारित करने तथा डीजे पर प्रतिबंध लगाने से ध्वनि प्रदुषण पर रोक लगी है। जिससे बीमार व्यक्तियों और जनता को बहुत राहत मिली है। उत्तराखंड सरकार को भी भविष्य में कांवड यात्रा के लिए गाईड लाईन निर्धारित करने के साथ अधिक मात्रा में गंगा जल ले जाने तथा झांकियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना चाहिए।

# अंबरीष कुमार विचार मंच के अध्यक्ष सोम त्यागी ने घोषित की कार्यकारिणी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अंबरीष कुमार विचार मंच के अध्यक्ष सोम त्यागी ने मंच की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान कार्यकारणी की घोषणा करते हुए सोम त्यागी ने बताया कि कार्यकारिणी के मार्गदर्शक मण्डल में सोनीपत से कांग्रेस अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुरली मनोहर, प्रियवंदा गुप्ता, नंदलाल राणा. अजय शर्मा, नरेश मेहता, मोहन अधिकारी. अजमोद मोदी, क्षेत्रपाल सिंह चौहान. कमर आलम. विपिन गर्ग, राव अफजल विजय शर्मा, चौधरी गुलबीर सिंह, महेश दास, सन्तोष मित्तल, विनोद वर्मा, राकेश त्रिपाठी, अश्वनी कुमार मित्तल, लक्ष्मी नारायण मिश्रा को शामिल किया गया है। संरक्षक मण्डल में अशोक टन्डन मुकुल जोशी, अमरेश देवी बालियान, मोहनलाल मिन्टो, हाजी अफतार अहमद. हाजी नसीम अहमद कुरैशी, अनिल कुमार आत्रेय, सुभाषचन्द गुप्ता, जसवन्त सिंह चौहान, संजीव नैयर. पुष्प नाथ शर्मा, राजेन्द्र चुटेला, भुवनेश पाठक, नरेन्द्र उपाध्याय, वासुदेव मिश्रा. प्रदीप त्यागी, निलेश चौहान, विदेश गुप्ता, राकेश त्रिपाठी शामिल हैं।



सोमत्यागी ने बताया कि हाजी इरफान अंसारी, इसरार अहमद, सुरेंद्र गिरी, राजेंद्र भारद्वाज, उपाध्यक्ष, विजय कुमार प्रजापति, देवाशीष भटटाचार्य, अंकित चौहान महामंत्री, संयोजक महिला मंच सारिका त्यागी, मधु भाटिया, रेखा गुप्ता महिला मंच की संयोजक, सरोज सहसंयोजक, उत्कर्ष वालिया, अनन्त पाण्डे, रवि कुमार लड्डू संगठन मंत्री नियुक्त किए गए है। धनीराम शर्मा, अनिल कुमार, इकबाल मुन्ना, राजू चितकारा, भूषण शर्मा मंत्री, उज्जवल वालिया कार्यालय प्रभारी तथा सद्दीक गाड़ा, अरविन्द शर्मा, सुमित सरदार, संजय शर्मा ठेकेदार, याशिद अंसारी, साबिर प्रधान, इरफान, जावेद आलम, यशपाल मलिक, मुन्ना मास्टर, विशाल सिखौला, मुकेश शर्मा, राकेश बुद्धिराजा, चन्दन शर्मा, तीरथ भाटिया, दीपक कोरी, गिरेन्द्र भारती, शाहबुद्दीन अंसारी, बलराम गिरी कड़क, रियाज अंसारी, हरीश भाटिया, नवीन सैन, दिनेश वालिया, जावेद आलम, अरविंद शर्मा, कमल सैनी, सोनू सैनी, प्रदीप कुमार, सोमपाल सैनी, आन्नद राठौर, अजय राठौर, राहुल राठौर, धर्मराज सैनी, नरेन्द्र गौगी, पार्षद अकरम अंसारी, विवेक भूषण विक्की, रोहित सेठी, नोमान अंसारी कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए गए हैं। सोम त्यागी ने कहा कि अमरीश कुमार विचार मंच जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष करेगा। मंच के माध्यम से दबे कुचले लोगों के लिए संघर्ष किया जाएगा। जनहित के मुद्दों को लेकर आवाज उठायी जाएगी। पूर्व पार्षद इसरार अहमद ने कहा कि जात पात व धर्म के नाम पर लोगों के बांटने वाले लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। मंच सोहार्द बनाने के लिए काम करेगा। गरीब असहाय निर्धन परिवारों के संघर्ष की लड़ाई लड़ने का काम करेंगे।

# हजरत शाह मंसूर अली की मजार का ध्वस्तीकरण के नोटिस का दिया स्पष्टीकरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत धनपुरा में हजरत सैय्यद बाबा मंसूर अली शाह के मजार पर उपजिलाधिकारी कार्यालय से एक नोटिस चस्था किया गया था। नोटिस में दर्शाया गया की आपके द्वारा ग्राम पदार्था उर्फ धनपुरा के ख०सं० 234 पर जो कि राजस्व अभिलेखों के अनुसार श्रेणी 6(१) जोहड के नाम दर्ज है। उक्त भूमि पर धार्मिक संरचना मजार का निर्माण किया गया है, जो कि अवैध अतिक्रमण की श्रेणी में आता है। अतिक्रमण के संबंध में किसी निर्माण को ध्वस्त करने के विषय में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन (सिविल) स० 295/2022. रिट पिटीशन (क्रिमिनल) सं० 162/2022 तथा रिट पिटीशन (सिविल) स० 328/2022 में पारित आदेश दिनांक 13.11. 2024 के द्वारा निर्देश पारित किये गये है।

शनिवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य मोव मुस्तफा, पूर्व उपप्रधान सलीम अहमद, मुर्सलीन ने नोटिस पर आपत्ति दर्ज कराते हुए उपजिलाधिकारी को बताया आपके कार्यालय द्वारा नोटिस संख्या-3992 दिनांक 15 जुलाई को जारी किया जो आपके कर्मचारियों द्वारा 18 जुलाई को हजरत सैय्यद बाबा मंसूर अली शाह के मजार जो कि ग्राम पदार्था उर्फ धनपुरा तहसील व जिला हरिद्वार के कब्रिस्तान खसरा संख्या 231 में है, चस्पा किया गया है। उक्त मकान कब्रिस्तान में बहुत पुरानी बनी हुई है जो कि खसरा नम्बर 234 जोहड का नम्बर है, और मजार जोहड के खसरा नम्बर में नही है। उक्त मजार कब्रिस्तान के खसरा नम्बर में ही बनी हुई है और कई सौ साल पुरानी दरगाह है। लगभग पांच-छः वर्ष पूर्व इस कब्रिस्तान की बाउन्ड्री आ रहा है। जिसका बदन नम्बर-न्ज्ञभ्क3305 है। उक्त मजार किसी अल्पसंख्यक विभाग/सरकार द्वारा बनाई गई थी जो उस समय लेखपाल, कानूनगो व तहसीलदार के द्वारा पैमाइश कराकर बाउन्ड्री कराई गई थी। उक्त मजार कब्रिस्तान के खसरा नम्बर में ही बनी है जो वैध है। उक्त कबिस्तान वक्फ बोर्ड में दर्ज चला अन्य भूमि पर अतिक्रमण कर नहीं बनाया है। इस दौरान समाज सेवी कार्यकर्ता मोहम्मद सलीम, मास्टर मुरसलीम अंसारी, प्रधान प्रतिनिधि तस्लीम अहमद, एडवोकेट आजम अंसारी, एडवोकेट रियाल मालिक, उपस्थित रहे।



# पत्नी और उसके मायके वालों पर मारपीट, चोरी का आरोप

**युवक ने एसएसपी शिकायत प्रकोष्ठ में दर्ज कराई शिकायत**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चार दिन पहले कोतवाली परिसर में पति पर तीन तलाक देने और मारपीट का आरोप लगाने वाली विवाहिता के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। अब पति ने ही पत्नी और उसके परिजनों पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसएसपी शिकायत प्रकोष्ठ में शिकायत दर्ज कराई है। दिलनवाज पुत्र सईद अहमद निवासी गायत्री विहार कॉलोनी ग्राम सराय ने शिकायत में बताया कि उसकी शादी 26 फरवरी 2020 को सराय क्षेत्र निवासी युवती से हुई थी और उनके दो बेटे हैं। शादी के बाद से ही पत्नी आए दिन झगड़ा करती थी और अपने परिजनों के बहकावे में आकर उसकी मां से भी दुर्व्यवहार करती थी और मायके चली जाती थी। वर्ष 2020 में परिवार न्यायालय में वाद दायर किए जाने के बाद कुछ समय बाद पत्नी उसके साथ रहने लगी थी। लेकिन 15 जुलाई को मायके जाने की बात कहने लगी। मां के स्वास्थ्य में सुधार होने पर उसे जाने के लिए कहा तो गालियां देते हुए झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी और ज्वालापुर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। सुलह के बाद वह घर तो आ गई, लेकिन उसी दिन शाम को उसने अपने माता-पिता, बहन, मौसेरे भाई और मामा को बुला लिया। आरोप लगाया कि उसके घर का ताला तोड़ा गया और घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात, नकदी, महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर लिए गए। बच्चों को भी साथ लेकर चले गए। जब उसकी मां, भाभी और बहन ने रोकने की कोशिश की तो उनसे मारपीट की गई। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच कराई जाएगी।

## जब संसार में कुछ नही था, तब शिव ही थे : कैलाशानंद गिरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री दक्षिण काली मंदिर में आयोजित निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी की विशेष शिव साधना निरंतर जारी है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त स्वामी कैलाशानंद गिरी द्वारा किए जाने वाले रूद्राभिषेक के साक्षी बन रहे हैं। भक्तों को शिव महिमा का सार समझाते हूए स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि शिव अनादि हैं। जब संसार में कुछ नही था। तब शिव ही थे। समस्त संसार शिव से ही उत्पन्न होता है और उनमें ही समाहित हो जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव जलाभिषेक से प्रसन्न होते हैं। वह शिव का प्रिय बन जाता है और जीवन धन, धान्य और आरोग्य से परिपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा कि शिव सहज और सरल हैं। उनकी कृपा प्राप्त करना अत्यन्त सरल है। भगवान शिव में विश्वास करते हुए नियम धारण कर प्रतिदिन उनका जलाभिषेक करें। शिव को इससे अधिक कुछ नहीं चाहिए। जलाभिषेक करते समय माता पार्वती का भी ध्यान करें तो शिव शक्ति की सम्मिलित कृपा के पात्र बन जाते हैं। स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज के शिष्य स्वामी अर्वतिकानंद ब्रह्मचारी महाराज ने बताया कि गुरूदेव की विशेष शिव साधना का श्रावण पूर्णिमा को होगा।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ**
**डी.एस. वर्मा**
मो.: 9411100741
**संतोष कुमार**
मो.: 9760287392

# कांवड़ मेला : हर वर्ष टूट रहे भीड़ के रिकॉर्ड

**युवाओं ने बदल दिया कांवड़ का स्वरूप**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार में प्रतिवर्ष दो बार आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा में सावन कांवड़ में भीड़ के रिकॉर्ड हरवर्ष टूट रहे हैं। इसबार प्रशासन का पांच से सात करोड़ कांवड़ियों के आगमन का अनुमान है। हरिद्वार में वर्ष में दो बार फागुन और सावन में कांवड़ मेला आयोजित होता है। हालांकि फागुन की कांवड़ यात्रा को प्राचीन माना जाता है क्योंकि महाशिवरात्रि फागुन में ही आती है लेकिन भीड़ की दृष्टि से सावन का कांवड़ मेला अब महामेला बन गया है। फागुनी कांवड़ में जहां श्रद्धालुओं की संख्या महज कुछ लाख तक सीमित रहती है वहीं सावन कांवड़ मेले में अब भीड़ के रिकॉर्ड टूटने लगे हैं। 13 दिन के इस मेले में हरिद्वार में चार महीने चलने वाले कुंभ से भी अधिक लोग पहुंचने लगे हैं। इसका बड़ा कारण सड़कों, संसाधनों का विकास, कांवड़ का बदलता स्वरूप और सावन कांवड़ में युवाओं के बढ़ते समावेश को माना जा रहा है।




एक वक्त कांवड़ यात्रा में प्रायः बुजुर्ग और प्रौढ़ ही आया करते थे जो पूर्ण भक्ति भाव से पारंपरिक कांवड़ में छोटी-छोटी कांच की शीशियों जिन्हें सागर कहा जाता था, उनमें जल लेकर जाया करते थे। नब्बे के दशक से कांवड़ मेले में युवाओं की बढ़ती सहभागिता ने इसका स्वरूप ही बदल दिया। अब कांवड़ यात्रा भक्ति के साथ साथ मौज-मस्ती की यात्रा भी हो चली है। जिसमें डीजे आदि आनंद की वस्तुएं भी जुड़ गई हैं। साथ ही कांवड़ यात्रा के कठोर नियमों जिनमें व्यस्नों से दूर रहने की वर्जना थी को भी अब तिलांजलि दे दी गई है।डाक कांवड़, वाहन कांवड़ भी नये दौर की उपज हैं, जिनके मूल में भक्ति से कहीं ज्यादा आनंद निहित है। लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार, घर घर वाहनों का होना और सड़कों के विस्तृत होते जाल को भी कांवड़ मेले में भीड़ बढ़ने का एक कारण माना जा रहा है।

**12 सालों में तीन गुना बढ गई भीड़**

| | |
|---|---|
| 2013 | 1 करोड़ 95 लाख। |
| 2014 | 2 करोड़ 20 लाख। |
| 2015 | 2 करोड़ 40 लाख। |
| 2016 | 2 करोड़ 60 लाख। |
| 2017 | 3 करोड़ 70 लाख। |
| 2018 | 3 करोड़ 77 लाख। |
| 2019 | 3 करोड़ 30 लाख। |
| 2020 | स्थगित (कोविड) |
| 2021 | स्थगित (कोविड) |
| 2022 | 3 करोड़ 79 लाख। |
| 2023 | 4 करोड़ 07 लाख। |
| 2024 | 4 करोड़ 35 लाख। |

**(सभी आंकड़े पुलिस के रिकॉर्ड से)**

कांवड़ मेले में भीड़ की संख्या हरवर्ष बढ़ रही है। गतवर्ष चार करोड़ से अधिक श्रद्धालु आए थे। अभी तक जो फीडबैक है उससे इसबार पांच से सात करोड़ कांवड़ियों के आगमन का अनुमान है। तदनुसार ही सभी व्यवस्थाएं की गई हैं।
**- विनय शंकर पाण्डेय,** कमिश्नर गढ़वाल।

## शिवसैनिकों ने कांवड़ियों को वितरित किए फल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शिवसेना यूबीटी के जिला प्रमुख विशाल शर्मा के संयोजन में शिव सैनिकों ने कांवड़ लेकर लौट रहे शिव भक्तों को फल वितरित किए। विशाल शर्मा ने कहा कि कांवड़ मेला भगवान शिव के प्रति आस्था का प्रतीक है। करोड़ों शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ों में गंगाजल लेकर कठिन पैदल यात्रा करते हुए अपने गंतव्यों तक जाते हैं। ऐसे में कांवड़ियों की सेवा करना सभी का दायित्व है। फल वितरण करने वालों में मोहित गुर्जर, मनोज कुमार, सीताराम प्रजापति, ओमकार चौधरी, मोनू शर्मा, आकाश शर्मा, सचिन धीमान, सोनू धीमान, भोला कश्यप, सुभाष, नीतू, सनी बाल्मिकी, विकास धीमान, सुभाष कुमार आदि शामिल रहे।

# सीएचसी चकराता के स्थानांतरण पर गरमाया मामला, स्थानीयों को आपत्ति

**■ स्वास्थ्य केंद्र में सुधारों की घोषणा, डीपीआर निर्माण के निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को संभावित रूप से दूसरी जगह स्थानांतरित किए जाने की खबरों से स्थानीयों में आक्रोश है। चकराता दौरे पर आए जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल ने सीएचसी का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के साथ ही अस्पताल के भविष्य को लेकर लोगों की चिंता को गंभीरता से लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में मौजूद चिकित्सा सेवाओं, स्टाफ की उपलब्धता और संसाधनों की समीक्षा की। उन्होंने महिला ओपीडी, प्रसव कक्ष और औषधि वितरण प्रणाली को और बेहतर करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही खराब हो चुकी आरवीजी मशीन को तत्काल दुरुस्त कराने तथा चिकित्सकों के रिक्त पद शीघ्र भरने को कहा गया।

**स्थानांतरण के विरोध में सामने आए ग्रामीण और व्यापारी**

अस्पताल परिसर में आयोजित बैठक के दौरान व्यापारियों और ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि अस्पताल को ग्वासा पुल के समीप स्थानांतरित करने की योजना आम जनता के हित में नहीं है, क्योंकि वह क्षेत्र दुर्गम है और वहां तक किसी भी प्रकार की सार्वजनिक परिवहन सुविधा नहीं है। लोगों ने इस कदम को ग्रामीणों की स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित करने वाला बताया।

स्थानीयों ने बताया कि चकराता सीएचसी न केवल छावनी क्षेत्र, बल्कि आसपास के सैकड़ों गांवों लिए प्राथमिक चिकित्सा केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है। यदि इसे दूरस्थ क्षेत्र में स्थानांतरित किया गया, तो मरीजों को पहुंचने में कठिनाई होगी और आकस्मिक चिकित्सा संकट में परेशानी बढ़ेगी।

छावनी परिषद पर हुई चर्चा, भवन निर्माण पर सहमति

जनता की आपत्ति सुनने के बाद जिलाधिकारी ने मौके पर ही छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी आर.एन. मंडल से इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। सीईओ ने बताया कि यदि प्रस्तावित भवन प्लान छावनी परिषद को प्रस्तुत किया जाए, तो निर्माण की अनुमति देने में कोई आपत्ति नहीं है। जिलाधिकारी ने जौनसार बावर की लाइफ लाईन कालसी चकराता मोटर मार्ग पर भूस्खलन क्षेत्रों और क्षतिग्रस्त सड़क का जायजा लिया और साहिया के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी चकराता प्रेमलाल को निर्देश दिए कि अस्पताल की भूमि का सीमांकन कराते हुए लोक निर्माण विभाग को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुविधाओं को सर्वोपरि रखते हुए यथास्थान पर ही स्वास्थ्य केंद्र को सुदृढ़ और आधुनिक बनाया जाएगा। जिलाधिकारी की तत्परता और स्पष्ट रुख के बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने संतोष प्रकट करते हुए उम्मीद जताई कि अस्पताल को चकराता से अन्यत्र नहीं ले जाया जाएगा।

इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष केशर सिंह चौहान, रवीश अरोड़ा, अनिल चौहान, डॉ. नंदलाल भारती, तीर्थ कुकरेजा, गजेंद्र रावत, राजेंद्र सिंह चौहान, सनी आनंद, सुनील जैन (कांग्रेस अध्यक्ष), अनुभव अरोड़ा, पंकज जैन, सलकराम जोशी, अमित जोशी, अमर सिंह, अनूप चौरसिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और व्यापारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने किए दो शातिर मोबाइल चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना सेलाकुई** पुलिस ने 2 शातिर मोबाइल चोर गिरफ्तार किए। पुलिस ने दोनों चोर के कब्जे से चोरी के 2 मोबाइल व 1 देशी तमंचा 315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस व 1 अदद खुखरी नाजायज बररामद की। वादी सत्यवीर पुत्र स्व0 फूल सिंह निवासी ग्राम शेरगढ थाना अफजलगढ जिला बिजनौर (उ0प्र0) हाल निवासी-सेलाकुई देहरादून के द्वारा थाना सेलाकुई पर सूचना दी की अज्ञात चोरों के द्वारा सेलाकुई स्थित उनके घर के अंदर से 2 मोबाइल फोन चोरी कर लिये है सूचना के आधार पर थाना सेलाकुई पर धारा 305(ए) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत करते हुए विवेचना प्रारंभ की गई, अभियोग सफल अनावरण को थानाध्यक्ष सेलाकुई द्वारा थाना स्तर पर एक पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम मुखबिर खास की मदद से चेकिंग/गश्त के दौरान धूलकोट तिराहे के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों 1. फैजान पुत्र नूर आलम निवासी बड़ा गोहर रामपुर शंकरपुर सहसपुर व शहबान पुत्र फुरकान बड़ा गोहर रामपुर शंकरपुर सहसपुर के कब्जे से चोरी किये गये 2 मोबाइल फोन, 1 अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 2 जिंदा कारतूस 315 बोर तथा 1 खुखरी बरामद किए गए है। आरोपियों को मोबाइल चोरी एवं अवैध आर्म्स एम्यूनेशन रखने के जुर्म धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस व 25/3/4 आर्म्स एक्स के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों चोरों को कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनो का जेल भेज दिया गया।

पुलिस टीम में अपर उ0नि0 उमेद असवाल, हे0का0 रिंकेश कुमार, सिपाही अश्वनी कुमार, मौ0 इरशाद शामिल रहे।

# सेपियंस स्कूल विकासनगर में लोकतंत्र का लाइव पाठ्यक्रम

**■ छात्रों ने निभाई जन प्रतिनिधियों की भूमिका जागरूकता का दिया संदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेपियंस स्कूल, विकासनगर में एक विशेष पाठन सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने जनप्रतिनिधियों की भूमिका निभाते हुए जागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने ग्राम पंचायत और जिला पंचायत चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया का जीवंत मंचन किया। नामांकन से लेकर प्रचार, मतदान और परिणाम तक की प्रत्येक प्रक्रिया को छात्रों द्वारा प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

इसके माध्यम से यह भी बताया गया कि कैसे कुछ राजनेता झूठे वादों और बहकावे से आम जनता को भ्रमित करते हैं। विद्यार्थियों ने जोर देकर कहा कि "वोट एक अमूल्य अधिकार है, इसका सही और सोच-समझकर प्रयोग किया जाना चाहिए।" कार्यक्रम का संचालन अध्यापक गुरदीप सिंह, अध्यापिका नेहा सिंह, आकांक्षा, शैली, सुमालती तथा रेशमा ने किया। इस मौके पर विद्यालय की निदेशका रश्मि गोयल, विद्यार्थियों में अमरप्रीत कौर, भवनीत कौर, अंशिता सिंह, वंशराज थापा, नक्षत्रा, दीपांशी, विन्सी, रविंदर, वैष्णवी, सोनाक्षी, पावनी, संस्कृति, निहारिका थापा और निहारिका शामिल रहे।

# पुलिस ने शराब के जखीरे के साथ दो शराब तस्कर पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** कोतवाली विकासनगर पुलिस ने 202 पेटी (117 पेटी रॉयल स्टैग', 35 पेटी इम्पेरियल ब्लू, 35 पेटी डिस्काउंट व 15 पेटी रॉयल जनरल) अंग्रेजी शराब परिवहन करते 2 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों तस्करों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनो आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

एसपी देहात एवं सीओ विकासनगर के निकट पर्यवेक्षण में आज शनिवार की प्रातः गठित पुलिस टीम द्वारा चौकिंग के दौरान भूरेशाह मजार जाने वाले रास्ते निकट कुल्हाल से एक व्यक्ति रोहतास पुत्र



रामचंद्र उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम मंडल पोस्ट ऑफिस मंडल तहसील मंडल जिला भिवानी हरियाणा, व आनंद पुत्र लखीराम उम्र 30 वर्ष निवासी बड़ा गांव पोस्ट ऑफिस बड़ागांव जिला करनाल हरियाणा को वाहन संख्या एचआर61 ई 0364 पिकअप से 202 पेटी (117 पेटी रॉयल स्टैग, 35 पेटी इम्पेरियल ब्लू, 35 पेटी डिस्काउंट व 15 पेटी रॉयल जनरल) अंग्रेजी शराब परिवहन करते गिरफ्तार किया गया।

पुलिस टीम में निरीक्षक विनोद सिंह गुसाईं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विकासनगर, वरि0उ0नि0 अशोर राठौर कोतवाली विकासनगर, उ0नि0 विकसित पंवार चौकी प्रभारी कुल्हाल कोतवाली विकासनगर, उ0नि0 सनोज कुमार चौकी प्रभारी हरबर्टपुर, सिपाही नितिन कुमार, गौरव चौकी कुल्हाल मुकेश चौकी कुल्हाल कोतवाली विकासनगर शामिल रहे।

एस0टी0एफ0 टीम में उ0नि0 दीपक मैठानी एस0टी0एफ0 देहरादून, हे0कानि0 मनमोहन कुकरेती एस0टी0एफ0 देहरादून, हे0कानि0 अर्जुन सिंह रावत एस0टीएफ0 देहरादून, दीपक एस0टी0एफ0, वीरेन्द्र एस0टी0एफ0 शामिल रहे।

**एक नजर .......**

## 31 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को दबोचा

**सहसपुर।** थाना सहसपुर पुलिस ने 31 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक शराब तस्कर विजयपाल पुत्र बनारसीदास निवासी फतेहपुर धर्मावाला थाना सहसपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में उ.,नि. विवेक राठी (चौकी प्रभारी धर्मावाला कोतवाली सहसपुर ), उपनिरीक्षक सनोज चौकी प्रभारी हरबर्टपुर, अपर उपनिरीक्षक योगेंद्र चौहान एसटीफ, सिपाही सचिन, आमिर हुसैन एसटीएफ, सिपाही राजेंद्र व अनिल सालार शामिल रहे।

## 10.50 ग्राम स्मैक के साथ एक नशा तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता** सहसपुर। कोतवाली सहसपुर पुलिस की अवैध नशे के विरुद्ध कार्यवाही में 10.50 ग्राम स्मैक के साथ 1 नशा तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। कोतवाली सहसपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत शानिवार को चौकिंग के दौरान 'धर्मावाला चौक से सभावाला की तरफ प्रतीतपुर को जाने वाले रास्ते पर' एक व्यक्ति सद्दाम पुत्र इकराम निवासी खुशहालपुर थाना सहसपुर को 10.50 ग्राम स्मैक (मार्फिन) के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में व0उ0नि0 विकास रावत थाना सहसपुर, उ0नि0 विवेक राठी, सिपाही शंकर सिंह, अजीत सिंह शामिल रहे।

## सहसपुर पुलिस ने ड्रग्स के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाया

**सहसपुर।** जीवन को अपनाओ, नशा छोड़ो, इस अभियान में कोतवाली सहसपुर पुलिस द्वारा नशामुक्ती केन्द्र फतेहपुर में जन जागरूकता अभियान चलाया गया है, जिसमे युवाओ को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी दी गयी व अपील की गयी की अपने आस पास कहीं भी नशे का सेवन या बिक्री की जा रही हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें. सूचना देने वाले का नाम पता गुप्त रखा जायेगा।

## श्री देव सुमन उपजिला चिकित्सालय को ईएनटी विभाग के दिए उपकरण दिए

**सहिया।** स्वामी विवेकानंद फाउंडेशन द्वारा श्री देव सुमन उपजिला चिकित्सालय नरेंद्रनगर टिहरी को ओएनजीसी के सीएसआर मद के सहयोग से इ0एन0टी विभाग के उपकरण दिए गए। मुख्य अतिथि डॉ. श्याम विजय सीएमओ टिहरी, विशिष्ट अतिथि नीरज कुमार शर्मा एचसीए ओएनजीसी अतिविशिष्ट अतिथि सचिन गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। ओएनजीसी के अधिकारी नीरज शर्मा जी ने बताया की ओएनजीसी लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु आगे भी प्रयासरत रहेगी। इस मौके संस्था संरक्षक और कार्यक्रम अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने बताया की संस्था उत्तराखंड के दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढीकरण को लेकर प्रयासरत रही है और भविष्य में भी आवश्यक्तानुसार संस्था अपना योगदान देते रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्याम विजय, ओएनजीसी के पदाधिकारी विशाल कुमार शर्मा, अवनीश यादव चिकित्सालय अधीक्षक, डॉ सुनीता कुमारी, अनूप कृषाली फार्मेसी अधिकारी, आरएस मेहरा, सुनीता नेगी नर्सिंग अधिकारी, संस्था के सदस्य दीपक जोशी, प्रकाश खोलिया, वीरेंदर व समस्त चिकित्साकर्मी उपस्थित रहे।

## बंदियों को दी विधिक साक्षरता की जानकारी

**रुद्रप्रयाग।** जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर जिला कारागार चमोली में निरुद्ध बंदियो के लिए 'विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर' का आयोजन किया गया। साथ ही हरेला पर्व माह के उपलक्ष्य में जिला कारागार चमोली में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पायल सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार, प्रभारी कारापाल त्रिलोक चन्द्र आर्य, हिमांशु जोशी, तनिशा राजोरी सहित जेल कर्मचारी एवं बंदी गण उपस्थित थे।

# सेलाकुई पुलिस की गिरफ्त में आए मुजफ्फनगर व शामली के दो शातिर चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** थाना सेलाकुई पुलिस की गिरफ्त में आए उत्तर प्रदेश के 2 शातिर चोर, पुलिस दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक देसी तमंचा 315 बोर, 03 जिंदा कारतूस 315 बोर व एक खुखरी बरामद की।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 18 तारीख को वादी विकास सिंह पुत्र अनूप सिंह निवासी खसरा नं0 122 सेलाकुई देहरादून के द्वारा थाना सेलाकुई पर सूचना दी की अज्ञात चोरों के द्वारा सेलाकुई स्थित गोदाम के बाहर से उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई है सूचना के आधार पर थाना सेलाकुई पर धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत करते हुए विवेचना प्रारंभ की गई, अभियोग सफल अनावरण को थानाध्यक्ष सेलाकुई द्वारा थाना स्तर पर एक पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की मदद से चेकिंग/गश्त के दौरान पुराना गन्ना कांटा के पास सेलाकुई से मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों 1. गौरव पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम चंदेना थाना थानाभवन जिला शामली युपी व अक्षय कुमार पुत्र राजवीर निवासी ग्राम भैंसी थाना खतौली जिला मुजफ्फरनगर यूपी हाल मुर्गी फार्म के पास सेलाकुई के कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल सं0 एमपी05एमएक्स 6336 (हीरो एचएफ डीलक्स) तथा 1 अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 3 जिंदा कारतूस 315 बोर तथा 1 खुखरी बरामद किए गए है। आरोपियों को मोटर साइकिल चोरी एवं अवैध आर्म्स एम्यूनेशन रखने के जुर्म आर्म्स एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनो आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पीडी भट्ट थाना सेलाकुई, व0उ0नि0 जितेंद्र कुमार, हे0का0 महेन्द्र सिंह, सिपाही विकास कुमार, फरमान अली शामिल रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर मांडूवाला में छात्र संघ संसद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** छात्र संघ संसद शपथ ग्रहण समारोह सरस्वती विद्या मंदिर मांडूवाला में मनाया गया। जिसमें छात्र प्रधानमंत्री सेनापति तथा विभिन्न विभागों के मंत्रियों ने निष्ठा पूर्वक कार्य करने की शपथ ली। छात्र प्रधानमंत्री के रूप में शशांक जोशी प्रधानमंत्री, दीपांशी सेनापति, दिग्विजय और उप सेनापति शिवम पवांर ने शपथ ली।

विभिन्न विभागों के मंत्रियों, उप मंत्रियों तथा परिषदों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने भी शपथ ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट रविंद्र चौहान (विभाग कार्यवाह देहरादून, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने इस अवसर पर छात्र संसद के दायित्व कर्मियों को छात्र संसद का महत्व व उसे छात्रों के अंदर विकसित होने वाले कर्तव्य बहुत ईमानदारी निष्ठा व देशभक्ति जैसे गुण के संबंध में विस्तार पूर्वक समझाया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश मेंदोला, शिक्षक सरोज मेंडोला, शालिनी धीमान, प्रियंका सेमवाल, सुषमा जोशी, ऐश्वर्या, कनिका शर्मा, सतवीर,शारदा, दीपाली, संगीता, शालिनी पांडे, आस्था, प्रियंका धीमान, अनीता, यशोधरा, आरती, सार्थक, ज्योति, रितू, पंकज जुगराण, राहुल भट्ट, मोहन दीक्षित, आशीष गोसाई सपना तथा छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। प्री प्राइमरी के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

# जिला मुख्यालय को आदर्श नगर के रूप में विक्षित करने की जरूरत

**रुद्रप्रयाग।** द रुद्रा यूथ क्लब एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार और शिक्षा पर केन्द्रित तीन दिवसीय युवा संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय समस्याओं के निराकरण के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक विषमताओं पर चर्चा की गई।

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन रुद्रप्रयाग के सभागार में आयोजित कार्यशाला में वक्ताओं ने युवाओं को राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन के लिए दी जाने वाली स्कॉलरशिप एवं फेलोशिप के बारे में जानकारी दी।

# कांवड़ यात्रा में उपद्रवियों की बढ़ती मनमानी से व्यापारी परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** नगर उद्योग व्यापार मंडल अगस्त्यमुनि ने कांवड़ यात्रा के दौरान बाहरी राज्यों से आए कुछ उपद्रवी कांवड़ियों की हरकतों पर नाराजगी जाहिर करते हुए पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। व्यापार मंडल ने एक लिखित ज्ञापन के माध्यम से बताया कि यात्रा मार्गों पर तेज रफ्तार बाइक के ध्वनि प्रदूषण, नशा, उपद्रव और सड़कों पर मनमानी के चलते आमजन, व्यापारी, स्कूली बच्चे और आम जन सभी प्रभावित हो रहे हैं।व्यापार मंडल अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह नेगी ने थाना प्रभारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि कांवड़ यात्रा के नाम पर बाहरी राज्यों से आने वाले उपद्रवी यातायात एवं यात्रा अनुशासन की पूरी तरह अनदेखी कर रहे हैं। जिससे स्थानीय लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल के बच्चों, मरीजों और व्यापारियों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बाजारों में उत्पात मचाया जा रहा है और कानफोडू आवाज से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि पुलिस एवं प्रशासन की ओर से इस पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है, जिससे असामाजिक तत्वों के हौंसले बुलंद हो रहे हैं। अगर भविष्य में कोई अप्रिय घटना होती है तो स्थानीय व्यापारियों द्वारा कांवड़ यात्रियों का पूर्ण रूप से विरोध किया जाएगा।

# सेपियंस विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेपियंस विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अल्पाइन नेक्सस प्राइवेट लिमिटेड (आइस क्रीम फैक्ट्री) तथा काया बाइक प्राइवेट लिमिटेड (साइकिल फैक्ट्री) का किया गया शैक्षणिक भ्रमण।

गुरूवार को सेपियंस विद्यालय हरबर्टपुर तथा विकासनगर से कक्षा आठवीं के लगभग 300 छात्रों ने आइसक्रीम फैक्ट्री और काया बाइक प्राइवेट लिमिटेड (साइकिल फैक्ट्री) छरबा का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान अल्पाइन नेक्सस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर अंकित जैन और अंकित कंसल ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।



उन्होंने छात्रों को आइसक्रीम बनाने तथा फैक्ट्री में लगी आधुनिक मशीनों के माध्यम से छात्रों को विभिन्न प्रकार से विस्तृत जानकारी प्रदान की।

काया बाइक प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अजय बावा और मैनेजर नीरज तिवारी ने साइकिल बनने में प्रयोग होने वाले विभिन्न हिस्सों की विस्तृत जानकारी दी और छात्रों का मार्गदर्शन किया ।

इस अवसर पर सेपियंस विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स रश्मि गोयल, विकासनगर प्रधानाचार्य नवीन तनेजा तथा हरबर्टपुर ऑफिशियेटिंग प्रिंसिपल गीता नेगी ने बताया कि संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण हमारे छात्रों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण अनुभव रहा। इस प्रकार की शैक्षणिक यात्राएं न केवल छात्रों के ज्ञान को विस्तार देती हैं, बल्कि उन्हें उच्च शिक्षा की दिशा में भी प्रेरित करती हैं।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 65 के काटे चालान

**■ मोडिफाइड साइलेंसर, रैश ड्राइविंग के साथ बिना हेलमेट का किया जा रहा प्रयोग, पुलिस ने अपनाया सख्त रवैया, यातायात नियमों का पालन करने की दी हिदायत,**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** सावन मास में कांवड़ यात्री भारी संख्या में केदारनाथ, तुंगनाथ व मदमहेश्वर धाम पहुंच रहे हैं। इनमें दुपहिया वाहनों से पहुंच रहे यात्री नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। मोडिफाइड साइलेंसर के कारण जहां कानफाडू आवाज से शहरी बाजारों में लोगों का जीना मुश्किल हो गया है, वहीं तेज रफ्तार के चलते हर समय दुर्घटना का भय भी बना हुआ है। इसके साथ ही हेलमेट का भी प्रयोग नहीं किया जा रहा है। ऐसे में जनपद पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 65 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किए। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत भी दी।

पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मनोज नेगी एवं निरीक्षक यातायात श्याम लाल के नेतृत्व में पुलिस ने चौकी जवाड़ी बाईपास में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान जनपद क्षेत्रान्तर्गत आने-जाने वाले वाहनों की वाहनों की सघन चेकिंग की गई। चौकिंग के दौरान मोडिफाइड साइलेंसर प्रयोग करने वाले 30 तथा रैश ड्राइविंग तथा बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन संचालन करने पर 35 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान निरन्तर जारी है। प्रभारी कोतवाल मनोज नेगी ने बताया कि

# शटल पार्किंग के पास खाई में गिरा व्यक्ति

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा मार्ग के गौरीकुंड शटल पार्किंग के पास एक अज्ञात व्यक्ति गहरी खाई में जा गिरा। गनीमत यह रही कि उक्त व्यक्ति मंदाकिनी नदी में नहीं बहा। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रस्सी की मदद से खाई में उतरकर स्ट्रेचर से घायल व्यक्ति को सड़क मार्ग तक पहुंचाया, जिसके बाद घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

शनिवार शाम के करीब चार बजकर चालीस मिनट पर एसडीआरएफ को सूचना मिली कि गौरीकुंड के निकट एक व्यक्ति गहरी खाई में गिर गया है।

# विरोधियों को झटका, अनीस अहमद को मिला न्याय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** अपर जिला न्यायाधीश विकासनगर नंदन सिंह की अदालत ने सहसपुर ग्राम सभा के निवर्तमान प्रधान अनीस अहमद के खिलाफ विहित प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश को विधिक रूप से अवैध मानते हुए खारिज कर दिया। मामले में याचिकाकर्ता समीर अहमद ने प्रधान पद पर विजयी हुए अनीस अहमद के खिलाफ उपजिलाधिकारी/विहित प्राधिकारी के यहां चुनाव याचिका दायर की थी। जिसमें उनके हाईस्कूल के प्रमाण पत्र पर आपत्ति जताई गई थी।

अनीस अहमद ने उनके खिलाफ पारित आदेश 9 जुलाई 2024 से व्यथित होकर अपर जिला



न्यायाधीश विकासनगर की अदालत में याचिका योजित की थी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2019 में ग्राम पंचायत सहसपुर से प्रधान पद के चुनाव में अनीस अहमद ने प्रतिभाग किया था।

जिसमें उन्होंने विजय हासिल की थी। अधिवक्ता संदीप कुमार बर्तवाल ने बताया कि अनीस अहमद के विरूद्ध चुनाव याचिका को विहित प्राधिकारी द्वारा समयावधि 90 दिन की अवधि पूर्ण होने के लगभग 55 दिन उपरान्त स्वीकार किया गया, विधिक संगत नहीं था।

उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली में निर्धारित समय सीमा 90 दिन निर्धारित की गयी है। इसे आधार मानते हुए न्यायालय ने विहित प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश को विधिक रूप से अवैध मानते हुए खारिज किर दिया। अनीस अहमद ने अदालत की फैसले पर खुशी जताते हुए कहा कि चुनाव याचिका राजनीतिक प्रतिद्वंतता और द्ववेश की भावना से की गई थी।

# ट्रंचिंग ग्राउंड के पास बना कट फिर बना हादसे का सबब

## लखनऊ के श्रद्धालु हल्द्वानी में हादसे का शिकार, पांच लोग घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुछ दिन पहले ही कार सवार दो युवक और दो बहनें ट्रक की चपेट में आ गई थीं। अब एक बार फिर गौला बाईपास पर ट्रंचिंग ग्राउंड के पास हाईवे पर बना कट हादसे की वजह बना गया। लखनऊ से कैंची धाम दर्शन के लिए निकला कार सवार परिवार कूड़ा ले जाने वाले ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे में कार सवार परिवार बच तो गया, लेकिन बुरी तरह घायल हो गया। सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार लखनऊ के विवेक पांडे निवासी राजन पांडे, प्रज्वल तिवारी, अनक दुबे, शिवम पांडे व शगुन पांडे कार में सवार होकर कैंची धाम दर्शन के लिए निकले थे। शनिवार को हल्द्वानी पहुंचने के बाद कार सवार गौला बाईपास होते हुए नरीमन तिराहे को जा रहे थे। ट्रंचिंग ग्राउंड के पास तेज रफ्तार कार, कूड़ा गाड़ी से टकरा गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार पांचों लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची बनभूलपुरा पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बताया जाता है कि कार गौलापुल की ओर जा रही थी। जबकि कूड़े का ट्रक कूड़ा उतारने के बाद ट्रंचिंग ग्राउंड के सामने बने कट से विपरीत दिशा में घुसा और तभी हादसा हो गया। प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि सड़क पर बना कट हादसे का कारण बना। कूड़ा उतारने के बाद कूड़ा गाड़ी विपरीत दिशा को मुड़ रही थी। इसी बीच कार कूड़ा गाड़ी से टकरा गई। उन्होंने बताया कि घायलों में महिला को अधिक चोट आई है। राजन पांडे व शिवम पांडे सगे भाई हैं। पुलिस ने घायलों के परिवारों को सूचित कर दिया है, और इस मामले में तहरीर मिलने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।



## पुलिस ने दो शराब तस्करों को दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखानी पुलिस ने स्मैक व बनभूलपुरा पुलिस ने अवैध शराब पकड़ी है। तस्करी मामले में पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार नशे के खिलाफ मुखानी पुलिस द्वारा चैकिंग अभियान चलाया गया था इसी दौरान मुखानी पुलिस ने रिलायंस मार्ट के पीछे एक खंडहर से कालिका कॉलोनी गली नंबर-2 लोहारियासाल तल्ला मेहरागांव मुखानी निवासी शिवम भट्ट पुत्र प्रकाश चन्द्र भट्ट को 6.21 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। वहीं दूसरी ओर बनभूलपुरा पुलिस ने केमू स्टेशन के पास वार्ड-13 राजपुरा शिवमंदिर निवासी बिलाल पुत्र अशोक बाल्मीकि को 71 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए दोनों तस्करों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# दिव्यांगों को मुख्यधारा में लाने को पतंजलि में लगेगा निशुल्क शिविर

### 26 और 27 जुलाई को शिविर का होगा आयोजन
### पतंजलि से कर सकते हैं संपर्क

**हरिद्वार।** दिव्यांग व्यक्ति का आत्मसम्मान लौटे और वह देश की मुख्यधारा से जुड़ सके, इस ध्येय को लेकर पतंजलि और उद्धार (एनजीपी, नागपुर) जेफरीज के संयुक्त तत्वावधान में 26 और 27 जुलाई को निशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में लगाया जाएगा।

शिविर में रजिस्ट्रेशन के लिए पतंजलि योगपीठ के रिसेप्शन पर संपर्क किया जा सकता है। शिविर में सैकड़ों दिव्यांगों को कृत्रिम अंग लगाने की योजना हैं। कृत्रिम पैर (जयपुर फुट), पोलियो कैलिपर, कृत्रिम हाथ शिविर में निशुल्क मिलेगा। शिविर को लेकर जानकारी दी गई कि लाभार्थियों को आवश्यक दस्तावेज में विकलांगता प्रमाण पत्र, फुल बॉडी फोटो (पूरा शरीर दिखता हो) को साथ लाना है। लाभार्थी के साथ एक व्यक्ति का होना जरूरी होगा। निशुल्क शिविर में अंतिम चयन फिटिंग तकनीकी टीम द्वारा तय की जाएगी। स्वामी रामदेव जी और आचार्य बालकृष्ण का कहना है कि देश का हर व्यक्ति सामर्थ हो। दिव्यांगों को भी मुख्यधारा में आने का पूरा हक है। खेल से लेकर कई क्षेत्र में दिव्यांगजनों ने अपनी काबिलियत दिखाई है। यह शिविर उनके लिए बहुत ही उपयोगी होगा। इस शिविर का उद्देश्य यही है कि दिव्यांगजन अपनी दिनचर्या सामान्य इंसान की तरह जी सके। दौड़ सके, चल फिर सके। उन्होंने कहा कि बड़ी से बड़ी तादाद में आकर शिविर से दिव्यांगजन लाभान्वित हो सकें। बता दें कि समिति द्वारा कृत्रिम पैर दिव्यांगों को प्रदान किया जाता है तथा पोलियो/सेरेब्रल पाल्सी के रोगियों को कैलिपर्स दिए जाते हैं। जयपुर फुट को उसकी श्रेष्ठ बनावट और सरल निर्माण विधि के लिए विश्वभर में मान्यता प्राप्त है। निशुल्क शिविर में कुछ ही घंटों में माप लेकर अंग प्रदान कर दिया जाएगा, जिससे विकलांग व्यक्ति उसी दिन चलने लगता है।

# पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पंचायत चुनाव को निष्पक्ष एवं त्रुटिहीन सम्पन्न कराने के लिए मेडिकल कालेज सभागार में शनिवार को सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट के साथ ही पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ को सैद्धांतिक व व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी ने कहा कि हर निर्वाचन एक नया निर्वाचन होता है और उसे संपन्न कराने के लिए आयोग द्वारा नए निर्देश जारी होते हैं। आयोग के दिशा निर्देशों का भलीभांति अध्ययन करते हुए प्रशिक्षण के दौरान अपनी शंका और संशय का समाधान करें। सभी कार्मिक पूरी विनम्रता एवं शालीनता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर बूथ पर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्वक संपन्न करें। मतदान के दिन बूथ पर दिव्यांग मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ने बताया कि मतदाता की पहचान के उपरांत मत करने से पूर्व अमिट स्याही मतदाता के बाएं हाथ की तर्जनी पर लगाई जाएगी तथा मतपत्र खड़े में मोड़ा जाएगा जिसका दायित्व मतदान अधिकारी प्रथम व द्वितीय का होगा। मास्टर ट्रेनरों ने मतपेटी खोलने एवं सील करने के बारे में भी प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में उपजिलाधिकारी केएन गोस्वामी, प्रभारी मास्टर ट्रेनर एचबी चंद, नोडल मतपेटी राजेन्द्र पाण्डे सहित जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट पीठासीन व मतदान अधिकारी मौजूद रहे।



# अतिक्रमण: प्रशासनिक कार्रवाई पर जनता में उबाल

## राजपुरा में खुली बैठक, सर्वसम्मति से उग्र आंदोलन की रणनीति पर चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवखड़ी नाले के किनारे बसे परिवारों के घरों पर जिला प्रशासन द्वारा लाल निशान लगाने की कार्रवाई के खिलाफ शनिवार को राजपुरा क्षेत्र में एक बड़ी खुली बैठक आयोजित की गई। बैठक में सैकड़ों स्थानीय निवासी, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

उपस्थित लोगों ने प्रशासन के कदम को तानाशाही करार देते हुए तीखा विरोध दर्ज कराया और चेतावनी दी कि यदि यह कार्रवाई तुरंत नहीं रोकी गई तो सड़क से लेकर अदालत तक लड़ाई लड़ी जाएगी।



बैठक में कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी ललित जोशी, निर्दलीय मेयर प्रत्याशी मनोज कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार पिन्नू, कांग्रेस जिला महामंत्री मलय बिष्ट, विपिन गुप्ता, अनिल कनौजिया, गांधी नगर के पार्षद रोहित और पार्षद पुत्र ध्रुव कश्यप सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि वे पिछले कई वर्षों से इन स्थानों पर रह रहे हैं, लेकिन अब अचानक प्रशासन द्वारा उनके घरों को अतिक्रमण बताते हुए लाल निशान लगाए जा रहे हैं, बिना किसी पूर्व सूचना या वैकल्पिक व्यवस्था के।

उनका कहना है कि प्रशासन का यह रवैया न सिर्फ अमानवीय है, बल्कि कानूनी और संवैधानिक अधिकारों का भी उल्लंघन है। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि प्रशासन ने अपनी कार्रवाई नहीं रोकी, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। लोगों ने स्पष्ट कहा कि वे चुप नहीं बैठेंगे और उजाड़नीति के खिलाफ हर मोर्चे पर संघर्ष करेंगे। प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि श्री जय प्रकाश पुत्र श्री मानवर सिंह सजवान निवासी- ग्राम:भरधार, हरियाली, कंडा,तहसील रुद्रप्रयाग, जिला रुद्रप्रयाग, उत्तराखंड।

विक्रय विलेख दिनांक19/12/2017 को सब- रजिस्टार रुद्रप्रयाग के बही संख्या 01, जिल्द संख्या 61 पर पृष्ठ संख्या 395 से 428,पर सीरियल संख्या - 380 एवं बही संख्या 01, जिल्द संख्या 62 पर पृष्ठ संख्या 1 से 28,पर सीरियल संख्या - 381 पर रजिस्ट्रीकरण किया गया। संपत्ति का विवरण - फसली वर्ष 1430 - 1435 खाता - खतौनी संख्या -139,खसरा संख्या -311,309म एवं 319, हिस्सा 0.05 है क्टेयर,ग्राम-पुनाड,परगना-वीरो(पुनाड),तहसील-रुद्रप्रयाग, जिला - रुद्रप्रयाग। जिसकी सीमाएं - इस प्रकार हैं:-

पूर्व में-बाके लाल का घर
पश्चिम में-नेशनल हाइवे-7
उत्तर में-भूमि (कांतिराम)
दक्षिण में-योगेशवर प्रसाद का घर

हम किसी भी व्यक्ति या संस्था को आमंत्रित करते हैं जो उपर्युक्त संपत्ति में किसी भी शीर्षक,हित या अधिकार का दावा करता हैं, कि वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात (7) दिनों के भीतर हमारी शाखा पंजाब नेशनल बैंक,रुद्रप्रयाग उत्तराखंड मैं संपर्क नंबर 8941870878 पर संपर्क करें। निर्दिष्ट अवधि के भीतर ऐसा करने में विफलता का मतलब होगा कि किसी भी पक्ष से कोई दावा नहीं हैं। और बैंक बंधक निर्णय के साथ आगे बढ़ेगा।

**न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय टिहरी गढ़वाल, नई टिहरी।**

सिविल अपील सं0-18 सन-2025

**वादीगण-** 1. श्रीमती गणेशी देवी उम-51 वर्ष, पत्नी श्री गुरूवर सिंह,
2. संजय सिंह उम्र-28 वर्ष, पुत्र श्री गुरूवर सिंह,
3. सूरत सिंह उम्र-25 वर्ष, पुत्र श्री गुरूवर सिंह,
4. कु0 शीतल उम्र-21 वर्ष, पुत्री श्री गुरूवर सिंह,
5. मोहित सिंह उम्र-18 वर्ष, पुत्र श्री गुरूवर सिंह निवासी ग्राम-दनसाड़ा, पट्टी-भरपुर, पोस्ट- खरसाड़ी, तहसील-देवप्रयाग, जिला-टिहरी गढ़वाल।

**बनाम**

**प्रतिवादीगण-** 1. उत्तराखण्ड राज्य सरकार द्वारा कलक्टर, महोदय, टिहरी गढ़वाल।
2. समस्त रिस्तेदारान, आम खास, एवं आम जनता, प्रधान ग्रामसभा-दनसाड़ा, पट्टी-भरपुर, पोस्ट-खरसाड़ी, तहसील-देवप्रयाग, जिला-टिहरी गढ़वाल।

आपको सूचित किया जाता है, अपीलार्थीगण के द्वारा उपरोक्त एक अपील परीक्षण सीनियर सिविल जज टिहरी गढ़वाल द्वारा मूल वाद सं0-26/2024 श्रीमती गणेशी देवी आदि बनाम उत्तराखण्ड सरकार आदि में पारित निर्णय दिनांक 11-06-2025 के विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत की है, जिसमें दिनांक 07 माह 08 सन-2025 की तिथि प्रतिवादीगण की आपत्ति हेतु नियत है, यदि आप आम व खास को अपीलार्थीगण के उक्त अपील पर कोई आपत्ति हो तो आप आम व खास उक्त नियत तिथि पर असालतन या वकालतन प्रातः 10:00 बजे उपस्थित आकर अपना ऐतराज प्रस्तुत कर देवें, आपके द्वारा ऐसा न किये जाने की दशा में उक्त अपील में एक पक्षीय कार्यावाही अमल में लायी जावेगी।

आज दिनांक 16-07-2025 को न्यायालय की मुद्रा एवं हस्ताक्षरों से जारी।

**आदेशानुसार**
**न्यायालय जिला जज**
**टिहरी गढ़वाल**

# मुक्त विश्वविद्यालय को मिली नई उपलब्धि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय को यूजीसी ने 10 और नए कार्यक्रम दे दिए हैं। नए कार्यक्रमों में कुछ ऐसे कार्यक्रम हैं जो देश के मुक्त विश्वविद्यालयों में से केवल उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के पास हैं। यूजीसी की और से जारी पत्र में नए कार्यक्रमों में मानव संसाधन में दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम (एमए एचआर), पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में एक वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम (एम लिब एंड आईएससी), विशिष्ट शिक्षा के अंतर्गत स्नातकोत्तर कार्यक्रम बौद्धिक विकासात्मक विकलांगता में एमएड, श्रवण बाधित में एमएड, दृश्ध्य हानि में एमएड तथा विशिष्ट शिक्षा में स्नातक स्तर पर पूर्व से संचालित कार्यक्रमों में दृश्य हानि, बौद्धिक विकासत्मक दिव्यांगता, श्रवण बाधित, शिक्षण अक्षमता को निरंतर संचालित करने की अनुमति प्रदान की गई है। विशिष्ट शिक्षा के सभी स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम ढाई वर्ष के होंगे तथा ओडीएल बीएड 2 वर्ष का और एम लिब आईएससी 1 वर्ष का तथा मानव अधिकार में स्नातकोत्तर कार्यक्रम 2 वर्ष का होगा। यूजीसी ने यह भी कहा है सभी कार्यक्रम को संचालित करने के लिए प्रतिवर्ष अनुमति लेनी होगी। बता दें कि यूओयू राज्य का एक मात्र विश्वविद्यालय है जिसको अपने सभी कार्यक्रमों को संचालित करने के लिए यूजीसी से मान्यता लेनी पड़ती है यानी मुक्त विश्वविद्यालय के सभी कार्यक्रम सीधे तौर पर यूजीसी के मानकों व दिशा निर्देशों से संचालित किए जाते हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. खेमराज भट्ट ने कहा कि यह विश्वविद्यालय की बहुत बड़ी उपलब्धि है। कहा कि यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त उक्त सभी कार्यक्रमों में से विशिष्ट बीएड तथा एमएड के कार्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दिए जाएंगे तथा पुस्तकालय और मानव अधिकार स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में सीधे तौर पर आज से ही ऑनलाइन प्रवेश शुरू कर दिए जाएंगे।



**राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण, उत्तराखण्ड**
A1, आई0टी0 पार्क सहस्त्रधारा रोड, देहरादून-248013
ई-मेल: ceo-shauk@uk.gov.in

पत्रांक: रा.स्वा.प्रा./2024-25/भवन किराया निविदा/419 दिनांक 19 जुलाई 2025

**शुद्धिपत्र**

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण, उत्तराखण्ड के कार्यालय भवन किराये हेतु निविदा की विज्ञप्ति संख्या पत्रांक: रा.स्वा.प्रा./2024-25/भवन किराया निविदा/407, दिनांक 18 जुलाई 2025 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है। जिसमें निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक 3 अगस्त 2025, सायं 5:00 बजे के स्थान पर दिनांक 4 अगस्त 2025, सायं 5:00 बजे तक संशोधित की गई है।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी**
**राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण उत्तराखण्ड**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं **सविता दयानंद राठौड़** W/o No. 15143888H Rank Hav राठौड़ दयानंद नामदेव, यूनिट 326FD रेजिमेंट, आष्टा कासार, उस्मानाबाद लोहारा महाराष्ट्र, मैंने अपना नाम **सविता** से बदलकर **सविता दयानंद राठौड़** कर लिया है क्योंकि मेरे पति के सेवा दस्तावेज में मेरा नाम गलत दर्ज है। मेरा सही नाम **सविता दयानंद राठौड़** है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, गोपेश्वर, (चमोली)
कारपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UR2001SGC025867

**विद्युत बाधित सूचना**

अधिशासी अभियन्ता, पावर ट्रासमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि० परिचालन एवं अनुरक्षण खण्ड सिमली के कार्यालय पत्रांक-294 दिनांक 18.07.2025 द्वारा अवगत कराया गया है कि 66 केवी कोठियालसैण-जोशीमठ लाईन के गैलरी में चीड इत्यादि के वृक्ष आ रहें हैं जिस कारण विद्युत आपूर्ति की निरंतरता बनाये रखने हेतु इन वृक्षों की कटाई-छटाई का कार्य करने हेतु उक्त लाईन के शटडाउन की आवश्यकता होगी। अतः विद्युत वितरण खण्ड गोपेश्वर के सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न दिनांक को पोषक से पोषित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति निम्नवत् पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

| क्र0 सं0 | उपसंस्थान/ फीडर का नाम | शटडाउन का दिनांक | समय | | विकास खण्ड अर्न्तगत प्रभावित ग्राम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 66 के0वी0 उपसंस्थान कोठियालसैण चमोली से 66 के0 वी0 उपसंस्थान जोशीमठ (मारवाडी) | 20.07.2025 | 9:30 बजे से | सांय 13:30 बजे | 66 के0वी0 उपसंस्थान जोशीमठ (मारवाडी) से पोषित क्षेत्र। |

अतः सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि जनहित के इस महत्वपूर्ण कार्य में कारपोरेशन का सहयोग करें तथा व्यवधान की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था बनायें रखे।

**No: 421/EE(cm)/UPCL/A-2 Dated: 19/07/2025** **अधिशासी अभियन्ता**

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं० 1912) विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाए। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185/फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें।)

**।। कार्यालय- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौडी गढवाल)।।**

पत्रांक-2163/नि0अनु0/23नि0का0/2025-26 दिनांक- 19/07/2025

**निविदा सूचना**

नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यो की सील बन्द निविदाऍं दिनांक 04.08.2025 को अपराहन 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 21.07.2025 से 02.08.2025 को अपराहन 02:00 तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकते है। निविदा दिनांक 04.08.2025 को सायं 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। किसी भी दर/निविदा को अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम कोटद्वार के पास सुरक्षित होगा।सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क+18%GST | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड न0 3 लालपानी मे मदनसिंह नेगी के घर से विपिन रावत के घर की ओर सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य । | 12,900 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 2 | वार्ड न0 4 में मुख्य मार्ग से सजंय रावत की दुकान से होते हुए ईशाक मास्टर व बबलू रावत के घर की ओर सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 9,900 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 3 | वार्ड न0 9 सजवान कालोनी में राजेन्द्र सजवान के घर से सुरजवान के घर की ओर सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 9,600 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 4 | वार्ड न0 11 में दुर्गा भगवती मन्दिर पर टीनशैड का निर्माण कार्य। | 16,000 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 5 | वार्ड न0 12 हेप्पी होम स्कूल रोड पर इन्टर लांकिग टाईल्स द्वारा सडक का निर्माण कार्य। | 15,800 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 6 | वार्ड न0 13 में श्री बंसल जी के कार्यालय से पटेल मार्ग झण्डाचौक की ओर इन्टर लांकिग टाईल्स द्वारा सडक का निर्माण कार्य। | 20,200 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 7 | वार्ड न0 14 बाल्मीकी बस्ती में भूसा स्टोर के पास गुलफाम की दुकान के सामने क्षतिग्रस्त पुलिया व सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 11,200 | 500+90 | 60दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 8 | वार्ड न0 20 पदमपुर सुखरो में गैस एजेन्सी से रामप्रशाद जोशी तहसीलदार जी के घर की ओर सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 15,600 | 1000+180 | 60दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 9 | वार्ड नं0 25 रतनपुर सुखरौ में बीरवान सिह की दुकान व श्री जसवन्त सिह शाह के घर से श्री गोपाल रावत के घर तक इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 18,000 | 1000+180 | 60दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 10 | वार्ड नं0 26 बलभद्रपुर में आनन्द सिह रावत के घर से केमिकल बोन्डरी तक इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 14,100 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 11 | वार्ड नं0 28 में पवन शाह के घर से खूनीबड मार्ग तक इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 17,400 | 1000+180 | 60दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 12 | वार्ड नं0 29 घमण्डपुर में श्री बिष्ट जी के घर से श्री राम अवतार जी के घर की ओर इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 11,600 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 13 | वार्ड नं0 30 में नैथानी जी के घर से मनोज उनियाल के घर की ओर इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 19,900 | 1000+180 | 60दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 14 | वार्ड नं0 31 उमरावनगर सरकारी हॉस्पिटल से सुरेन्द्र रावत जी के घर की ओर इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 20,700 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 15 | वार्ड नं0 32 देवरामपुर में मा दुर्गा आर्दश कालोनी के पास मेन रोड अनिल ध्यानी के घर से हरेन्द्र सिह रावत के घर की ओर इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य | 19,900 | 1000+180 | 60दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 16 | वार्ड नं0 34 भीमसिहपुर में मणिकलाल डबराल के घर से कृपाल सिह रावत व रमेश बलूनी के घर की ओर इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 14,800 | 500+90 | 60दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 17 | वार्ड नं0 35 मगनपुर में मुख्य सडक से श्री राकेश धूलिया व कृष्ण कुमार सेमवाल के घर की ओर इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 19,500 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 18 | वार्ड नं0 37 पश्चिमी झण्डीचौड में मुख्य मार्ग से महेन्द्र सिह स्व0 आनन्द जी सिह के घर की आरे इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 12,100 | 500+90 | 60दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 19 | वार्ड नं0 37 पश्चिमी झण्डीचौड में टावर के समीप रमेश चन्द्र व किशन सिह के घर की ओर इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 10,200 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 20 | वार्ड नं0 38 झण्डीचौड उत्तरी उमरावपुर में मुख्य मार्ग से गजेन्द्र सिह रावत जी के घर तक इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 16,400 | 1000+180 | 60दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 21 | वार्ड नं0 39 झण्डीचौड पूर्वी में मुख्य सडक से संतोष जी के घर की ओर इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 20,000 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 22 | वार्ड नं0 40 किशनपुर एस0बी0आई0बैक के आगे जगमोहन सिह के घर से भगवान सिह के घर की ओर इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 18,800 | 1000+180 | 60दिन | 45 दिन | 'C' and above |

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।

# राजमार्ग पर कांवड़ियों के वाहनों की लगी लंबी लाइन

## पुलिस शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए पूरी मुस्तैदी से निभा रही है अपनी ड्यूटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** रुड़की-लक्सर रोड पर बहादरपुर फाटक के पास आज शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे लगभग 2 किलोमीटर लंबी शिव भक्तों के वाहनों की कतार लग गई. पुलिस, पीएसी और पैरामिलिट्री के जवान कड़ी धूप में व्यवस्था बनाए रखने और शिव भक्तों की सहायता के लिए तैनात रहे, ताकि कहीं भी जाम न लगे और कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े.

बहादराबाद रेलवे फाटक पर, जवान शिव भक्तों को सही रास्ते और सही साइड पर चलने का निर्देश देते दिखे. पुलिस, पीएसी और पैरामिलिट्री के जवान शिव भक्तों को रेलवे लाइन के ऊपर लगे बिजली के तारों से सावधान रहने के लिए भी सूचित कर रहे थे.क्षेत्राधिकारी (ब्०) पीसी बलूनी ने बताया कि उनकी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी कांवड़िये या शिव भक्त को कोई परेशानी न हो. उन्होंने कहा कि पुलिस, पीएसी और पैरामिलिट्री के जवान पूरी मुस्तैदी से सेवा में लगे हुए हैं और शिव भक्तों की सेवा में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी. उन्होंने सभी से हरिद्वार



कांवड़ मेले में आने वाले शिव भक्तों की सेवा करने का आग्रह किया, ताकि पूरे भारत में यह संदेश जाए कि हरिद्वार जिले के लोग और अधिकारी शिव भक्तों की सेवा करना जानते हैं। कांग्रेस नेता बालेश्वर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि कांवड़ मेला हमारी आस्था का प्रतीक है और इसमें पूरे भारत से लोग अपनी मनोकामनाएं पूरी करने आते हैं. उन्होंने कहा कि शिव भक्तों की सेवा करना उनका कर्तव्य है और वे चाहते हैं कि हरिद्वार कांवड़ मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो और सभी शिव भक्त अपनी मनोकामनाएं पूरी कर शांतिपूर्वक अपने घर लौटें. उन्होंने जोर देकर कहा कि शिव भक्तों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# कार व बिजली चोरी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

## आजादनगर चौक पर डेयरी के पास से दबोचे

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** चोरी के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। देवांश रावत निवासी गढवाल सभा सुभाषनगर कोतवाली गंगनहर को आजादनगर चौक पर डेयरी के पास से गिरफ्तार किया गया है। जो करीब बीस दिन पूर्व चेकिंग में पनियाला के पास कार छोड़कर फरार हो गया था।

जानकारी के अनुसार चोरी के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस तभी से देवांश की तलाश कर रही थी। जबकि कार को पुलिस ने घटनास्थल से बरामद कर सीज कर दिया था।

गंगनहर कोतवाली इंस्पेक्टर आरके सकलानी, वरिष्ठ उप निरीक्षक अजय शाह, अपर उप निरीक्षक मनीष कवि और कांस्टेबल प्रीतम सिंह ने देवांश को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया। वही दूसरी ओर अतुल वर्मा निवासी शेखपुरी कोतवाली गंगनहर के निर्माणाधीन घर में चार दिन पूर्व बिजली के तार चोरी हो गए थे।बीती रात नाजिम निवासी भारतनगर त्यागी वाली गली कोतवाली रुड़की को पनियाला लाठरदेवा तिराहा से गिरफ्तार किया।

वहीं आरोपी से पूछताछ में नाजिम ने बताया कि सैफ अली उर्फ छोटा निवासी भारतनगर के साथ मिलकर निर्माणाधीन घर से बिजली के तार चोरी किए थे। पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक धनपाल सिंह शामिल रहे।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर चार आरोपी दबोचे

**शाह टाइम संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चारों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे हैं सूचना पर पुलिस टीम को भेजा गया पुलिस टीम के द्वारा झगड़ रहे व्यक्तियों को काफी समझाने का प्रयास किया वह नहीं माने और मरने मारने पर उतारू हो गए। किसी संज्ञे अपराध को दृष्टिगत रखते हुए उन सभी को गिरफ्तार कर लिया गया को पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम शुभम सैनी पुत्र जसराज निवासी ग्राम भोगपुर अजीत सिंह पुत्र चमेल सिंह निवासी ग्राम उपरोक्त अर्जुन पुत्र बिरम सिंह निवासी ग्राम भूरना आनंद पुत्र वीरम सिंह निवासी ग्राम भूरना थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताए। उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में भीक्कमपुर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन सिंह चौहान उपनिरीक्षक दीपक चौधरी कांस्टेबल संदीप रावत अमित रावत अरविंद चंदेल शामिल रहे। पकड़े गए चारों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए चारों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# सड़क दुर्घटना में टैंकर चालक के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने टैंकर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने टैंकर चालक के बारे में पता लगाने की कोशिश शुरू कर दी है। गंगनहर कोतवाली को असद निवासी अकबरपुर झोझा थाना झबरेड़ा ने तहरीर देकर बताया कि 11 जुलाई को भाई अरशद बाइक पर सवार होकर पाडली की ओर लौट रहा था। तभी दोपहर तीन बजे के आसपास भाई जब पनियाला के पास पहुंचा तो एक टैंकर ने भाई को टक्कर मार दी थी। जिसमें भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था। भाई को उपचार के लिए मुजफ्फरनगर ले जाया गया था। जहां भाई की अभी भी हालत चिंताजनक बनी हुई है। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि पुलिस ने नंबर के आधार पर अज्ञात टैंकर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## गंगनहर कोतवाली पुलिस ने किया तार चोरी मामले का खुलासा

# नशे की लत ने बनाया चोर, बिजली की तार बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली पुलिस ने एक तार चोर को दबोच कर उसके पास से चोरी का माल बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार अतुल वर्मा निवासी शेखपुरी कोतवाली गंगनहर द्वारा एक प्रार्थना पत्र बाबत अज्ञात चोरों द्वारा मुकदमा वादी के निर्माणाधीन घर में घुसकर बिजली के तार को चोरी करने के संबंध में 'मु0अ0स0 322/25 धारा 303 (2) बीएनएस' में अभियोग पंजीकृत कर सूचना उच्च अधि कारी गणों को प्रेषित की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा उपरोक्त चोरी कि घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना का शीघ्र अनावरण करने हेतु



प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. जिसके अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा पुलिस टीमो का गठन कर घटनास्थल के आस पास के ब्ब्ज्ट कैमरो को चौक करते हुए, मुखबिर मामूर किये तथा क्षेत्र में पूर्व में चोरी कि घटनाओं में शामिल अभियुक्तों से भी पूछताछ की गई. किंतु चोरी के संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई दिनांक 18.07.25 को मुखबिर द्वारा सूचना पर पुलिस टीम में नियुक्त अपर उप निरीक्षक धनपाल सिंह अपर उप निरीक्षक मनीष कवि हेड कांस्टेबल प्रीतम सिंह द्वारा अभियुक्त नाजिम पुत्र मोहम्मद शब्बीर निवासी भारत नगर त्यागी वाली गली थाना सिविल लाइन रुड़की जनपद हरिद्वार उम्र 24 वर्ष को पनियाला लाठरदेवा तिराहा कोतवाली गंगनहर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया तथा एक व्यक्ति सैफ अली उर्फ छोटा पुत्र इकरार निवासी भारत नगर त्यागी वाली गली थाना सिविल लाइन रुड़की जनपद हरिद्वार पुलिस गिरफ्त से फरार हो गया अभियुक्त नाजिम के कब्जे से चोरी का किया गया बिजली का तार बरामद किया गया। तथा बरामदगी के आधार पर 'धारा 317(2) ठछै' की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त को बाद विधिक कार्यवाही के माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त नाजिम पुत्र मोहम्मद शब्बीर निवासी भारत नगर त्यागी वाली गली थाना सिविल लाइन रुड़की जनपद हरिद्वार उम्र 24 वर्ष है। फरार तथा वांछित अभियुक्त का नाम पता-सैफ अली उर्फ छोटा पुत्र इकरार निवासी भारत नगर त्यागी वाली गली थाना सिविल लाइन रुड़की जनपद हरिद्वार है। पुलिस टीम में आर.के. सकलानी-प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर, अजय शाह- व0उ0 निरीक्षक कोतवाली गंगनहर, अपर उप निरीक्षक धनपाल सिंह, अपर उपनिरीक्षक मनीष कवि, कांस्टेबल प्रीतम सिंह आदि शामिल रहे।

# गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर फोन पर धमकाया

## एक हिस्ट्रीशीटर समेत दो पर मुकदमा

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** शहर में एक कुख्यात गैंगस्टर के नाम पर जान से मारने की धमकी भरा एक व्यक्ति पर फोन आया है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर समेत दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गंगनहर कोतवाली को एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि 6 जुलाई को अंकित नेरवाल निवासी हरियाणा ने खुद को कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का गुर्गा बताया था। आरोप है कि फोन पर बार-बार गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने एक हिस्ट्रीशीटर पर भी षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि पुलिस ने बकासुर निवासी शेखपुरी और अंकित नेरवाल निवासी हरियाणा के खिलाफ तहरीर का आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दो नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** दो नाबालिग कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग जगह से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर नाबालिगों की तलाश शुरू कर दी है। मामला पारिवारिक मनमुटाव और प्रेम प्रसंग से भी जोड़कर देखा जा रहा है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र को एक व्यक्ति ने बताया कि 13 जुलाई को नाबालिग पुत्री शाम के वक्त घर से बाहर घूमने गई थी। लेकिन उसके बाद पुत्री वापस नहीं लौटी। आरोप है कि महादेव धीमान निवासी मेहवड खुर्द हाल प्रीत विहार कॉलोनी ने पुत्री का बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया है। वहीं दूसरी ओर शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश हाल गंगनहर कोतवाली के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि नाबालिक बहन 15 जुलाई को रात के वक्त कुछ सामान लेने दुकान पर गई थी। लेकिन उसके बाद घर वापस नहीं लौटी। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लापता नाबालिगों की तलाश शुरू कर दी है।

# दो पक्षों में संघर्ष सात नामजद समेत आठ पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पांच दिन पहले ब्राह्मणवाला गांव में दो पक्ष में हुए संघर्ष और फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक पक्ष ने दूसरे के सात नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव में 14 जुलाई की रात को दो पक्षों में संघर्ष और फायरिंग हुई थी। एक पक्ष के नरपाल पुत्र ओमप्रकाश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके भतीजे की शादी 04 अप्रैल को लक्सर के एक पैलेस में हुई थी। आरोप है कि उसमें उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के छपार थाना क्षेत्र के छपरा गांव निवासी उनके रिश्तेदारों का उनके गांव के लड़कों से झगड़ा हो गया था। उनका बेटा तुषार 14 जुलाई को अपनी बुआ के बेटे शुभम के साथ बैठा था। इसी दौरान गांव के टिंकू, मोहित, तुषार, राजन, करेशन, विनय, लालू निवासीगण ब्राह्मणवाला ने मारपीट करनी शुरू कर दी। गांव के जिम्मेदार लोगों ने बीच बचाव करा दिया। उसके बाद उसी रात 11 बजे मारपीट के आरोपी 15 मोटरसाइकिलों पर तमंचों, बंदूक से लैस होकर जान से मारने की नीयत से गाली-गलौज करते हुए उनके घर पर गोली चलानी शुरू कर दी। गोलियों से किसी तरह उन्होंने छिपकर जान बचाई। शोर शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर आ गए। उन्हें देखकर आरोपी हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। खानपुर थाना प्रभारी उपेंद्र सिंह ने बताया कि सभी सात नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# जमीन को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे चार का शांतिभांग में चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** जमीन जायदाद को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे चार व्यक्तियों का पुलिस ने शांति भंग में चालान किया है।

जानकारी के अनुसार कस्बा झबरेड़ा के नई मंडी व बंजारान मोहल्ला निवासी तस्लीम,मुरसलीन,उमर तथा जान आलम चाचा ताऊ के लड़के हैं जिनकी कुछ प्रॉपर्टी गुरुकुल रोड नई मंडी कस्बा झगड़ा में है जिसको लेकर काफी समय से परिवार में विवाद चल आ रहा है शुक्रवार को भी जमीन जायदाद को लेकर आपस में झगड़ा हो गया था जिनको समझा बूझकर मामला शांत कर दिया गया था परंतु शनिवार की सुबह फिर से दोनों पक्षों में लाठी डंडे लात घुसे चल गए झगड़े की सूचना पुलिस को मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा दोनों पक्षों के झगड़ा कर रहे लोगों को हिरासत में ले लिया तथा थाने ले गए पुलिस ने मामले में कानूनी कार्रवाई करते हुए शांति भंग में चारों आरोपितों का चालान कर दिया है थाना प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि प्रॉपर्टी को लेकर झगड़ा कर शांति भंग कर रहे चारों व्यक्तियों का चालान शांति भंग में कर दिया गया है।

## पति पर दूसरी शादी करने की धमकी का आरोप

# पत्नी ने यूसीसी का दिया हवाला, तो कर डाली मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पति द्वारा दूसरी शादी की धमकी देने एवं उसके साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने पति समेत 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है वही मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस जुटी है

कलियर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी रोशन पुत्र रौनक निवासी महमूदपुर जिला हरिद्वार के साथ हुआ था। शादी के बाद वह अपने पति के साथ परिवार से अलग रह रही थी बताया कि उनके एक पुत्र भी पैदा हुआ। महिला का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसका पति दूसरी शादी करने की बात कहता था और सास एवं परिवार के अन्य सदस्य भी उसके पति की दूसरी शादी करवाने के पक्ष में थे। महिला के अनुसार उन्होंने एक दिन उसे बताया कि उन्होंने उसके पति की शादी तय कर दी है इस शादी में वह विघ्न न डाले। आरोप लगाया कि जब उसने इसका विरोध करते हुए उत्तराखंड में यूसीसी लागू होने की बात कही तो पति एवं अन्य ससुराल के लोगों ने उसके साथ मारपीट की। वहीं महिला के अनुसार उसके द्वारा मामले की शिकायत महिला आयोग को की गई थी जिसकी तारीख पर आए उसके पति और जेठ ने भी उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रोशन अली, रौनक अली, मोइन, फरहाना, सोना,नजमा और दानिश के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया तहरीर के आधार पर रोशन अली,रौनक अली,मोइन, फरहाना, सोना,नजमा और दानिश के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ छापेमारी करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की बताई हुई जगह पर छापेमारी करते हुए एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम अनुज पुत्र मांगेराम उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम प्रतापपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल शूरवीर तोमर कांस्टेबल सिंह चौहान शामिल रहे पकड़े गए नशा तस्कर के खिलाफं संबंधित मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए नशा तस्कर को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# शिव भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम संवाददाता**

**झबरेडा।** सावन माह में हवन पूजन के बाद क्षेत्र में प्रदेश की सुख शांति की कामना करते हुए भंडारे का आयोजन किया गया।

सावन माह में शिव की कृपा पाने के लिए शिव भक्तों द्वारा पूजन हवन तथा भंडारों के आयोजन किए जा रहे हैं शनिवार को झबरेड़ा इकबालपुर मार्ग पर कर्म सिंह के नेतृत्व में लोगों द्वारा भगवान शिव का पूजन हवन किया गया पूजन हवन जगपाल द्वारा कराया गया तथा क्षेत्र और देश प्रदेश की सुख शांति की कामना शिव भगवान से की गई पूजन हवन के बाद प्रसाद के रूप में भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें राहगीरों तथा लोगों द्वारा शिव भगवान के भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कहा गया है कि भंडारे में भोजन करने से पितरों को भी शांति मिलती है और पितृ दोष का निवारण होता है।

# पुलिस ने एक वारंटी किया गिरफ्तार

**रुड़की।** पुलिस ने कोर्ट की पेशी से फरार एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गंगनहर कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय शाह ने बताया कि जिला मुजफ्फरनगर की कोर्ट से एक वारंटी फरार चल रहा था। शनिवार को अमित कुमार निवासी मकतूलपुरी कोतवाली गंगनहर को उप निरीक्षक नवीन कुमार और कांस्टेबल राकेश राणा ने संभावित ठिकाने से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया।

# 26 घरों में पकड़ी बिजली चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र में शनिवार को विजिलेंस और ऊर्जा निगम की टीम ने छापा मारकर ग्राम बनवाला, बंजारेवाला और शहीदवाला ग्रंट में 26 घरों में बिजली चोरी पकड़ी। विभागीय अधिकारियों ने सभी आरोपियों के खिलाफ विद्युत अधि नियम की धारा 135 के तहत रिपोर्ट दर्ज करने की प्रक्रिया की। टीम में देहरादून से आए विजिलेंस विभाग के एसडीओ धनंजय सिंह, रोबिन सिंह, विकास कुमार, विजिलेंस उप निरीक्षक मारूफ शाह, ऊर्जा निगम के एसडीओ सजल हटवाल ने पकडा।

# शिकारपुर में राजस्व टीम ने की अंबेडकर पार्क की पैमाइश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** शिकारपुर में नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने अंबेडकर पार्क और ग्राम समाज की भूमि की पैमाइश की। इस दौरान दोनों स्थानों पर हुए अवैध निर्माणों को चिंहित किया गया।

शिकारपुर निवासी उस्मान पुत्र सुलेमान ने गत माह ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को दिए शिकायती पत्र में खसरा नंबर 345,346 व 398 पर अवैध कब्जे की शिकायत की थी। शिकायतकर्ता का आरोप था। कि पूर्व ग्राम प्रधान सतीश कुमार व उसके ही परिवार के रफल सिंह द्वारा दबंगई के दम पर ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रुप से कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। जेएम ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों को जांच कर आख्या देने के आदेश दिए थे। कानूगों व लेखपाल की रिपोर्ट में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों की पुष्टि होने के बाद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के निर्देश पर शनिवार को नायब तहसीलदार यूसुफ अली के नेतृत्व में टीम ने गांव पहुंच कर दोनों स्थानों पर जांच की। नायब तहसीलदार ने बताया कि जांच में अंबेडकर पार्क और ग्राम समाज की भूमि पर अवैध निर्माण पाया गया है। उनका कहना है कि अवैध निर्माणों को चिंहित कर रिपोर्ट ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को भेजी जाएगी।

# रंगदारी का आरोपी हिंदूवादी संगठन का कथित नेता गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उद्यमी को डराकर रंगदारी मांगने वाला हिंदूवादी संगठन का कथित नेता भगवानपुर पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है पीड़ित भाजपा नेता ने उत्तराखंड पुलिस का शुक्रिया अदा करते हुए तारीफ की है। दरअसल आपको बतादे कि उप के सहारनपुर जिले के भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उद्यमी साहब सिंह पुंडीर और उनके भाई योगेश पुंडीर के साथ पिछले कुछ दिनों से खुद को हिंदूवादी संगठन का नेता बताने वाले छुटमलपुर के पंकज भैया नाम के एक शख्स ने दबाव बनाकर रंगदारी और ब्लैकमेलिंग करने में लगा हुआ था परेशान होकर उसकी तहरीर भगवानपुर पुलिस को नीरज कुमार ने दी जिसके तहत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पंकज सैनी उर्फ पंकज भैया को गिरफ्तार कर लिया जानकारी के मुताबिक पंकज भैया ब्लैकमेलिंग के तहत समझौते के लिए भगवानपुर थाना क्षेत्र के मंडावर चौकी क्षेत्र में आया था जहां पर पहले से पुलिस मुस्तैद थी।

## भगवानपुर तहसील प्रशासन ने

# शिव भक्तों को बांटे फ्रूट व पानी की बोतल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** तहसील प्रशासन नेजन सहयोग सेशिव भक्तों को फ्रूट व पानी के बोतल बताकर उनकी सेवा की। कहा कि शिव भक्तों की सेवा करने से सुकून मिलता है।

जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता के नेतृत्व मेंरोड पर जाने वाले शिव भक्तों की सेवा के लिएकैंप लगाया गया जिसमें खुद नायब तहसीलदार रानी गुप्ता ने अपनी टीम के साथ शिव भक्तों कीसेवाके लिए उन्हेंफ्रूट जूस व पानी की बोतल बताकर उनका आशीर्वाद लिया। नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने बताया कि उन्होंने जन सहयोग से एक सेवा केवल लगाया और रोड पर खड़ा होकर आने जाने वाले शिव भक्तों की सेवा की उन्होंने कहा कि शिव भक्तों की सेवा करने से सुकून मिलने के साथ उन्होंने भी मिलता है। उन्होंने आज अपनी प्रशासनिक टीम के साथशिव भक्तों की सेवा की ।






नई दिल्ली। गाजा में चल रहे सशस्त्र संघर्ष के बीच नेहरू प्लेस में फलस्तीनियों के समर्थन में प्रदर्शन में भाग लेते लोग।

# गाजा में भारी गोलीबारी, 50 फलस्तीनी मारे गए

## खाद्य वितरण केंद्र पर इजरायली सेना ने लोगों पर गोलियां बरसाईं, ड्रोन से भी गोलियां चलाई गईं

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी के दक्षिणी हिस्से में शनिवार को 50 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार ये सभी खाने के पैकेट के लिए जा रहे थे। वहीं अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, इजरायली सेना ने भीड़ पर गोलियां चलाईं, जिसमें कई लोग घायल भी हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक, ये सभी फलस्तीनी गाजा मानवतावादी फाउंडेशन (जीएचएफ) नाम की संस्था की तरफ से चलाए जा रहे खाद्य वितरण केंद्रों की ओर जा रहे थे। यह संस्था अमेरिका और इजरायल की मदद से मई महीने से गाजा में खाना बांट रही है। जीएचएफ ने मई महीने में गाजा में काम शुरू किया था। इसका मकसद भूखे लोगों को खाना पहुंचाना है। अमेरिका और इजरायल ने इस संस्था को इसलिए समर्थन दिया क्योंकि उनका आरोप है कि पारंपरिक यूएन आधारित राहत

### जीएचएफ के खाद्य वितरण केंद्रों की ओर जा रहे थे मारे गए लोग

वितरण प्रणाली में हमास के आतंकी राशन चुरा लेते हैं। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र इस आरोप को सिरे से खारिज करता है। जीएचएफ दावा करता है कि उसने लाखों खाने के पैकेट बांटे हैं, लेकिन स्थानीय स्वास्थ्य विभाग और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सैंकड़ों लोग इन केंद्रों पर गोलीबारी में मारे जा चुके हैं। जानकारी के अनुसार, गोलीबारी की घटना मुख्य रूप से दो जगहों पर हुई। जिसमें पहली घटना तेइना इलाका, खान यूनिस शहर के पास हुई। इस दौरान लगभग तीन किलोमीटर दूर जीएचएफ के एक केंद्र की ओर सैकड़ों लोग पैदल चल रहे थे। गवाहों के अनुसार, पहले इजरायली सेना ने चेतावनी में हवाई फायरिंग की, लेकिन बाद में सीधे लोगों पर गोलियां बरसा दीं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने

### मई महीने से भूखे लोगों को खाना पहुंचा रही है जीएचएफ

बताया कि यह एक नरसंहार था, सैनिकों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।श एक अन्य गवाह ने बताया कि टैंकों और ड्रोन से भी गोलियां चलाई गईं। इसके बाद घायल लोगों को उठाकर नासर अस्पताल, खान यूनिस लाया गया, जहां 25 शव और 70 घायलों की पुष्टि हुई है। दूसरी घटना शकूश इलाका, रफा शहर के पास हुई। यहां भी जीएचएफ केंद्र के पास भीड़ पर गोलियां चलीं, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक महिला भी थी। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इस गोलीबारी के बारे में जानकारी देते हुए एक शख्स ने कहा कि हमने चिल्लाकर कहा- खाना चाहिए, खाना! लेकिन उन्होंने हमसे बात नहीं की, सीधे गोलियां चलाईं। एक जॉर्डन-फलस्तीनी व्यक्ति ने बताया कि उनका 19 साल का बेटा हिशाम भी मारा गया। उन्होंने जॉर्डन सरकार से अपील की कि उन्हें गाजा से निकालने में मदद करें। जीएचफ ने कहा है कि उसके केंद्रों पर कोई गोलीबारी नहीं हुई, और अगर मौतें हुई हैं तो भगदड़ और हमास की तरफ से फैलाई अफवाहों के कारण हुईं। वहीं इजरायली सेना ने कहा कि वह केवल 'चेतावनी के तौर पर फायरिंग' करती है अगर भीड़ बहुत पास आ जाए। हालांकि, शनिवार की घटना पर सेना और जीएचएफ की ओर से कोई आधिकारिक बयान अब तक नहीं आया है। 7 अक्तूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर हमला किया, जिसमें 1200 लोग मारे गए और 250 को बंधक बना लिया गया। जवाब में इजरायल ने गाजा पर भीषण सैन्य अभियान शुरू किया, जिसमें अब तक 58000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शीनबाम ने नई अमेरिकी सीमा दीवार के निर्माण का कड़ा विरोध किया

**मैक्सिकन सिटी।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने शुक्रवार को न्यू मैक्सिको में सीमा पर दीवार के एक नए हिस्से के निर्माण का कड़ा विरोध किया और इसे अमेरिकी सरकार का एकतरफा कदम बताया। राष्ट्रपति शीनबाम ने अपनी दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मेक्सिको किसी भी तरह से इस परियोजना में शामिल नहीं है और न ही इसके लिए कोई धनराशि दे रहा है। उन्होंने कहा कि वे इसे अपने दम पर बना रहे हैं। हम दीवार का समर्थन नहीं करते।

### चीन में तूफान 'विफा' के लिए येलो अलर्ट

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रीय वेधशाला ने शनिवार को देश के छठवें तूफान 'विफा' के लिए पीला अलर्ट जारी किया और इससे देश के दक्षिणी तटीय क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की आशंका है। राष्ट्रीय मौसम केंद्र के अनुसार आज सुबह पांच बजे तूफान 19.9 डिग्री उत्तर अक्षांश और 120.2 डिग्री पूर्व देशांतर पर स्थित था, जो 15.20 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि रविवार दोपहर या शाम के समय दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत के शेनझेन शहर से लेकर हैनान प्रांत के वेनचांग शहर तक तटीय क्षेत्रों में तूफ़ान के असार हैं।

### कनाडा में जंगल की आग बढ़ने की आशंका

**ओटावा।** कनाडा के ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री टिम हॉजसन ने शुक्रवार को कहा कि अगस्त तक पश्चिमी कनाडा के अधिकांश हिस्सों में जंगल की आग के के बढ़ने की आशंका है और यह औसत से कहीं अधिक तेज हो सकती है। हॉजसन ने जंगल की आग का पूर्वानुमान जारी करते हुए कहा कि इसका सबसे जयादा खतरा दक्षिणी ब्रिटिश कोलंबिया में है। मौसम के पूर्वानुमान जुलाई से अगस्त तक देश के अधिकांश हिस्सों में औसत से अधिक तापमान का संकेत देते है और आने वाले हफ्तों में विशेष रूप से पश्चिम और उत्तर में शुष्क परिस्थितियों के और बढ़ने की संभावना है।

### उ. कोरिया का नया समुद्र तटीय रिसॉर्ट विदेशियों के लिए बंद

**सिंगापुर।** उत्तर कोरिया ने नये समुद्र तटीय रिसॉर्ट पर कुछ हफ्तों बाद ही विदेशी पर्यटकों के आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक जुलाई को खोले गए वॉनसन कल्मा तटीय पर्यटन क्षेत्र को उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की पर्यटन को बढ़ावा देने की महत्वाकांक्षाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताया जा रहा है। उत्तर कोरिया ने फरवरी में ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन सहित पश्चिमी देशों के पर्यटकों को भी अनुमति दी थी।

# भारत-पाक संघर्ष में पांच जेट गिरे: ट्रम्प

## जेट किस देश के यह नहीं बताया, अमेरिकी राष्ट्रपति ने 24वीं बार कहा: भारत-पाक जंग मैंने रुकवाई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। साथ ही उन्होंने कहा: मुझे लगता है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष में सच में पांच जेट गिरे थे। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि ये विमान किस देश के गिरे थे। ट्रम्प ने ये बात व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन सांसदों के साथ डिनर के दौरान कही। ट्रम्प अब तक 24 बार भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने की बात कह चुके हैं।

पहली बार ऐसा दावा उन्होंने 10 मई को सोशल मीडिया पर किया था। दरअसल, पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने लड़ाई में 5 भारतीय विमान मार गिराए थे। वहीं, भारत ने भी कहा था कि पाकिस्तान के कुछ विमान गिराए गए हैं। पाकिस्तान ने अपने किसी भी विमान के नुकसान से इनकार किया, लेकिन हवाई ठिकानों को निशाना बनाने की बात मानी थी। ट्रम्प बोले थे: हम संघर्षों को निपटाने में बहुत सफल रहे इससे पहले 14 जुलाई को ट्रम्प ने अपने इस दावे को दोहराया था कि उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद हाल ही में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को बढ़ने से रोक दिया था। ट्रम्प ने ये टिप्पणियां नाटो के महासचिव मार्क रूट के साथ अपनी बैठक के दौरान कीं। ट्रम्प ने कहा कि हम युद्ध को निपटाने में बहुत सफल रहे हैं। उन्होंने व्यापार को लाभ के रूप में इस्तेमाल करने की अपनी रणनीति की ओर इशारा करते हुए कहा कि हमने व्यापार के माध्यम से ऐसा किया। मैंने कहा था कि जब तक आप इस मामले को सुलझा नहीं लेते, हम आपसे व्यापार के बारे में बात नहीं करेंगे, और उन्होंने ऐसा किया। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएचजे) पर मानहानि का केस किया है। उन्होंने 10 अरब डालर (लगभग 86188 करोड़ भारतीय करेंसी) हर्जाने की मांग की है। ट्रम्प ने डब्ल्यूएचजे पर आरोप लगाया है कि उसने एक झूठी और मानहानिकारक खबर छापी, जिसमें उनका नाम अरबपति और सेक्स ट्रैफिकिंग के दोषी जेफ्री एपस्टीन के साथ जोड़ा गया है। दरअसल, अखबार ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि ट्रम्प ने साल 2003 में एपस्टीन के 50वें जन्मदिन पर एक लेटर भेजा था। इस लेटर में सिर्फ ट्रम्प का नाम ही नहीं था, बल्कि उसमें एक नग्न महिला की तस्वीर भी संलग्न थी। ट्रम्प ने इस खबर को झूठा और अपमानजनक बताते हुए कहा है कि अगर डब्ल्यूएचजे ने इसे वापस नहीं लिया, तो वह कानूनी कार्रवाई करेंगे। इसके मालिक रूपर्ट मर्डोक और उनकी कंपनी न्यूज कार्प पर केस करने की धमकी दी थी।



■ ट्रम्प ने वॉल स्ट्रीट जर्नल पर मानहानि का केस किया 86 हजार करोड़ डॉलर का हर्जाना भी मांगा

### ट्रम्प ने ब्रिक्स के खत्म होने की भविष्यवाणी की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से ब्रिक्स देशों को चेतावनी दी कि अगर वे अमेरिका के खिलाफ काम करेंगे तो उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने खास तौर पर ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात दोहराई। ट्रम्प ने कहा, जब मैंने पहली बार ब्रिक्स ग्रुप के बारे में सुना-छह देश हैं इसमें मैंने उन पर बहुत सख्ती से कार्रवाई की। अगर यह समूह कभी भी मजबूत तरीके से सामने आता है तो यह बहुत जल्द खत्म हो जाएगा। ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि ब्रिक्स देशों की डॉलर को चुनौती देने की कोशिशें नाकाम हो रही हैं। उन्होंने कहा, ब्रिक्स नाम का एक छोटा समूह है, जो अब तेजी से कमजोर पड़ रहा है। इस बार ट्रम्प ने अपने भाषण में किसी देश का नाम तो नहीं लिया, लेकिन कहा कि हम किसी को भी अपने साथ खेलने की इजाजत नहीं दे सकते।

### अमेरिका कुछ बड़े व्यापारिक सौदों की घोषणा जल्द करेगा: ट्रम्प

**न्यूयॉर्क।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की ओर से कुछ बड़े व्यापारिक सौदों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में स्टेबलकॉइन एक्ट पर शुक्रवार को हस्ताक्षर समारोह में कहा कि वे आज ही ऐसा कर सकते हैं शायद बाद में, हम ऐसा करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि जब मैं यह दस्तावेज भेजूंगा कि आप 35 प्रतिशत या 40 प्रतिशत टैरिफ दे रहे हैं तो यह एक समझौता होगा। फिर वे फोन करेंगे और देखेंगे कि क्या वे कुछ अलग तरह का समझौता कर सकते हैं। ट्रम्प ने हाल ही में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत व्यापक अमेरिकी पारस्परिक आयात शुल्क के 90-दिवसीय निलंबन को नौ जुलाई से एक अगस्त तक बढ़ा दिया गया है और कई प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ व्यापार वार्ता चल रही है। गत आठ जुलाई को सोशल मीडिया पर अमेरिका के राष्ट्रपति के पोस्ट के अनुसार एक अगस्त की समय-सीमा में कोई बदलाव या विस्तार नहीं होगा, जब आयात शुल्क का भुगतान शुरू होगा।

# फ्रांसीसी प्रधानमंत्री की लोकप्रियता घटी

**मॉस्को।** फ्रांस के प्रधानमंत्री फ्रेंकोइस बायरू ने देश के सार्वजनिक घाटे को कम करने के लिए उपायों की घोषणा की है लेकिन देश के अधिकांश नागरिक उनकी नीतियों से सहमत नहीं हैं और चाहते हैं कि वह अपना पद छोड़ दें। आरटीएल प्रसारक के लिए इप्सोस बीवीए द्वारा किए गए एक नए सर्वेक्षण के अनुसार 50 प्रतिशत से अधिक नागरिक चाहते हैं कि बायरू अपने पद से इस्तीफा दें।

इस पोल में यह भी सामने आया है कि केवल 20 प्रतिशत फ्रांसीसी नागरिक ही उनकी नीतियों का समर्थन करते हैं। आरटीएल द्वारा शुक्रवार को प्रकाशित सर्वेक्षण के अनुसार, केवल 20 प्रतिशत फ्रांसीसी नागरिक प्रधानमंत्री का समर्थन करते हैं जबकि 59 प्रतिशत लोग चाहते हैं कि बायरू इस्तीफा दें।सर्वेक्षण 16-17 जुलाई को हुआ जिसमें शामिल 1000 से जयादा लोगों में से 44 प्रतिशत लोग संसद भंग करने के पक्ष में थे और 34 प्रतिशत लोग अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में थे। वहीं सर्वेक्षण में शामिल 41 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे अविश्वास प्रस्ताव को लेकर चितित होंगे। बायरू ने कहा कि उनका लक्ष्य अगले साल फ्रांस के बजट घाटे को जीडीपी के 4-6 प्रतिशत तक कम करना है। मंगलवार को अगले वर्ष के लिए मसौदा बजट पेश करते हुए बायरू ने कहा कि फ्रांस वर्ष 2026 में अपने सबसे धनी नागरिकों के लिए कर बढ़ाएगा और मुद्रास्फीति के आधार पर पेंशन एवं सामाजिक लाभों को समाप्त कर देगा। प्रधानमंत्री की योजना देश के बजट घाटे को वर्ष 2029 तक यूरोपीय संघ की तीन प्रतिशत जीडीपी सीमा के नीचे लाने की है। इसके लिए उन्होंने 43.8 अरब यूरो की कटौती की योजना बनाई है, जिसमें सार्वजनिक खर्च में वृद्धि पर रोक लगाना और उच्च आय वालों पर 'एकजुटता' कर लगाना शामिल है। प्रधानमंत्री ने देश के स्वास्थ्य सेवा बजट में पांच अरब यूरो की कटौती करने की योजना की भी बात की और स्थानीय अधिकारियों के लिए 2026 में अपने खर्च से 5.3 अरब यूरो की कटौती करने की योजना बनाई।

■ बायरू ने सार्वजनिक घाटे को कम करने के लिए उपायों की घोषणा की

# एर्दोआन, पुतिन ने सीरिया में झड़पों इजरायली हमलों पर की चर्चा

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ फोन पर बातचीत की और सीरिया में संघर्ष को पूरे क्षेत्र की स्थिरता के लिए खतरा करार दिया है। तुर्की के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में यह जानकारी दी है।

बयान के अनुसार, शुक्रवार को हुई बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने सीरिया के दक्षिणी प्रांत स्वेदा में बढ़ते तनाव पर चर्चा की। एर्दोआन ने इजरायल द्वारा सीरिया की संप्रभुता का ख्याल रखने के महत्व को रेखांकित किया तथा सीरिया में स्थिरता एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा देश की स्थिति के यथाशीघ्र सामान्य होने के लिए समर्थन देने की तुर्की की प्रतिबद्धता दोहराई। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने सीरिया में बढ़ते तनाव सहित मध्य-पूर्व में घटित घटनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने सीरिया में हाल ही में हिंसा में हुई वृद्धि पर गहरी चिंता व्यक्त की तथा इस बात पर बल दिया कि सीरिया के विविध समाज के सभी लोगों के वैध अधिकारों का सम्मान करते हुए बातचीत एवं राष्ट्रीय समझौते को मजबूत करके यथाशीघ्र स्थिति को सामान्य करना बहुत महत्वपूर्ण है बयान के अनुसार, दोनों पक्षों ने सीरिया की संप्रभुता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# सीरिया-इजरायल संघर्ष विराम पर सहमत

## अमेरिकी दूत के हवाले से किया जा रहा दावा-स्वैदा से सीरियाई बलों की वापसी के बाद फैसला

**दमिश्क।** सीरिया के स्वैदा प्रांत में सीरियाई बलों और ड्रूज अल्पसंख्यक समुदाय के बीच हिंसा के बाद इजरायल ने सीरिया पर हमले किए। अब अमेरिकी दूत के हवाले से दावा किया जा रहा है कि सीरिया और इजरायल संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। सीरिया में अमेरिकी दूत टाम बैरक ने कहा कि स्वैदा से सीरियाई बलों की वापसी के बाद इजरायल ने संघर्ष विराम कर लिया है।

बैरक ने एक्स पर लिखा कि इजरायल और सीरिया के बीच नए युद्ध विराम का तुर्की, जार्डन और अन्य पड़ोसी देशों ने समर्थन किया है। ड्रूज से अपने हथियार डालने और अन्य अल्पसंख्यकों के साथ मिलकर अपने पड़ोसियों के साथ शांति और समृद्धि में एक नई और एकजुट सीरियाई पहचान बनाने का आह्वान किया है। वहीं इजरायल ने कहा कि वह ड्रूज समुदाय की रक्षा के लिए काम कर रहा है, जो इजरायल में एक बड़ा समुदाय है। वहां एक वफादार अल्पसंख्यक के रूप में देखा जाता है। इससे पहले सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने घोषणा की थी कि सरकार स्वैदा में झड़पों को रोकने और जमीनी स्तर पर संघर्ष को सुलझाने के लिए एक विशेष बल भेजेगी। उन्होंने कहा कि समझौते के तहत सरकारी बलों के हटने के बाद, ड्रूज गुटों और मौलवियों को स्वैदा में आंतरिक सुरक्षा बनाए रखनी होगी। सीरियाई अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले सरकार ने भी ड्रूज गुटों के साथ एक समझौते पर बातचीत की थी। मगर सफल नहीं रही। सीरिया में लंबे समय से गृहयुद्ध जैसी स्थितियां बनी हुई हैं।

हालिया संघर्ष की शुरुआत तब हुई जब एक द्रुज सब्जी विक्रेता को एक बेदुइन कबायलियों ने अपहरण कर लूट लिया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच एक के बाद एक अपहरण और जवाबी हमले शुरू हो गए। इसके बाद हिंसा और भड़क उठी और सीरियाई सरकार के लड़ाके भी ड्रूजों की हत्या में शामिल हो गए। इस घटनाक्रम को देखते हुए इजरायल ने 15 जुलाई को पहली बार सीरिया के स्वैदा में हमले बोले और कट्टरपंथी लड़ाकों को भागने पर मजबूर कर दिया।



■ इजरायल और सीरिया के बीच नए युद्ध विराम का तुर्की, जार्डन और अन्य पड़ोसी देशों ने किया समर्थन

# जरूरत पड़ने पर इजरायल का सामना करने को तैयार: हिजबुल्लाह नेता

**बेरूत।** हिजबुल्लाह नेता नईम कासिम ने 'इज़रायली आक्रमण' और अमेरिका समर्थित क्षेत्रीय दबावों से लेबनान के 'अस्तित्व को खतरे' की चेतावनी देते हुए कहा है कि उनका संगठन ज़रूरत पड़ने पर इज़रायल के सैन्य रूप से सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने ये टिप्पणी वर्ष 2024 में एक इज़रायली हमले में मारे गए हिजबुल्लाह के शहीद कमांडर अली अब्दुल मोनीम कराकी (अबू अल-फ़दल) की स्मृति में शुक्रवार को आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा के दौरान की। स्थानीय टीवी चैनल अल-मनार ने कासिम के हवाले से कहा कि हम रक्षात्मक टकराव के लिए तैयार हैं।

# अमेरिका जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 70% गिरी

## छात्रों से जुड़ी नीतियों की वजह से वीजा स्लाट्स में रुकावट और रिजेक्शन में बढ़ोतरी से स्थिति बनी

**नई दिल्ली।** अमेरिका में पढ़ाई के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में 70 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई है। ट्रम्प प्रशासन की अंतर्राष्ट्रीय छात्रों से जुड़ी नीतियों की वजह से वीजा स्लाट्स में रुकावट और वीजा रिजेक्शन में अचानक बढ़ोतरी से यह स्थिति बनी है। हैदराबाद ओवरसीज कंसल्टेंट के संजीव राय ने बताया-आमतौर पर इस समय तक छात्र अपने वीजा इंटरव्यू पूरे कर चुके होते हैं और अमेरिका जाने की तैयारी कर रहे होते हैं। इस साल हम रोज पोर्टल चेक कर रहे हैं कि कहीं स्लाट खुल जाएं, लेकिन यह कई सालों में सबसे खराब स्थिति है। अमेरिकी अधिकारियों ने वीजा स्लाट्स को अलग-अलग स्टेज में जारी करने का वादा किया था, लेकिन हालात अभी तक क्लियर नहीं हैं, जिससे छात्रों में साल बर्बाद होने का डर बढ़ गया है। वहीं, विंडो ओवरसीज एजुकेशन कंसल्टेंसी के अंकित जैन ने कहा कि स्लाट्स बुक करने के बावजूद कई छात्रों को कन्फर्मेशन नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा: ऐसा लगता है कि अमेरिका अपने सिस्टम की टेस्टिंग कर रहा है। इन सब दिक्कतों के चलते कई छात्र अब दूसरे देशों में पढ़ाई के विकल्प तलाश रहे हैं। 23 साल के एक छात्र ने कहा: मैं और इंतजार नहीं कर सकता। मुझे एक साल बर्बाद होने का डर है। अमेरिका का रास्ता बंद लग रहा है। आई20 फीवर कंसल्टेंसी के अरविंद मांडुवा ने चेतावनी दी कि अगर अगले कुछ दिनों में स्लाट्स नहीं खुले, तो हजारों छात्रों के सपने टूट जाएंगे। हमें हर दिन छात्रों और उनके माता-पिता के फोन आ रहे हैं। इसके अलावा, मार्च में आवेदन करने वाले छात्र, जिन्हें इंटरव्यू स्लाट्स मिल चुके थे, अब हाई रिजेक्शन का सामना कर रहे हैं। ओवरसीज एजुकेशन कंसल्टेंसी के अंकित जैन के मुताबिक, कई छात्र, जिन्हें आमतौर पर आसानी से वीजा मिल जाता था, अब रिजेक्ट हो रहे हैं। उनके सोशल मीडिया प्रोफाइल भी क्लियर हैं। रिजेक्शन का ज्यादातर कारण सेक्शन 214बी बताया जा रहा है। सेक्शन 214(बी) अमेरिकी इमिग्रेशन कानून का एक प्रावधान है, जो तब लागू होता है जब आवेदक यह साबित नहीं कर पाता कि वह पढ़ाई के बाद अपने देश वापस लौटेगा।



# रूसी हस्तक्षेप की गलत जानकारी ओबामा के अधिकारियों ने फैलाई: गबार्ड

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने शनिवार को एक रिपोर्ट जारी कर आरोप लगाया कि ओबामा प्रशासन के अधिकारियों ने 2016 के चुनाव में रूसी हस्तक्षेप से संबंधित खुफिया जानकारी फैलाई थी।

गबार्ड ने एक बयान में दावा किया कि पूर्व अधिकारी एक देशद्रोही षड्यंत्र में शामिल थे। उन्होंने कहा कि उनका कार्यालय संभावित आपराधिक संदर्भों के लिए अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) को सबूत सौंप रहा है। अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) के कार्यालय ने शुक्रवार को खुलासा किया कि ओबामा प्रशासन ने 2016 चुनाव में रूस के तथाकथित हस्तक्षेप के मामले को तैयार किया जबकि खुफिया रिपोर्टें लगातार इसके विपरीत संकेत दे रही थीं। कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि गबार्ड ने ठोस सबूत का खुलासा किया है जो दर्शाता है कि कैसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ 2016 का चुनाव जीतने के बाद, तत्कालीन राष्ट्रपति ओबामा और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनेट के सदस्यों ने खुफिया जानकारी का निर्माण और राजनीतिकरण किया। डीएनआई ने पाया कि छह जनवरी, 2017 को जारी रूस के चुनाव हस्तक्षेप पर खुफिया समुदाय (आईसी) का आकलन, आईसी द्वारा पिछले छह महीनों में किए गए आकलनों के विपरीत था जिसमें चुनाव से पहले किए गए आकलन भी शामिल थे।

बयान में यह भी संकेत दिया गया कि ओबामा प्रशासन ने नौ दिसम्बर, 2016 को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक के बाद रूस के हस्तक्षेप की बात को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया कि बैठक के बाद ओबामा के अधिकारियों ने वाशिंगटन पोस्ट सहित मीडिया संस्थानों मेंभ्रामक बयान लीक किया जिसमें कहा गया था कि रूस ने साइबर माध्यमों से चुनाव परिणाम में हस्तक्षेप करने का प्रयास किया भले ही वह सक्रिय रूप से प्रभावित न कर सके।



# सोनम ने बागी-4 की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री सोनम बाजवा ने फिल्म बागी 4 की शूटिंग पूरी कर ली है। सोनम बाजवा ने टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्म बागी 4 की शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। सोनम बाजवा ने एक पोस्ट में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें क्लैपरबोर्ड के साथ पोज दे रही हैं। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट भी लिखी है और फिल्म के बारे में जानकारी दी है। सोनम बाजवा ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है और बस यूं ही बागी 4 की शूटिंग पूरी हो गई। यह मेरी दूसरी हिंदी फिल्म है। यह एक ऐसा सफर है जो जोश और विश्वास से बुना गया है। मेरे शानदार निर्देशक ए-हर्षा, हमारे दूरदर्शी निर्माता साजिद सर, मेरे अद्‌भुत सह-कलाकार टाइगर श्रॉफ और इस कहानी में अपना सब कुछ देने वाली दीप्ती जिंदल समेत हर व्यक्ति का आभार। इस अध्याय को आपके साथ साझा करने के लिए बेताब हूं। बागी फ्रैंचाइजी की चौथी किस्त का निर्देशन ए-हर्ष ने किया है। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ, सोनम बाजवा, संजय दत्त और हरनाज संधू अहम किरदार में हैं। बागी 4-5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## बेटे अरहान संग इटली में वेकेशन मना रहीं मलाइका

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा इन दिनों अपने बेटे अरहान के साथ इटली में छुट्टियां मना रही हैं। एक्ट्रेस ने अपनी वेकेशन की कई सारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वो काफी स्टाइलिश और यंग नजर आ रही हैं। मलाइका इटली के टस्कनी में बेटे अरहान के साथ कभी स्विमिंग तो कभी साइकलिंग करती नजर आ रही हैं। हालांकि मां-बेटे के साथ में बिताए गए क्वालिटी टाइम में कुछ लोगों को मलाइका के कपड़े पंसद नहीं आ रहे हैं।

# संगीता बिजलानी की बर्थडे पार्टी में पहुंचे सलमान खान

**मुंबई।** एक्टर सलमान खान अपनी एक्स गर्लफ्रेंड संगीता बिजलानी की जन्मदिन की पार्टी में पहुंचे। बांद्रा में हुई इस पार्टी में सलमान अपने सुरक्षा गाड्र्स के साथ पहुंचे। उन्होंने काली टी-शर्ट और डेनिम जींस पहनी थी। बता दें कि फोटोग्राफर्स के सामने पोज देते समय सलमान सीरियस दिखे। हालांकि, उनका मूड तब बदल गया जब उन्होंने एक छोटे से बच्चे को देखा। उन्होंने बच्चे स बातचीत की। वीडियो में देखा जा सकता है कि सलमान वेन्यू के गेट पर रुकते हैं। बच्चे को देखते ही उससे बात करते हैं। दोनों ने साथ में तस्वीर भी खिंचवाई। इसके बाद सलमान लिफ्ट की ओर बढ़ गए। संगीता बिजलानी और सलमान खान ने 1986 में एक दूसरे को डेट करना शुरू किया था। बता दें कि एक्टर अर्जुन बिजलानी भी इस जन्मदिन पार्टी में पहुंचे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर संगीता और सलमान के साथ एक तस्वीर शेयर कर लिखा हैप्पिएस्ट बर्थडे संगीता बिजलानी, बहुत प्यारी इंसान। मुझे लगता है बिजलानी खास होते हैं, सलमान खान के साथ दिन और अच्छा हो गया। बहुत सारा प्यार भाई। पत्नी तुम हमेशा की तरह शानदार दिख रही हो। वहीं पार्टी से बाहर निकलते समय फैंस ने उन्हें घेर लिया। एक फैन ने उनके कंधे पर हाथ रख सेल्फी लेनी चाही। सुरक्षा ने उसे रोका और सलमान तेजी से गाड़ी में बैठकर निकल गए। बता दें कि सलमान और संगीता ने कई साल रिश्ते में थे। दोनों की मुलाकात एक टीवी एड के सेट पर हुई थी। दोनों दस साल तक साथ रहे। यह सलमान के सबसे लंबे रिश्तों में से एक माना जाता है। दोनों शादी करने वाले थे।

प्रवेश सूचना- पैरामैड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104



## सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड के फार्महाउस में चोरी

**मुंबई।** एक्ट्रेस संगीता बिजलानी के पावना डैम स्थित फार्महाउस में 18 जुलाई को अज्ञात लोगों ने चोरी की है। चोरों ने सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए, फार्महाउस के अंदर तोड़फोड़ की और कई कीमती चीजें लेकर फरार हो गए। एक रिपोर्ट के अनुसार, लोनावाला ग्रामीण पुलिस का कहना है कि यह घटना एक सोची-समझी साजिश लगती है।

# किंग के सेट पर चोटिल हुए शाहरुख खान

**मुंबई।** शाहरुख खान अपनी फिल्म किंग की शूटिंग के दौरान चोटिल हो गए। उन्हें चोट तब लगी, जब वह मुंबई के गोल्डन टोबैको स्टूडियो में एक एक्शन सीन शूट कर रहे थे।

शाहरुख को चोट कब लगी और कहां लगी, इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है, लेकिन वह अपनी टीम के साथ इलाज के लिए अमेरिका गए हैं। यह भी बताया गया कि मांसपेशियों में चोट के कारण उनकी सर्जरी हुई है और डाक्टर्स ने उन्हें एक महीने आराम करने के लिए कहा है। यह भी बताया कि किंग की शूटिंग अब सितम्बर या अक्टूबर में तब शुरू होगी, जब शाहरुख पूरी तरह ठीक हो जाएंगे।

जुलाई से अगस्त के बीच फिल्म के लिए फिल्म सिटी, गोल्डन टोबैको और YRF स्टूडियो में जो शूटिंग शेड्यूल तय किया गया था, वह कैंसिल कर दिया गया है। किंग की शूटिंग भारत और यूरोप में होगी। फिलहाल, नई शूटिंग डेट्स का इंतजार किया जा रहा है।

दुबई IMMEDIATE DEPARTURE दुबई
INTERVIEW 19, 21 & 22 JULY AT CHANDIGARH OFFICE
कंस्ट्रक्शन हैल्पर 200 Nos ONLY 25000/- SERVICE CHARGES
दुबई की WADE ADAM कंपनी को निम्नलिखित CATEGORIES तुरंत चाहीए
OPERATORS: JCB, BOBCAT, ROLLER, BACKHOE, EXCAVATOR, MOBILE CRANE, WHEEL LOADER, GRADER BUS DRIVER, LIGHT DUTY DRIVER, HYDRAULIC MECHANIC, PLANT ELECTRICIAN, HEAVY DUTY MECHANIC, RIGGER
नोट ड्राईवरों व ऑपरेटरों के पास UAE Valid/Expire लाईसेंस होना चाहिऐ
Email: chdjobs@ambecs.com Lic No. B-0254/MUM/COM/1000+/5/7295/2005
AMBE CONSULTANCY SERVICES PVT. LTD. 73558-48978
CHANDIGARH:- SCO 15, Sector 20-D. 86578-56477

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है।
इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं।
इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं।
यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- आंखे पथराना
- मुट्ठियां कसना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- मुंह से झाग निकलना
- अचानक झटका-सा लगना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- घें-घें-औं-औं की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S.(U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S.(U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पुर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पुर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो. : 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Parikrama Marg, Muzaffarnagar
Approvals Affiliations
www.srgcmzn.com src_mzn@rediffmail.com
UNIVERSITY GRANT COMMISSION A++ NAAC UGC
Shri Ram Group of Colleges (IC)
BTech (CE, ME, EE, CSE, CSE (AI&ML), ECE)
Polytechnic (CE, ME, EE)
MBA | MCA | BArch | DPharm
Shri Ram College of Pharmacy
BPharm | DPharm
Shri Ram College of Law
BALLB | BComLLB | LLB
Shri Ram Polytechnic
Polytechnic
(CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)
For Admission Scan QR code or Register on www.srgcmzn.com by clicking the link Apply for Registration: 2025-26
Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)
Shri Ram College
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh
BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc-Agronomy
MSc- Agri Chemistry & Soil Sc | BSc-Phy, Chem, Maths, Zoology, Botany
MSc- Maths, Chem, Zoology, Botany | BSc- Biotech | MSc- Biotech
BSc- Microbio | MSc- Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics
MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing & Textile | BAJMC | MAJMC
BPES | BPEd | BEd | MEd | BScBEd | BComBEd | BABEd (under ITEP)
Apprenticeship Embedded Degree Programs (AEDP)- BCom- Banking, Financial Services & Insurance, BSc- Tourism & Hospitality Mgmt
Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism, Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration
Advance Diploma * Software & Web Development
For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.
For Admission Scan QR code or Register on www.srcmzn.com by clicking the link Apply for Registration: 2025-26
Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at Maa Shakumbhari University, Saharanpur Admission Portal
Scholarship more than ₹ 10 Crores Available
For Further Information Please Contact @
Engg: 9927074735, 9927079966; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agriculture: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Physical Edu: 7817861855; Journalism: 9927668855; Home Science & AEDP: 8800538281

## एसएस राजामौली ने जेनेलिया डिसूजा की तारीफ की

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने फिल्मकार एसएस राजामौली ने अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा की तारीफ की है। जेनेलिया डिसूजा की तेलुगु फिल्म जूनियर का हाल ही में प्री इवेंट हुआ। इस इवेंट में राजामौली ने जेनेलिया की तारीफ की। इस इवेंट मे एसएस राजामौली ने कहा, 'जेनेलिया, तुमने तो समय को रोक दिया है। कितने साल बीत गए, फिर भी तुम बिल्कुल वैसी ही दिखती हैं। वही खूबसूरती, वही शालीनता। मैंने सिनेमैटोग्राफर सेंथिल से भी पूछा कि क्या हमें इसमें नई जेने. लिया देखने को मिलेगी, और उन्होंने भरोसा दिलाया।

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
Betamethasone, Clindamycin & Nicotinamide Cream ROOP RAKSHAK Advance Glowing & Acne Cream 15 g
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
HYDROQUINONE, TRETINOIN & MOMETASONE FUROATE CREAM ROOP RAKSHAK Advance Glowing Cream 15gm
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट